दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 9 | खेल/मनोरंजन/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, मंगलवार 4 जुलाई 2023, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत-2080 वर्ष-9 अंक- 95 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

सेंसेक्स पहली बार 65 हजार के पार

मुंबई (वार्ता)। वैश्विक बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई दमदार लिवाली की बदौलत सोमवार को शेयर बाजार एक बार फिर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 486.49 अंक अर्थात 0.75 प्रतिशत की छलांग लगाकर पहली बार 65 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 65,205.05 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 133.50 अंक यानी 0.7 प्रतिशत उछलकर 19,322.55 अंक के नए शिखर पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.30 प्रतिशत की तेजी लेकर 28,861.47 अंक और स्मॉलकैप 0.56 प्रतिशत चढ़कर 32,786.31 अंक पर रहा।

दिल्ली सरकार को सुको से फटकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह रीजनल रैपिड ट्रांसिट सिस्टम प्रोजेक्ट के लिए फंड देने में सक्षम नहीं है। इस जवाब से असंतुष्ट सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा कि हमें 2 हफ्ते की भीतर बताइए कि आपने पिछले 3 साल में विज्ञापनों पर कितना खर्च किया है। दिल्ली सरकार ने कहा कि उनके पास फंड की कमी है और ऐसे में वो आरआरटीएस प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन के लिए पैसे नहीं दे सकते हैं। जस्टिस एसके कौल और जस्टिस सुधांशु धुलिया की बेंच ने दिल्ली सरकार से कहा कि 2 हफ्ते में एक एफिडेविट फाइल करिए। इसमें पिछले 3 फाइनेंशियल ईयर के दौरान ऐडवर्टाइजमेंट पर किए गए खर्च की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राजनीतिक दलों के लिए पोर्टल लांच

नई दिल्ली (वार्ता)। निर्वाचन आयोग ने चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता बढाने के उद्देश्य से सोमवार को एक पोर्टल शुरू किया जिस पर राजनीतिक दल अपना वित्तीय ब्योरा ऑनलाइन जमा करा सकेंगे। आयोग ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि उसने सभी राजनीतिक दलों को पत्र लिखकर कहा है कि अब वे अपने लेन-देन तथा वित्तीय ब्योरा आयोग के पोर्टल पर ऑनलाइन जमा करा सकते हैं। आयोग ने कहा है कि राजनीतिक दल इस पोर्टल पर उन्हें मिले चंदे , खर्च और वार्षिक लेखा जोखा रिपोर्ट भी दायर कर सकेंगे। उसने कहा है कि इस पोर्टल से राजनीतिक दलों की कार्यालय में जाकर वित्तीय ब्योरा जमा कराने संबंधी दिक्कतें कम होंगी तथा इस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सुको ने मांगी हिंसा की रिपोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। मणिपुर में 3 मई से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा जारी है। रविवार सुबह बिष्णुपुर-चुराचांदपुर सीमा पर दोनों समुदाय के लोग भिड़ गए। इसमें तीन लोगों की गोली लगने से जान चली गई। एक अन्य का सिर काट दिया गया। सीएम एन बीरेन सिंह ने कुंबी में आने वाले इस इलाके का दौरा किया। उन्होंने स्थानीय लोगों को सुरक्षा देने का वादा किया। इधर, सोमवार को ही कुकी समुदाय की ओर से आर्मी प्रोटेक्शन की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने मणिपुर सरकार से राज्य में जातीय हिंसा को रोकने के लिए उठाए गए कदमों को लेकर एक हफ्ते के अंदर स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। मामले पर अगली सुनवाई 10 जुलाई को होगी।

आज बेबाक

घड़ी वाले बाबा चले थे राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष को एकजुट करने लेकिन अपना ही घर टूटने से नहीं बचा पाए। भतीजे ने चाचा को जोर का झटका जोर से दे दिया। अजित पवार बगावत कर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री बन गए। उनके 9 साथी विधायक भी मंत्री बना दिए गए। अब वे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और उसके चुनाव चिन्ह पर भी दावा ठोकने जा रहे है। यदि वे इसमें सफल हो गए तो अजित पवार दूसरे एकनाथ शिंदे बन जाएंगे और शरद पवार दूसरे उद्धव ठाकरे बन कर रह जाएंगे। एक बाप बेटे की और दूसरी बाप बेटी की पार्टी बन कर रह जाएगी।

//-- सुविचार --//

मेरी काबिलियत हर मुश्किल पर भारी है क्योंकि जी तोड़ मेहनत मेरी वफ़ादारी है ..!!

जनसंख्या

विश्व : 8,042,195,880

भारत : 1,421,680,990

बाजार

सेंसेक्स : 65,205.05

निफ्टी : 19,322.55

गोल्ड : 54,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 75,500 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 5.15 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	36.1	26.9
बिलासपुर	36.6	27.9
जगदलपुर	36.6	25.6
अंबिकापुर	32.7	25.8

आज का दिवस

संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएस) आज अपने स्वतंत्रता दिवस की 245वीं वर्षगांठ मना रहा है. साल 1776 में ब्रिटेन से स्वतंत्रा के बाद से अमेरिका में हर साल 4 जुलाई को स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है.

महाराष्ट्र में 'महाड्रामा'!

चाचा ने पटेल व तटकरे को निकाला, भतीजे ने तटकरे को अध्यक्ष बनाया

मुंबई (एजेंसी)। एनसीसी अध्यक्ष शरद पवार ने सांसद प्रफुल पटेल और सुनील तटकरे को पार्टी से बाहर कर दिया है। इस ऐलान के तुरंत बाद वहीं, अजित पवार भी एनसीपी की नई टीम बना दी। उन्होंने सांसद सुनील तटकरे को महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। वहीं शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने अजित पवार के साथ गए सभी विधायकों को अयोग्य घोषित करने का प्रस्ताव पास किया। अजित पवार के शपथ समारोह में भाग लेने गए तीन नेताओं को पार्टी से निष्कासित कर दिया। इन तीन नेताओं में पार्टी के क्षेत्रीय महासचिव शिवाजी राव गर्जे, अकोला शहर जिलाध्यक्ष विजय देशमुख और मुंबई डिवीजन के कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र राणे शामिल हैं। एनसीपी में बगावत के बीच शरद पवार सोमवार को गुरु पूर्णिमा के दिन सातारा के कराड में अपने गुरु पूर्व सीएम यशवंत राव चाव्हाण की समाधि पर पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। वहीं सातारा में हुई रैली में शरद पवार ने कहा- भाजपा देशभर में चुनी हुई सरकारों को गिरा रही है। महाराष्ट्र में भी ऐसा ही हुआ है। महाराष्ट्र की जनता को एकजुट होकर अपनी ताकत दिखानी होगी। महाराष्ट्र में जातिवाद की राजनीति नहीं चलेगी। हमारे कुछ लोग भाजपा का शिकार हो गए। बड़ों के आशीर्वाद के साथ हम नई शुरुआत करेंगे। हमने 5 जुलाई को पार्टी के सभी नेताओं की मीटिंग बुलाई है। मीटिंग में सभी नेता एफिडेविट के साथ आएं। वहां (अजित पवार) खेमे से कई लोगों ने मुझे फोन किया और कहा कि उनकी विचारधारा एनसीपी से अलग नहीं है और वे अगले कुछ दिनों में अंतिम फैसला लेंगे। राज्य में हमारा संगठन मजबूत है। अजित का फैसला उनका निजी है। उनकी बातों का कोई महत्व नहीं है। हम लोग संघर्ष करेंगे। फिर से पार्टी को खड़ा करेंगे। लोगों का समर्थन हम लोगों के साथ है। जनता का प्यार बना रहा तो पूरी तस्वीर बदल देंगे। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

स्पीकर व आयोग को एनसीपी ने लिखा पत्र

अजित पवार और 8 अन्य विधायकों के बगावत के बाद एनसीपी ने सभी बागियों को डिस्क्वालिफाई करने के लिए विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर और चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि पार्टी की कमान शरद पवार के पास है। शरद ने 1999 में पार्टी की स्थापना की थी। अजित की पार्टी पर दावे से जुड़ी कोई भी अपील पर कार्रवाई करने से पहले उनके पक्ष को भी सुनें। इस बीच पार्टी ने जितेंद्र आव्हाड को विधानसभा में विपक्ष का नेता और मुख्य सचेतक नियुक्त किया है। इससे पहले अजित पवार के पास ये जिम्मेदारी थी।

जेडीयू में मचेगी भगदड़, बिहार में महाराष्ट्र जैसे हालात : बीजेपी

पटना (एजेंसी)। महाराष्ट्र में राजनीतिक उठापटक के बाद बिहार में सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। सुशील कुमार मोदी का कहना है कि शरद पवार की पार्टी एनसीपी में विद्रोह विपक्षी एकता की पटना बैठक का परिणाम है। जल्द ही जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) में भी भगदड़ मचने वाली है। राजनीतिक उठा-पटक के दावे के पीछे सुशील मोदी ने तर्क भी दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार में भी बगावत की स्थिति बन रही है क्योंकि नीतीश कुमार ने पिछले 17 सालों में कभी भी विधायकों और सांसदों को मिलने का समय नहीं दिया। लोगों को सालभर इंतजार करना पड़ता था। अब वो हर विधायक और सांसद को 30 मिनट दे रहे हैं। जब से नीतीश कुमार ने राहुल गांधी को अगली लड़ाई के लिए नेता स्वीकार कर लिया और तेजस्वी यादव को अपना उत्तराधिकारी बना दिया, तभी से जनता दल यूनाइटेड में विद्रोह की स्थिति है। लोजपा (रामविलास) सुप्रीमो चिराग पासवान ने तो यहां तक कह दिया कि कई विधायक और सांसद उनके संपर्क में हैं। इधर, केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने दावा किया कि बिहार में एक-दो दिन में बड़ा राजनीतिक भूचाल आएगा और महाराष्ट्र का किस्सा दोहराया जाएगा। इधर, जदयू छोड़ अपनी नई पार्टी बनाने वाले उपेंद्र कुशवाहा ने भी दावा किया है कि जदयू में बड़ी फूट पड़ने वाली है।

भाजपा में गए सब धुलकर चकाचक हो गए : सीएम

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र की सियासी उठापटक को लेकर भूपेश बघेल ने कहा कि सेंट्रल एजेंसी के माध्यम से पहले शिवसेना को तोड़ा गया। शिवसेना में आधा दर्जन से ज्यादा नेता थे। जिनके खिलाफ सेंट्रल एजेंसी जांच कर रही थी। सारे लोग गए अब उनकी जांच बंद हो गई। कुछ दिन पहले ही एनसीपी के नेता के यहां छापा पड़ा था। अब वे जैसे ही एनसीपी छोड़कर आए मंत्रिमंडल में उन्हें स्थान मिल गया। शपथ लेते ही उनका भी पाप धुल गया। ऐसी लंबी लिस्ट है। बंगाल, असम, महाराष्ट्र ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा का संगठन खत्म

पीएम मोदी के दौरे से पहले अमित शाह 2 दिन तक छत्तीसगढ़ में रहेंगे, इसको लेकर भूपेश बघेल ने कहा कि, वह संगठन के काम से आ रहे हैं या सरकारी दौरा है। इसका प्रोटोकोल नहीं आया है। मीडिया के माध्यम से पता चला है कि यह संगठन के लिए है और अमित शाह 2 दिन दे रहे हैं। इसका मतलब है छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी का संगठन खत्म है। तभी वे 2 दिन की बैठक कर रहे हैं।

500 रुपए में अभी नहीं मिलेगा सिलेंडर

राजस्थान की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा चुनाव से पहले 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की चर्चा थी, लेकिन इन अटकलों पर सोमवार को सीएम भूपेश बघेल ने विराम लगा दिया। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि राजस्थान में कांग्रेस ने 500 रुपए में सिलेंडर दिया है और अब यहां कुछ तो घोषणा के लिए रखना पड़ेगा। अगर सभी काम अभी किए जाएंगे तो घोषणा के लिए क्या बचेगा। उन्होंने कहा, जब हमारी घोषणा पत्र समिति बनेगी, तब उसमें सभी बातें होंगी, और फिर तय होगा कि क्या करना है। हालांकि इससे पहले राज्यसभा सांसद रंजीत रंजन ने भी प्रदेश में 500 रुपए में सिलेंडर देने की बात कही थी।

लालू, तेजस्वी और राबड़ी के खिलाफ चार्जशीट पेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत में नौकरी के बदले जमीन संबंधित कथित घोटाले में आरोप पत्र दाखिल किया। चार्जशीट में बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी देवी सहित कई फर्मों व अन्य लोगों के नाम आरोपी के रूप में शामिल हैं। सीबीआई ने अपने विशेष लोक अभियोजक एडवोकेट डीपी सिंह के माध्यम से अदालत को सूचित किया गया है कि मामले में एक नया आरोप पत्र दायर किया गया है। सीबीआई के अनुसार एक आरोप पत्र पहले ही दायर किया जा चुका है क्योंकि कथित कृत्य एक अलग तरीके से किया गया है। अदालत को यह भी सूचित किया गया कि लालू और तीन अन्य के खिलाफ धाराओं पर मंजूरी का इंतजार है। यह कथित घोटाला उस समय हुआ जब लालू प्रसाद कांग्रेस नीत केंद्र की यूपीए-1 सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि 2004-09 की अवधि के दौरान भारतीय रेलवे के विभिन्न क्षेत्रों में समूह 'डी' पदों पर विभिन्न व्यक्तियों को नियुक्त किया गया था और इसके बदले में संबंधित व्यक्तियों ने तत्कालीन रेल मंत्री प्रसाद के परिवार के सदस्यों को और इस मामले में लाभार्थी कंपनी 'एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड' को अपनी जमीन हस्तांतरित की थी।

बंगाल में पंचायत चुनाव से पहले हिंसा

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव से पहले हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान कई इलाकों में गोलीबारी और विस्फोट में 3 लोगों की जान चली गई। 24 परगना में टीएमसी कैंडिडेट के पिता की हत्या कर दी गई। मुर्शिदाबाद जिले में कांग्रेस कार्यकर्ता को गोली मारी गई। वहीं 24 परगना में ही क्रूड बम विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। पुरुलिया में भाजपा नेता का शव मिला है। पंचायत चुनाव के लिए नामांकन शुरू होने के बाद, यानी 9 जून के बाद अब तक हिंसक घटनाओं में 10 लोग मारे गए हैं।

फिलिस्तीन में एयरस्ट्राइक

तेल अवीव (एजेंसी)। इजराइल और फिलिस्तीन के बीच कई दिनों से जारी तनाव सोमवार को खतरनाक हो गया। इजराइली एयरफोर्स ने फिलिस्तीन के कब्जे वाले वेस्ट बैंक इलाके के जेनिन शहर पर एयरस्ट्राइक की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस एयरस्ट्राइक से 8 फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इस हमले के बाद इजराइली ग्राउंड फोर्स भी ऑपरेशन में शामिल हुई। इस दौरान 20 फिलिस्तीनियों को अरेस्ट किया गया। यह ऑपरेशन जारी है। इस बीच फिलिस्तीन के आतंकी संगठन ने इजराइल को तबाह करने की धमकी दी है। दूसरी तरफ, इजराइल ने कहा- जेनिन में मौजूद रिफ्यूजी कैम्प्स का इस्तेमाल आतंकियों को छिपाने और हथियार रखने के लिए हो रहा है।

इजराइल ने इनकी तस्वीरें भी जारी की हैं। फिलिस्तीन में मौजूद हमास के आतंकी कई दिनों से इजराइल पर हमले कर रहे थे। इस दौरान रॉकेट्स के साथ मोर्टार और गन का इस्तेमाल हुआ था। इसके बाद इजराइली एयरफोर्स ने सोमवार सुबह जेनिन पर एयरस्ट्राइक की। इजराइली एयरफोर्स के एक अफसर डेनियल हेगेरी ने कहा- नतीजे चाहे जो हों, हम ऑपरेशन बंद नहीं करेंगे। यहां मौजूद टेरर इन्फ्रास्ट्रक्चर को पूरी तरह खत्म किए जाने के बाद ही ऑपरेशन बंद होगा। इजराइल बहुत दिन से सब्र कर रहा था। रिफ्यूजी कैम्प्स पर कब्जे का मकसद नहीं है, लेकिन इनकी आड़ में जो कुछ हो रहा है, वो हमारे देश की सिक्योरिटी के लिहाज से बहुत बड़ा खतरा है।

17 व 18 जुलाई को विपक्षी एकता की बैठक

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार के खिलाफ विपक्षी दलों की अगली रणनीतिक बैठक 17 और 18 जुलाई को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में आयोजित की जाएगी। कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए सोमवार को ट्वीट किया की बिहार की राजधानी पटना में सभी विपक्षी दलों की जबरदस्त कामयाब बैठक के बाद अगली बैठक अब 17 तथा 18 जुलाई को बेंगलुरु में होगी। उन्होंने कहा, हम फांसीवादी और अलोकतांत्रिक ताकतों को हराने और देश को आगे ले जाने के लिए एक मजबूत दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के अपने अटल संकल्प पर कायम हैं।

गरमा-गरम

बैठक... **पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक, एनडीए के पुराने सहयोगियों को साधने की कोशिश**

मानसून सत्र के पहले मोदी मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय मंत्रिमंडल में फेरबदल की सुगबुगाहट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित कंवेन्शन सेंटर में कैबिनेट की मीटिंग हुई। प्रधानमंत्री के अलावा इसमें गृह मंत्री अमित शाह और कैबिनेट के अन्य मंत्री मौजूद रहे। सभी मंत्रियों से उनके काम का ब्योरा मांगा गया है। चर्चा है कि जिस मंत्री का परफॉर्मेंस खराब होगा, उसे कैबिनेट से हटाया जा सकता है। उनकी जगह नए लोगों को कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। चर्चा इस बात की भी है कि 2024 लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा छोड़ चुके पुराने सहयोगियों को एक बार फिर से एकजुट करने की कोशिश में है। ऐसे में बिहार और महाराष्ट्र से कुछ नेताओं को मोदी सरकार में मंत्री बनाया जा सकता है। बिहार से नीतीश कुमार और जेडीयू का साथ छोड़ चुके आरसीपी सिंह और उपेंद्र कुशवाहा का नाम चर्चा में है। दोनों पहले भी कैबिनेट में रह चुके हैं। इसके अलावा रामविलास पासवान के बेटे चिराग को भी मंत्री बनाने की चर्चा है। महाराष्ट्र में शिवसेना (शिंदे गुट) और एनसीपी (अजित पवार गुट) से भी कुछ चेहरों को मोदी कैबिनेट में जगह मिल सकती है। इसे अलावा पंजाब से एनडीए की पुरानी सहयोगी शिरोमणि अकाली दल और आंध्र प्रदेश से तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी) को भी एनडीए में लाने की कोशिश है।

मोदी कैबिनेट में दो साल से बड़ा बदलाव नहीं हुआ

पिछले करीब दो साल से मोदी कैबिनेट में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। हालांकि, मई 2023 में केंद्र सरकार ने कानून मंत्री किरेन रिजिजू को पद से हटा दिया था। अर्जुन राम मेघवाल को जिम्मेदारी दी गई। इससे पहले जुलाई 2021 में मोदी सरकार ने 12 मंत्रियों को हटा दिया था। उनकी जगह 17 नए मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। 29 जून को प्रधानमंत्री आवास पर भी एक बैठक हुई थी। इस बैठक में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और संगठन महामंत्री बीएल संतोष शामिल हुए थे। 4 घंटे से भी ज्यादा समय तक चली इस बैठक में कैबिनेट और संगठन में फेरबदल को लेकर चर्चा हुई थी।

पांच राज्यों में चुनाव, साधने की कोशिश

इस साल के अंत में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। वहीं 2024 में लोकसभा का भी चुनाव होगा। बीजेपी के लिए दोनों ही चुनाव अहम है, ऐसे में भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने अपने कुनबे को संभालने की कवायद शुरू कर दी है। कयास लगाए जा रहे हैं कि मानसून सत्र से पहले मोदी सरकार मंत्रिमंडल विस्तार कर सकती है। जिसमें अपने सहयोगी दलों के साथ ही पार्टी का फोकस उन राज्यों पर भी होगा जहां इसी साल विधानसभा चुनाव होना है। जिन राज्यों में इस साल के अंत में चुनाव होना है उनमें मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम शामिल हैं।

संपादकीय

महाराष्ट्र में सियासी भूचाल

महाराष्ट्र में एक बार फिर सियासी भूचाल आ गया है। इस बार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी टूट गई है। राकांपा सुप्रीमो शरद पवार के भतीजे अजित पवार ने बगावत कर दी और शरद पवार के निकस्थ सहयोगी राज्यसभा सदस्य प्रपुल पटेल सहित अनेक विधायकों को लेकर राकांपा के दो टूकड़े कर दिए अजित पवार ने अपने समर्थक 9 विधायकों को भी शिंदे मंत्री मंडल में स्थान दिला दिया है। अजित पवार का दावा है कि राकापा के 52 विधायकों में से 42 विधायक और कई सांसद उनके साथ है इसलिए अब वे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और पार्टी के चुनाव चिन्ह पर भी अपना दावा ठोकने जा रहे हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व ही उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना में भी इसी तरह फूट पड़ी थी और एकनाथ शिंदे बहुत से विधायकों को लेकर अलग हो गए थे और फिर उन्होंने न सिर्फ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की कमान संभाली थी बल्कि शिवसेना पार्टी और उसके चुनाव पर भी कब्जा कर लिया। यहीं कहानी महाराष्ट्र में फिर एक बार दोहराई जा रही है। अजित पवार उपमुख्यमंत्री बन गए है और अधिकांश विधायकों के समर्थन का दावा करते हुए अब वे भी एनसीपी और उसके चुनाव चिन्ह पर कब्जा करने की कवायद कर रहे है। बहरहाल यह तो वक्त ही बताएगा। कि अजीत पवार के साथ कितने विधायक और सांसद है और वे भी एकनाथ शिंदे की तरह अपनी पार्टी पर अपना कब्जा सकते है। या नहीं लेकिन यह तो तय हो गया है कि अब महाराष्ट्र की राजनीति में शरद पवार का पावर कम हो गया है। हालांकि शरद पवार अभी भी यह दावा कर रहे हैं कि कुछ लोगों के पार्टी छोड़ने के बावजूद पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता उनके साथ है और वे एक बार फिर अपनी पार्टी को नए सिरे से खड़ा करने में सफल हों जाऐंगे। इसके लिए सतारा में शक्ति प्रदर्शन भी किया है। शरद पवार वैसे भी अनुभवि नेता है और इस तरह की स्थिति का वे पहले भी कई बार सामना कर चुके है। लेकिन इस बार उनके भतीजे अजीत पवार ने उन्हें तगड़ा झटका दिया है। दरअसल अजित पवार उसी दिन से शरद पवार से नाराज चल रहे थे जब उन्होंने पार्टी के अध्यक्ष पद से पहले तो इस्थीफा दिया और फिर इस्तीफा वापस लेकर अपनी बेटी सुप्रीया सुले और प्रपुल पटेल को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया था। अजीत पवार को उन्होंने कोई जिम्मेदारी नहीं दी थी। उसी समय से अजित पवार भाजपा नेताओं के संपर्क में आ गए और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारिफ में कई बयान दिए। इसके बावजूद शरद पवार यह नहीं समझ पाए कि उनके भतीजे अजित पवार पाला बदलने के लिए पर तौल रहे है। बहरहाल अभी शरद पवार और अजित पवार गुट के बीच पार्टी पर कब्जे को लेकर लंबी लड़ाई चलने की संभावना है। अभी दोनों गुट शक्ति प्रदर्शन कर रहे है। इसके बाद विधानसभा में यह स्पष्ट हो पाएगा कि किस गुट के पास कितने विधायक है। यदि अजित पवार अपने साथ विधायकों का बहुमत फ्लोर टेस्ट में साबित कर पाए तो पार्टी पर उनका कब्जा होना तय है। हालांकि शरद पवार गुट इस मामले को न्यायालय में भी ले जाएगा। वहां से क्या निर्णय होता है। यह देखना होगा। फिलहाल राकांपा में हुई इस टूट से महाराष्ट्र की सियासत में बवाल उठ खड़ा हुआ है और यही नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में इसका प्रभाव पड़ सकता है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता की मुहिम को इससे झटका लग सकता है।

समान नागरिक अधिकारों के हक में

प्रो. हरबंश दीक्षित

> जब वैवाहिक साथी से छुटकारा पाना हो तो कुछ समय के लिए अपना धर्म बदलकर दूसरी शादी कर ली, क्योंकि दूसरे धर्म से जुड़े कानून में उसे मान्यता दी गयी है। उसके बाद अपनी मर्जी से तलाक देकर उस महिला से छुटकारा पा लिया क्योंकि उस धर्म का कानून इसकी इजाजत देता है। सुप्रीम कोर्ट और दूसरे विद्वानों ने इसी कमी की ओर बार-बार इशारा किया, लेकिन हमारे राजनैतिक नेतृत्व के ऊपर इसका कोई असर नहीं पड़ा। अब तक ढाक के वही तीन पात रहे, क्योंकि वे शाहबानो प्रकरण से अभी भी सहमे हुए थे। मारकण्डेय काटजू ने अपने बयान में समान नागरिक कानून की वकालत करके संविधान के अनुच्छेद 44 और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की परम्परा को आगे बढ़ाने का काम किया है। इसके पहले अन्य विद्वानों ने भी इसकी वकालत की है। न्यायामूर्ति मुहम्मद करीम छागला ने मोती लाल नेहरू व्याख्यान मामले में, प्रोफेसर ताहिर महमूद ने अपनी पुस्तक मुस्लिम पर्सनल ला (1977) में तथा न्यायमूर्ति एम.यू. बेग ने "इम्पेक्ट आफसेक्यूलरिज्म (1973) में भी संविधान के अनुच्छेद 44 को अमली जामा पहनाने का आवाहन किया, किन्तु शाहबानो प्रकरण के दुःस्वप्न से अभी भी कोई उबरने को तैयार नहीं है। समाज के व्यापक हितों के मद्देनजर समाज के पंथनिरपेक्ष हितचिन्तकों को आगे बढ़कर इस दिशा में पहल करने जरूरत है, ताकि हम एक प्रगतिशील समाज के रूप में एकजुट हो सकें।

संविधान का अनुच्छेद 44 सबसे अधिक दुष्प्रचारित हिस्सों में से एक है । इस उपबन्ध के साथ बहुत अन्याय हुआ है। इसमें देश के सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून बनाने की बात कही गयी है। सरकार से अपेक्षा की गयी है कि वह पन्थ, क्षेत्र, भाषा कि दूसरे इस तरह का बंटवारा करने वाले आधारो की परवाह किए बगैर सभी के लिए एक जैसा कानून बनाए। ऐसी व्यवस्था बनाए जो मानवीय गरिमा का सम्मान करता हो, उसे सुरक्षा बोध दे और सभ्य समाज के मानकों पर खरा उतरे। दुर्भाग्यवश अनुच्छेद 44 की इस पवित्र मंशा को आगे बढ़ाने के बजाए उसको हमने अपनी फित्तरत के मुताबिक एक हौव्वा खड़ा कर दिया। उस पर तार्किक बहस करने के बजाए उसे साम्प्रदायिक रूप देकर अछूत बना दिया। सुप्रीम कोर्ट का आग्रह बेकार गया। अदालत के निर्देशों की हेठी की गयी। यह दस्तूर आज भी कायम है। इस मामले में तो हम लोकशाही की महान परम्पराओं से भी मुंह चुराने लगते हैं। इस विषय पर स्वस्थ बहस करने के बजाए इसके प्रस्तावकों की लानत सलामत करने लगते हैं और उसे तब तक जारी रखते हैं जब तक कि सामने वाला थक हार कर बैठ न जाए।

वैसे तो हमारे देश में अधिकतर मामलों में एक जैसा कानून लागू होता है। जमीन की खरीद फरोख्त, किराएदारी और दीगर दीवानी मामलों में आजादी के पहले से ही एक जैसा कानून लागू होता है, लेकिन विवाह, उत्तराधिकार, वसीयत दत्तक ग्रहण जैसे मामलों में आजादी के पहले से ही अलग-अलग सम्प्रदायों के लिए अलग कानून रहे हैं। संविधान निर्माताओं ने महसूस किया कि विवाह और भरण पोषण से जुड़े मामलों का सम्बन्ध किसी पूजा पद्धति से नहीं है, बल्कि इसका सम्बंध इन्सानियत से है। निस्संतान व्यक्ति यदि किसी बच्चे को गोद लेकर अपनी वंश परंपरा को आगे बढ़ाना चाहता है या उससे उसको सुरक्षा बोध का अहसास होता है, तो उससे किसी पूजा पद्धति की अवमानना कैसे हो सकती है। यदि किसी कानून से किसी महिला को सामाजिक सुरक्षा मिलती है या पति से अलग होने या पति के नाराज होने के बाद उसे दर-बदर भटकने के बजाए यदि गुजारे-भत्ते की व्यवस्था की जाती है तो इसमे उसका धर्म कहां से आड़े आता है। महिला-पुरूष के वैवाहिक सम्बन्धों में यदि समानता सुनिश्चित की जाती है तो इससे किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मिन्दगी नहीं, अपितु गर्व होना चाहिए। आजादी के बाद इस दिशा में सकारात्मक पहल की गयी। समानता के सिद्धान्त को ध्यान में रखते हुए पारम्परिक हिन्दू विधि में व्यापक परिवर्तन किए गए। पहले, पुरूष एक से अधिक शादियां कर सकता था, वहीं हिन्दू विवाह अधिनियम के जरिए उस पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया। पति-पत्नी को विवाह विच्छेद करके सम्मान पूर्वक एक दूसरे से अलग रहने का अधिकार दिया गया। महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा के मद्देनज़र उन्हें भरण-पोषण का अधिकार दिया गया पिता की सम्पत्ति में बेटियों को भी अधिकार देने के परम्परा की शुरूआत हुई। सन्तान को गोद लेने के मामलों में भी पति के एकाधिकार को तोड़ते हुए महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की कोशिश की गई। इनका सकारात्मक पहलू यह रहा कि हिन्दू कानून में किए जाने वाले सुधार दूसरे सम्प्रदायों में पहले से ही थे। मसलन, मुस्लिम कानून में बेटियों का उत्तराधिकार पहले से ही था। ईसाई कानून में पहले भी पुरूष को एक ही पत्नी रखने का अधिकार था। हिन्दू कानून में किए गए सुधारों में पारम्पारिक विधि की जगह मानवाधिकारों और समानता के सिद्धान्तों की तरजीह दी गयी, लेकिन वोट बैंक खिसकने की स्वार्थी सोच के कारण दूसरी जगहों पर ऐसा नहीं हो सका और उन्हें बेहतर होने के मौके से लगातार वंचित रखा गया। संविधान का अनुच्छेद 44 और अदालतों के कई निर्देश भी इस सोच पर बेअसर रहे।

आधुनिक सोच का लाभ केवल हिन्दुओं तक ही सीमित न रहे और वह दूसरे मतावलम्बियों को भी हासिल हो इसके लिए अदालतें लगातार कोशिश करती रही हैं। मौहम्मद अहमद खान बनाम शाहबानो (1985) केस में सुप्रीम कोर्ट ने इस पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यन्त खेद का विषय है कि संविधान के अनुच्छेद 44 में तय की गई राज्य की जिम्मेदारी अब निर्जीव शब्द समूह का संग्रह मात्र बन कर रह गई है। सरकारी उपेक्षा को ध्यान में रखते हुए अदालत ने कहा कि मुस्लिम समाज को इस मामले में पहल करने की जरूरत है, ताकि प्रगति की दौड़ में वे दूसरों से पीछे न रहें। हैरानी की बात यह है कि शाहबानो के जिस मुदकमे में सुप्रीम कोर्ट ने लोगों से इस दिशा में आगे बढ़ने की पहल का आवाहन किया, उसके दुष्प्रचार ने समान नागरिक कानून की पहल को सबसे मर्मांतक चोट पहुंचाई। शाहबानो प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला के गुजर-बसर के लिए कुछ धनराशि तय की। दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 का क्रियान्वयन करते हुए इसे अन्जाम दिया गया और लोगों को आगे बढ़कर इस मुहिम को मूर्तरूप देने का आवाहन किया गया। परिणाम इसका ठीक उल्टा हुआ। इसे मुसलमानों के धार्मिक मामलों में दखलंदाजी के रूप में प्रचारित किया गया। निहित हितों के संरक्षण हेतु कुछ लोगों ने इसे पूरे कौम की अस्मिता पर खतरा करार कर दिया। राजीव गांधी की प्रचण्ड बहुमत वाली सरकार भी उस वाग्जाल की आंधी का सामना नहीं कर सकी। उन्होंने मोहम्मद आरिफ खान जैसे प्रखर वक्ता को इसका उत्तर देने के लिए आगे किया, किन्तु सब बेकार रहा। सरकार को झुकना पड़ा। कानून बनाकर मुस्लिम महिलाओं को गुजारे भत्ते के अधिकार से वंचित करना पड़ा। आरिफखान जैसे व्यक्ति के राजनैतिक कैरियर को ग्रहण लग गया।

संविधान की पराजय हुई और मानवता तथा समानता के उन सिद्धान्तों की बलि दी गई, जिसकी बुनियाद पर इस्लाम की स्थापना हुई थी। संदेश यह गया कि अब समान नागरिक कानून के लिए पहल मत करना। बाद के घटना क्रम बताते हैं कि लोगों ने इस संदेश को बखूबी याद रखा। तार्किक विचार धारा के लोग अपनी बात कहते रहे, सुप्रीम कोर्ट निर्देश जारी करता रहा और सरकार शाहबानो प्रकरण के निहितार्थ के सबक का पालन करती रही। शाहबानो प्रकरण के बाद सरला मुदगल (1995) तथा लिली थामस (2000) जैसे कई प्रकरणों में सर्वोच्च न्यायालय ने समान नागरिक कानून के नहीं होने के दोषों को उजागर करते हुए इसका तुरन्त क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया। वैवाहिक मामलों में वैयक्तिक विधि के दुरूपयोग से विचलित होकर अदालत ने कहा कि अब तो इसका दुरूपयोग कानून को धोखा देने के लिए होने लगा है। *(लेखक जाने-माने कानूनी शिक्षाविद् हैं। संप्रति तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में विधि संकाय के डीन हैं।)*

विचार

ठगों के टारगेट में छत्तीसगढ़

चुनाव भले ही पांच महीने बाकी है लेकिन ठगों ने छत्तीसगढ़ में डेरा डाल दिया है। आईटी, ईडी के अधिकारी बनकर राज्य के अधिकारियों को ठगी का शिकार बना रहे है? शातिरों का नेटवर्क इतना सक्रिय है कि गिरोह अधिकारियों की पूरी डिटेल निकाल कर आईटी और ईडी के अधिकारियों की पूरी कुंडली निकाल कर भरपूर वसूली कर रहे है।ठग लक्जरी गाड़ियों में अधिकारियों और व्यापारियों ठिकानों में पहुंच कर मनमानी वसूली को अंजाम दो रहे है। अधिकारी इतने घबराए हुए है कि उन्हें ईडी और आईटी का इतना खौफ है कि वो असली और नकली में भी फर्क नहीं कर पा रहे है। 27 जून मंगलवार को घटित दुर्ग की घटना ने छत्तीसगढ़ में सनसनी फैला दी है। आरोपितों की तलाश में महाराष्ट्र गई क्राइम ब्रांच की टीम ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। वहीं दो फरार हो गए। दुर्ग एसपी ने इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि पूछताछ के बाद पूरा मामला सामने आएगा। चावल व्यापारी विनित गुप्ता पारख कांपलेक्स स्थिति अपने दफ्तर में बैठकर हिसाब किताब देख रहे थे। तभी कांपलेक्स के सामने एक काले रंग की स्कार्पियो वाहन रुकी। उसमें से पांच लोग उतरे। सीधे विनित गुप्ता के दफ्तर पहुंचे। खुद को दिल्ली इडी का अधिकारी बताया। जरुरी दस्तावेजों की जांच की बात करने लगे। जिससे विनित गुप्ता घबरा गया। आरोपी पूछताछ के नाम पर तकरीबन 10 मिनट तक विनित गुप्ता के दफ्तर में रुके। विनित गुप्ता की टेबल पर काले रंग का बैग पड़ा था। जिसमें दो करोड़ रुपये नकद रखे हुए थे। विनित ने यह रुपये किसी व्यापारी को देने के लिए निकाल कर रखे थे। विनित गुप्ता के ने बताया कि तभी एक आरोपी ने बैग उठा लिया। आरोपियों ने उसे पूछताछ के लिए अपने साथ चलने के लिए। आरोपियों ने विनित को स्कार्पियो में बिठाया तथा उसे लेकर राजनांदगांव की तरफ चल पड़े। विनित के मुताबिक आरोपित उसे सोमनी टोल प्लाजा के पहले छोड़कर राजनांदगांव की तरफ चले गए। पुलिस ने पारख कांपलेक्स में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला। सीसीटीवी फुटेज में अहम सुराग मिले हैं। वहीं हिरासत में लिए गए संदेही से भी कुछ जानकारी पुलिस के हाथ लगी थी। इसी जानकारी के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम को मुंबई महाराष्ट्र रवाना हुए। बुधवार व गुरुवार की सघन तलाशी के बाद आखिरकर क्राइम ब्रांच पुलिस को सफलता मिली। पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा लिया। दो आरोपी भागने में सफल हो गए। पुलिस उनसे रकम के बारे में पूछताछ कर रही है। जल्द आरोपियों को भिलाई लाया जा सकता है। वहीं फरार दो अन्य आरोपियों को पकड़ने पुलिस की एक टीम लगातार विभिन्न ठिकानों पर दबिश दे रही है। दुर्ग एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि तीन आरोपित मुंबई से पकड़े गए हैं। उसने पूछताछ की जा रही है। दो लोग फरार हो गए है। उनकी भी तलाश की जा रही है। रकम की रिकवारी का प्रयास किया जा रहा है। चुनाव में हवाला का कारोबार चरम पर होता है, ठगों को यह अच्छी तरह मालूम है इसलिए पिछले 6 महीने से दर्जनों ठगी कर करोड़ों की उगाही को अंजाम दे चुके है। इन ठगों की पहचान कर पकड़ने और राज्य के अधिकारियों-व्यापारियों की सुरक्षा का सवाल खड़ा हो रहा है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

फिज़ा में है मेरी घुलती उदासी मेरी

फ़िज़ा में है मेरी घुलती उदासी मेरी शामो में है पसरी उदासी।। मेरी आंखों में भी गर्दिश जमी है मेरे ख्वाबो में भी बिखरी उदासी।। मेरी खुशियां गई है साथ तेरे मेरे हिस्से फ़क़त ठहरी उदासी।। **गोविन्द शर्मा**

ऐसे समय मैंने अनुभव किया कि

ऐसे समय मैंने अनुभव किया कि जब सामाजिक संकट के बादल छाये हों और देश के लोगों का जीवन विषाक्त कर दिया गया हो तब साहित्य में ब्रहमानन्द की चर्चा करना, साहित्य में शुद्ध आनन्द लेने का उपदेश देना, उनका अपमान करना है। इसलिए लेखकों से आवाहन है कि साहित्य का मुख्य उद्देश्य जनता को संघर्ष में विजय प्राप्त करके मुक्ति का मार्ग दिखाना है। **केदार नाथ शब्द मसीहा**

खास पाती | बहु संख्यक समाज किसी एक

बहु संख्यक समाज किसी एक जाति या सम्प्रदाय का हो उससे पहले चेत जाओ एक बेटा या बेटी होने के बाद आजकल लोग बच्चे के विषय में सोचते ही नहीं हम सब तो मर कर चले जायेंगे पर डायनासोर की तरह लुप्त न हो जाए कहीं हमारी आने वाली पीढ़ियां। **सुनिता पुष्पराज पाण्डेय**

कहते हैं बीमारी के समय ही

कहते हैं बीमारी के समय ही प्रेम की पहचान होती है और जब बीमारी रीढ़ की हड्डी की वजह से हो तो जो रीढ़ की हड्डी बन जाए वो होता है आपका अपना परिवार ? भाव सभी जब मिल कर बैठे मृत देह में संचरित जैसे प्राण हुआ लेकिन केवल एक अकेले प्रेम के कारण इस तन में मेरुदण्ड का निर्माण हुआ।
अलका अग्रवाल

सुहाना हो गया बरसात का मौसम

सुहाना हो गया बरसात का मौसम चली आ रात में, है बात का मौसम ज़माना प्यार का दुश्मन बना है अब मुहब्बत चाहती है रात का मौसम ज़मीं बेचैन है बादल समझता है छुपाये दर्द है जज़्बात का मौसम ग़ज़ल ये सोचती है महफिलों में अब गुज़रता क्यूँ नहीं लम्हात का मौसम लुटाओ प्यार तुम अपना ज़रा मुझपर मुझे दे दो गुलाबी रात का मौसम फिदा हूँ मैं तुम्हारी ही अदाओं पर मेरी चाहत अभी इसबात का मौसम पुकारे दिल हमारा वस्ल की है रात मेरी उल्फ़त, हसीं सौग़ात का मौसम मिलन है दो दिलों का आज फिर 'ऐनुल' तुझे ये नजर है बारात का मौसम । **'ऐनुल' बरौलवी**

जइसे-जइसे उमर बाढ़थे

जइसे-जइसे उमर बाढ़थे कर्म घलो ल बढ़ना चाही छोड़ लइकई के खेल-कूद आदर्श नवा गढ़ना चाही इही मानक ये बड़े होय के सरलग एला चढ़ना चाही कथा-कहानी-पोथी छोड़त आरुग ज्ञान अमरना चाही। **कवि सुशील भोले**

नज़रों से वार करने का मतलब

नज़रों से वार करने का मतलब क्या है। यूँ आँखें चार करने का मतलब क्या है। करते हो प्यार हमसे कह दो तुम खुलकर, छुप छुप के प्यार करने का मतलब क्या है। **बलराम निगम**

मुझे बेहद पसंद है शांत समन्दर



मुझे बेहद पसंद है शांत समन्दर की हौले से आती जाती लहरों को निहारना इक नन्हीं सी ख्वाहिश ये भी कि इन लहरों को निहारते हुए पूरी उम्र का गुजर जाना धीरे धीरे दूर से आती इक शांत लहर और उसका हौले से रेतों पर फैल जाना दूर तक वृहद नीला आसमान और नीले समन्दर का आपस में एक रंग में रंग जाना नहीं भाता मुझे लहरों का भारी भरकम शोर पसंद आता है हौले से इनका पैरों को सहलाना ऐ दूर आसमां तक फैले नीले समन्दर बताओ ना तुम मुझे इतना पसंद क्यों हो? **पूनम राजपूत**

प्रकृति भी झूमती है खुशी से

प्रकृति भी झूमती है खुशी से आनंदित हो लहलहाती हैं मेरे आंचल में आ, सब गम हर लूँ कहकर पास हमें बुलाती है खूबसूरती है हर शय में मेरी कद्र करना सीख लो अब तो सांसों की डोर हवाले करो मेरे मानव को पाठ यह पढ़ाती है जन जन की पीड़ा से व्यथित हैं आज कोमल सा यह मन मेरा कतर ब्योंत करोगे, तो पछ्ताओगे सचेत सबको किए जाती है। भेदभाव करना न सीखा मैंने सींचित करती हूँ मैं वन उपवन अनावश्यक बोझ न सह पाऊंगी कंक्रीट के जंगलों से कुलबुलाती है। **सीमा भाटिया**

आज का इतिहास

नई दिल्ली / वार्ता। 1776 - अमरीका के 13 राज्यों के प्रतिनिधियों ने फिलाडेल्फिया नगर में इस देश की स्वतंत्रता के घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किये। इसी लिए इस दिन को अमेरिका की आजादी के तौर पर जाना जाता है। 1776 - अमेरिकी स्वतन्त्रता की घोषणा। 1782 - चार्ल्स वाटसन-वेंटवर्थ की मृत्यु के बाद विलियम पैटी ग्रेट ब्रिटेन के प्रधान मंत्री बन गए। 1789 - ईस्ट इंडिया कंपनी ने पेशवा और निजाम के साथ टीपू सुल्तान के खिलाफ संधि की। 1817 - मुख्य अभियंता जेम्स गैदेस ने एरी नहर, (रोम, न्यूयॉर्क) पर निर्माण शुरू किया, यह उत्तरी अमेरिका में पहले प्रमुख इंजीनियरिंग कार्यों में से एक था। 1819 - विलियम हर्शल 1819 धूमकेतु के अंतिम दूरबीन का अवलोकन किया। 1828 - लॉर्ड विलियम बेंटिंक कलकत्ता (अब कोलकाता) नए गवर्नर-जनरल के रूप में अपना प्रशासन शुरू करने के लिए यूनाइटेड किंगडम के राजा जॉर्ज IV के स्थान पर भारत आए। 1829 - जॉर्ज शिलबियर द्वारा लंदन में पहली बस सेवा का संचालन शुरू किया गया।

QUIZ TIME

1) संयुक्त राष्ट्र के ध्वज पर जैतून की शाखाओं का प्रतीक क्या है?

2) भारत के पहले और एकमात्र रेलवे विश्वविद्यालय का नाम क्या है?

3) किसने वर्नाकुलर प्रेस अधिनियम पारित किया?

4) हाल ही में खबरों में रही जस्टिसिया क्या है?

5) कौन उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी के हिमालयी क्षेत्र में उन्नत पर्वतारोहण पाठ्यक्रम पूरा करने वाली पहली महिला एनसीसी कैडेट बनी?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) शांति का प्रतीक (2) राष्ट्रीय रेल और परिवहन संस्थान, वडोदरा, गुजरात (3) लॉर्ड लिटन (4) क्षुद्रग्रह (5) शालिनी सिंह

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -114

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

1		2			3	4	5	■
	■		■	■	6			■
7			8	■	■	■	■	9
	■	■	10		11	■	12	
13	14			■	15	16	■	
■		■	■	■	17			
18		19	■	20	■		■	■
	■	21			■	22		23
24			■	25			■	

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 113 का हल

मा	म	ला	■	सि	वा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सू	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तौं	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी

आज का पंचांग (मंगलवार 4 जुलाई)

सूर्योदयः 05:41, सूर्यास्तः 07:20 चन्द्रोदयः 19:40, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास श्रावण, पक्ष कृष्ण, तिथि प्रतिपदा, नक्षत्र पूर्वाषाढ, योग ब्रह्म (15:45 से इन्द्र), प्रथम करण विष्टि (06:47 तक), द्वितीय करण बव (17:08 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य मिथुन, चंद्र धनु, मंगल सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध मिथुन (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र कर्क (उदित, पश्चिम), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु मेष, केतु तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:53 से 12:49, अमृत काल 04:08 से 05:34, विजय मुहूर्त 14:41 से 15:38, गोधूलि मुहूर्त 19:21 से 19:41, सायाह्न सन्ध्या 19:22 से 20:22, निशिता मुहूर्त 00:01 से 00:41, ब्रह्म मुहूर्त 04:00 से 04:40, प्रातः सन्ध्या 04:20 से 05:20, राहुकाल 15: 00से 16:30, राहुवास उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड 10:36 से 12:21, होमाहुति चन्द्र, दिशाशूल पूर्व, अग्निवास पाताल (17:08 से पृथ्वी), भद्रावास पाताल (06:47 तक), चन्द्रवास पूर्व, शिववास श्मशान में (17:08 से गौरी के साथ)

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-आज का दिन भाग्य पक्ष मे वृद्धि कराने वाला रहेगा। आज के दिन आप में धर्म कर्म के प्रति विशेष लगाव रहेगा।

वृष- आज के दिन आप शारीरिक एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ्य रहेंगे। शरीर में दर्द की शिकायत रह सकती है।

मिथुन-आपका आज के दिन का पहला भाग निराशा से भरा रहेगा। सम्पति का विवाद अथवा धन सम्बंधित कारणों से मानसिक रूप से चिंतित रहेंगे।

कर्क-आज के दिन आपका लक्ष्य मुख्य रूप से भौतिक संसाधनों में वृद्धि करना रहेगा।

सिंह-आज का दिन भी आपके लिए अनुकूल रहेगा। किसी परिचित की समस्या का समाधान करने पर सामाजिक क्षेत्र पर आज आपकी छवि बुद्धिमान जैसी बनेगी।

कन्या-आपका आज का दिन भी विषम परिस्थिति वाला रहेगा। आज आपके वाणी अथवा व्यवहार से किसी का अहित भी हो सकता है।

तुला- आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायक रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में कार्य क्षेत्र पर बेहतर वातावरण मिलने से धन लाभ होगा।

वृश्चिक-आज का दिन मिला-जुला फल देगा। दिन के पूर्वार्ध में थोड़ी बहुत स्वास्थ्य सम्बंधित शिकायते रह सकती है।

धनु-आज का दिन भी लाभदायक रहेगा। आज आप निश्चिन्त होकर दिनचर्या बितायेंगे।

मकर-आज का दिन आपकी आशाओं के विपरीत रहने वाला है। रिश्तों को आज अहमियत दे अन्यथा व्यर्थ में अशान्ति बढ़ेगी।

कुंभ-आज का दिन भी आपके पक्ष में रहेगा। परन्तु सेहत में थोड़ा उतार चढ़ाव बना रहेगा।

मीन-आज का दिन भी कल की ही भांति सुख-शांति से व्यतीत करेंगे। स्वास्थ्य नरम रह सकता है।

पीएम मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे नेता

■ तैयार हो रहा विशाल वॉटर प्रूफ डोम

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 जुलाई को रायपुर आ रहे हैं। मोदी की सभा सफल हो इसका टास्क छत्तीसगढ़ के बड़े नेताओं को मिला है। लगातार बैठकों का भी दौर जारी है। रविवार को भाजपा नेताओं ने साइंस कॉलेज मैदान का निरीक्षण किया।

यहां विशाल पंडाल पूरी तरह से वॉटर प्रूफ तैयार किया जा रहा है। यानी अगर पीएम मोदी की सभा के दौरान बारिश भी हुई तो भी अंदर चल रहे कार्यक्रम पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। भाजपा से मिली जानकारी के अनुसार 7 जुलाई की सुबह 9.40 बजे पीएम मोदी रायपुर आएंगे। इसके बाद 11.40 मिनट पर लौट जाएंगे। मतलब पीएम मोदी रायपुर में दो घंटे रहेंगे। पीएम मोदी मिलिट्री हेलीकॉप्टर से रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। अब तक तय कार्यक्रम के मुताबिक साइंस कॉलेज के करीब यूनिवर्सिटी के ग्राउंड में प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर पहुंचेगा, जिसके बाद वह बुलेट प्रूफ गाड़ियों के जरिए सभा स्थल तक जाएंगे।

एसपीजी की टीम करेगी निगरानी

प्रधानमंत्री की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले स्पेशलाइज्ड कमांडोज होते हैं। इस फोर्स को स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) कहा जाता है। प्रधानमंत्री की सभा से ठीक दो दिन पहले एसपीजी कमांडोज का दस्ता रायपुर पहुंचेगा। कार्यक्रम स्थल को एसपीजी के लोग अपनी निगरानी में लेंगे। बाहरी दायरा प्रदेश पुलिस संभालेगी। जिसमें रायपुर एसएसपी के अलावा आईजी, एडीजी रैंक के अधिकारी होंगे एक हजार से ज्यादा पुलिस जवानों को भी सुरक्षा के लिए तैनात किया जाएगा। साइंस कॉलेज की ओर जाने वाले ट्रैफिक को भी डायवर्ट किया जाएगा जिसकी जानकारी 1 दिन पहले ट्रैफिक पुलिस आम लोगों के लिए जारी करेगी।

इन प्रोजेक्ट को लॉन्च कर सकते हैं पीएम मोदी

अब रायपुर से नवा रायपुर के बीच सात जुलाई से मेमू ट्रेन दौड़ने लगेगी। छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्लेटफार्म नंबर एक से मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके लिए रेलवे मंडल ने पूरी तैयारी कर ली है। मंदिर हसौद से नवा रायपुर तक कुल 21 किलोमीटर लंबी रेललाइन बिछाने का काम पूरा हो चुका है। रेलवे ने इस लाइन 250-250 मीटर के लंबा रेल पैच बिछाया गया है। इसमें ज्वाइंट कम है, जिससे यात्रियों को धक्के नहीं लगेंगे। ट्रैक की जांच करने के लिए फरवरी महीने में नवा रायपुर से मंदिरहसौद के बीच 120 किलोमीटर प्रतिघंटा की स्पीड से ट्रेन चलाकर ट्रैक की जांच की गई थी।

पर्यवेक्षकों के 440 पदों पर होगी भर्ती

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर बड़ी संख्या में शासकीय नौकरियों में युवाओं की भर्ती की जा रही हैं। इसी कड़ी में राज्य सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पर्यवेक्षक (सुपरवाईजर) के 440 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन रिक्त पदों पर नियुक्ति छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से की जाएगी।

पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा के लिए केवल छत्तीसगढ़ की मूल निवासी महिला उम्मीदवार ही पात्र

होंगी। परीक्षा खुली सीधी भर्ती और परिसीमित सीधी भर्ती के माध्यम से ली जाएगी। खुली सीधी भर्ती के लिए कुल 220 पद हैं, जिसमें सभी वर्गों की महिलाएं आवेदन कर सकती है। इसी तरह परिसीमित सीधी भर्ती में भी 220 पद हैं, जिसमें कार्यरत पात्र आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आवेदन कर सकेंगी।

शिक्षक भर्ती परीक्षा के परिणाम जारी

रायपुर/नवप्रदेश। व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा शिक्षक, सहायक शिक्षक एवं व्याख्याता के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट https://vypam.cgstate.gov.in में अपनी प्रोफाइल में लॉगिन कर परिणाम देख सकते हैं। व्यापम द्वारा ली लिखित परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों में अतिथि शिक्षकों के बोनस अंक जोड़कर परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं।

10वीं-12वीं पुर्नमूल्यांकन व पुर्नगणना के परिणाम जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2023 के पुनर्गणना/ पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए है। माध्यमिक शिक्षा मंडल की वेबसाइट www. cgbse. nic.in में परीक्षार्थी अपना अनुक्रमाक प्रविष्ट कर परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। जिन विद्यार्थियों ने पुनर्गणना/ पुनर्मूल्यांकन के लिये आवेदन किया था, वे विद्यार्थी पूरक/ अवसर परीक्षा 2023 के लिये आवेदन करना चाहते है, तो जिला मुख्यालय में समन्वय संस्था या विकासखण्ड के शासकीय स्कूल के माध्यम से 4 जुलाई 2023 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

पुरानी रंजिश के चलते युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। मोवा ओव्हरब्रीज के नीचे पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी लोकेश साहू 20 वर्ष दलदल सिवनी मोवा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी मोवा ओव्हरब्रीज के तरफगया था, तभी आरोपी कुलेश्वर एवं अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत मोवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 8 पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेडिय़ों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर पुलिस ने ऑडोटोरियम के पास सरेआम शराब पीते आरोपीी संदीप कश्यप 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी इंदल सिंह ठाकुर 42 वर्ष व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी सत्यप्रकाश 23 वर्ष व अभनपुर पुलिस ने आरोपी बुधारू पारधी 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी नीरज माहेश्वरी 32 वर्ष, विष्णु धीवर 33 वर्ष व दिलीप सिन्हा 46 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

विकास के नए रास्ते खोलेंगी सड़कें

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में विश्वास और विकास का जो रोडमैप तैयार किया है, वह अब आकार ले रहा है। छत्तीसगढ़ की सड़कें यहां की लाइफ लाइन हैं जो आने वाले समय में विकास के नए रास्तें खोलेंगी, व्यापार बढ़ेगा , पर्यटन और ऐतिहासिक स्थलों के विकसित होने के साथ आर्थिक तौर पर छत्तीसगढ़ के अंदरूनी इलाके समृद्धि की ओर बढ़ेंगे। यह सब कुछ संभव होगा सड़कों के उन कारिडोर से जिसे बढ़ाने का काम जारी है। राज्य में बीते साढ़े चार साल में राज्य में विभिन्न योजनाओं में सड़क एवं पुल के 7406 कार्यों हेतु लगभग 16 हजार 670 करोड़ रूपए तथा इस दौरान भवनों के

419 कार्यों हेतु लगभग 908 करोड़ रूपए की स्वीकृति मिल चुकी है । विगत 4 वर्षों में राज्य मद के अंतर्गत 9884 कि.मी. सड़कों का उन्नयन किया जा चुका है। इनमें 4 हजार 41 कि.मी. सड़कों का नया डामरीकरण , 3 हजार 244 कि.मी. सड़कों का डामरीकृत नवीनीकरण, 1 हजार 113 कि.मी. सड़कों का चौडीकरण, 588 कि.मी. सड़कों का मजबूतीकरण तथा 898 कि.मी. सड़कों का सीमेंट कांक्रीटीकरण किया गया है। सीएम के अनुसार विश्वास, विकास एवं सुरक्षा ही सरकार का मूलमंत्र है। मुख्यमंत्री के अनुसार छत्तीसगढ़ के अंदरूनी इलाकों में बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना सबसे जरूरी है। सरकार का लक्ष्य ग्रामीणों तक राशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार माध्यम, रोजमर्रा की चीजें, रोजगार व आजीविका के साधन उपलब्ध कराना है, जिसके लिए सड़क एक महत्वपूर्ण साधन है। बस्तर संभाग के सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बस्तर जैसे जिलों के दुर्गम इलाके धीरे धीरे मुख्य धारा में शामिल होते जा रहे हैं। सड़कों के निर्माण और मरम्मत से किसानों की पंजीयन संख्या बढ़ी है, इन क्षेत्रों में धान की बिक्री बढ़ी है, वनोपज संग्रहण एवं विक्रय कार्यों में तेजी आई है और छत्तीसगढ़ में रोजगार के साधन भी उपलब्ध हुए हैं।

किडनी के मरीजों के लिए 27 जिला अस्पतालों में नि:शुल्क डायलिसिस सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य सेवाओं के लगातार विस्तार से अब राज्य के 27 जिला चिकित्सालयों में डायलिसिस की सुविधा विकसित कर ली गई है। इससे किडनी रोगों से पीड़ितों को अब उनके जिला मुख्यालय में ही निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा मिल रही है। प्रदेश के दूरस्थ अंचलों के मरीजों को अब डायलिसिस के लिए बड़े शहरों का रूख नहीं करना पड़ रहा है। किडनी संबंधी रोग से ग्रस्त मरीज को लंबे समय तक बार-बार डायलिसिस कराना पड़ता है। इससे उन पर बड़ा आर्थिक बोझ पड़ता है। स्थानीय स्तर पर ही निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा मिलने से अब इसके मरीजों को बड़ी राहत मिली है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंहदेव की पहल पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम 'जीवन धारा' और जिला खनिज न्यास निधि से राज्य के 27 जिला मुख्यालयों तथा देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डायलिसिस की सुविधा प्रारंभ की जा चुकी है। 'जीवन धारा' के अंतर्गत दुर्ग, कांकेर, बिलासपुर, महासमुंद, कोरबा, सरगुजा, जशपुर, बीजापुर, रायपुर, जांजगीर, जगदलपुर, गरियाबंद, मुंगेली, धमतरी, बलौदाबाजार,

बैकुंठपुर, सूरजपुर, कवर्धा, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही एवं सुकमा जिला चिकित्सालय तथा देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डायलिसिस की सुविधा प्रदान की जा रही है। इन 24 अस्पतालों में कुल 106 डायलिसिस मशीनें स्थापित की गई हैं जहां अब तक 87 हजार 321 डायलिसिस सेशन किए जा चुके हैं। पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 में इन अस्पतालों में किडनी रोगों से जूझ रहे मरीजों के कुल 46 हजार 679 डायलिसिस सेशन किए गए हैं। प्रदेश के चार अन्य जिला अस्पतालों दंतेवाड़ा, बलरामपुर, रायगढ़ और कोंडागांव में जिला खनिज न्यास निधि से डायलिसिस की मशीनें स्थापित कर यह सुविधा प्रदान की जा रही है।

प्रदेश के 45 हजार संविदाकर्मी हड़ताल पर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के 45000 संविदा कर्मियों सोमवार से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए। कर्मचारियों की नाराजगी कांग्रेस की ओर से नियमितीकरण का वादा पूरा नहीं करने की वजह से है। छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले यह आंदोलन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। जिन विभागों के कर्मचारी हड़ताल पर गए हैं, उनमें स्वास्थ्य, मनरेगा, पंचायत, कृषि, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना, जैसे डिपार्टमेंट शामिल हैं जिनमें कामकाज इस हड़ताल की वजह से प्रभावित होगा। बीते 4 सालों से अलग-अलग समय पर कर्मचारी संगठन आंदोलन करते रहे हैं। कर्मचारी नेताओं ने आरोप लगाया है कि कई बार बातचीत की पहल करने के बावजूद प्रशासनिक अफसरों ने कोई चर्चा नहीं की और ना ही इनकी मांगों पर ध्यान दिया। मजबूर होकर अब अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर्मचारियों को करना पड़ा है। संविदा कर्मचारियों की मांग है कि इन्हें स्थाई किया जाए, नौकरी की सुरक्षा 62 वर्ष आयु तक दी जाए, वरिष्ठता का लाभ, वेतन, ग्रेच्युटी, क्रमोन्नति-पदोन्नति, सामाजिक सुरक्षा, अनुकंपा नियुक्ति, बुढ़ापे का सहारा पेंशन जैसी मूलभूत सुविधाएं दी जाएं।

हर जिले में विरोध जताएंगे कर्मचारी

राज्य के सभी जिलों में 3 जुलाई से 7 जुलाई तक 5 दिनों तक कर्मचारी अपने अपने स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। 7 जुलाई को प्रदेश के सभी जिलों में एक रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। रैली में सभी कर्मचारी काले कपड़े पहनकर प्रदेश के सभी शहरों से निकलेंगे। कर्मचारियों ने यह भी तय किया है कि अगर बारिश हुई तो छाता भी काले रंग का ही इस्तेमाल करते हुए विरोध प्रदर्शन जारी रखा जाएगा। 8 और 9 जुलाई को कर्मचारी अपने आगे की रणनीति के लिए एक बैठक करेंगे।

1753 गौठानों के तालाबों में हो रहा मछली पालन

■ स्थानीय स्तर पर लोगों को मिल रहा रोजगार के अवसर

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कृषि और उस पर आधारित व्यवसाय जैसे की मछलीपालन, पशुपालन आदि को परंपरागत तरीके से कार्य करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्रामीण कृषि, पशुपालन, जल संसाधनों का उपयोग और उनके उत्पाद तथा अपशिष्ट पदार्थों का उपयोग स्थानीय स्तर पर कृषि एवं उस पर आधारित कार्यों में किया जा रहा है। गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में ग्रामीण

पशुपालकों से 2 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से गोबर और 4 रुपए प्रति लीटर की दर से गौमूत्र की खरीदी की जा रही है। जैविक खेती के लिए गोबर का उपयोग वर्मी खाद बनाने तथा गौमूत्र का उपयोग कीटनाशक दवाई बनाने में किया जा रहा है। राज्य की 8 हजार से अधिक गौठानों में 25 हजार बिहान समूह की लगभग 1 लाख 30 हजार से अधिक महिला विभिन्न आजीविका गतिविधियों में शामिल होकर इससे लाभान्वित हो रही हैं। गौठानों में इसके अतिरिक्त उपलब्ध संसाधनों के आधार पर बाड़ी, मुर्गीपलन, बकरीपालन, डेयरी, मछलीपालन आदि कार्यों से ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। इन गौठानों के परिवृत्त में स्थित तालाबों में मत्स्य बीज संचय कर मत्स्य पालन किया जा रहा है। गौठान के ताजे गोबर का उपयोग तालाबों में प्राकृतिक मत्स्य आहार विकसित करने के लिए किया जाता है। गौठान ग्रामों के तालाबों में मल्टी एक्टिविटी अंतर्गत हितग्राहियों को प्रशिक्षण, मत्स्य विक्रय हेतु आइसबॉक्स, नाव जाल आदि भी वितरण किया जा रहा है। राज्य के 1753 गौठानों के तालाबों में मत्स्य पालन हो रहा है, जिसमें 8 हजार 775 रोजगार सृजित हो रहे हैं। इन तालाबों में सघन मत्स्य पालन, बायोफ्लांक आदि के माध्यम से समूहों को सहायता दी जा रही है।

वन विभाग लोगों को सशुल्क उपलब्ध कराएगी गेड़ी

रायपुर/नवप्रदेश। इस बार हरेली त्यौहार पर शासन द्वारा आम-नागरिकों के लिए गेड़ी की सशुल्क व्यवस्था की जाएगी। वन-विभाग के कार्यालयों और सी-मार्ट में गेड़ियां उपलब्ध रहेंगी, जिन्हें आम लोग निर्धारित शुल्क देकर खरीद पाएंगे। स्थानीय स्तर पर इच्छुक लोगों को बसोड़ों के जरिये भी गेड़ी सशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इससे बसोड़ों को भी आय प्राप्त होगी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्रीनिवास राव ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर वन-विभाग द्वारा गेड़ियों का निर्माण करके विक्रय किया जाएगा। हरेली तिहार के साथ गेड़ी चढ़ने की परंपरा अभिन्न रूप से जुड़ी हुई है। त्यौहार के दिन ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग सभी परिवारों द्वारा गेड़ी का निर्माण किया जाता है, परिवार के बच्चे और युवा गेड़ी का जमकर आनंद लेते हैं। गेड़ी चढ़कर ग्रामीण-जन और कृषक-समाज वर्षा ऋतु का स्वागत करता है। वर्षा ऋतु में के दौरान गांवों में सभी तरफ कीचड़ होता है, लेकिन गेड़ी चढ़कर कहीं भी आसानी से आया-जाया जा सकता है। गेड़ियां बांस से बनाई जाती है। दो बांस में बराबरी दूरी पर कील लगाई जाती है। एक और बांस के टुकड़ों को बीच से फ ाड़कर उसे दो भागों में बांटा जाता है, उसे रस्सी से फिर से जोड़कर दो पउवा बनाया जाता है।

रीपा में बनी गेड़ी और पूजा थाली से प्रदेश मनाएगा हरेली

रायपुर/नवप्रदेश। इस बार रायपुर जिले के कोसरंगी ग्राम के रीपा में हरेली तिहार को पारंपरिक रूप से मनाने के लिए एक अनूठी पहल की जा रही है। रीपा में गेड़ी एवं पूजा थाली का निर्माण किया जा रहा है। जिसे आमजन बाजार में खरीद सकेंगे और हरेली तिहार का उत्सव मना सकेंगे। थाली में स्व-सहायता समूह की महिलाओं एवं बंसोड़ जाति लोगों द्वारा पूजा में उपयोग होने वाले सामग्री जैसे काला तिल, हल्दी, सुपाड़ी, रुई-बाती, कपूर-कुवारी धागा, मौली धागा, चुनरी, उड़द दाल, जवा, दशांग, रोली, कुमकुम, गुलाल, चंदन, अगरबत्ती, हवन सामग्री, लकड़ी (पलास मदार, पीपल, बेल, फुढ़हर, आम, गुलर, कुशा, खैर) एवं गेड़ी का निर्माण किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ का सबसे पहला त्यौहार हरेली

हरेली तिहार छत्तीसगढ़ का सबसे पहला त्यौहार है, जो लोगों को छत्तीसगढ़ की संस्कृति और आस्था से परिचित कराता है। हरेली का मतलब हरियाली होता है, जो हर वर्ष सावन महीने के अमावस्या में मनाया जाता है। हरेली मुख्यतः खेती-किसानी से जुड़ा पर्व है। इस त्यौहार के पहले तक किसान अपनी फसलों की बोआई या रोपाई कर लेते हैं और इस दिन कृषि संबंधी सभी यंत्रों नागर, गैंती, कुदाली, फ ावड़ा समेत कृषि के काम आने वाले सभी तरह के औजारों की साफ -सफाई कर उन्हें एक स्थान पर रखकर उसकी पूजा-अर्चना करते हैं।

अगले 2-3 दिनों तक होगी तापमान में वृद्धि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आज फिर तापमान बढ़ने के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2 दिनों तक गर्मी बढ़ सकती है. वहीं सरगुजा और बस्तर संभाग के कुछ हिस्सों में बारिश संभावित है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में बीते दिनों हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई थी। अब फिर से बारिश में ब्रेक लग गया है। मौसम विभाग प्रदेश में अगले 2-3 दिनों तक उमस के साथ गर्मी बढ़ने की संभावना जताई है। जिससे अधिकतम तापमान में भी वृद्धि देखी जा सकती है। बीते दिनों हुई 3-4 दिन की बारिश से सब्जियों के दाम पर असर पड़ा है. बारिश के कारण टमाटर के दाम में जोरदार उछाल

आया है. राजधानी में टमाटर का रेट 80 से 100 रुपये किलो तक हो गया है। साथ ही हरी मिर्च, शिमला मिर्च, करेला, अदरक, धनिया, के दाम भी बढ़े, लहसुन, फूलगोभी के भी रेट बढ़ गए हैं।

गाड़ियों के लिए प्रदेश का पहला ऑटोमैटिक फिटनेस सेंटर तैयार

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार वाहनों के फि टनेस की जांच के लिए रायपुर में छत्तीसगढ़ का पहला ऑटोमेटिक फिटनेस टेस्टिंग सेंटर तैयार हो चुका है। इस सेंटर में अत्याधुनिक मशीनों द्वारा वाहनों की फि टनेस की जांच की जाएगी।

सड़क हादसों को कम करने की दिशा में परिवहन विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की दिशा में इस सेंटर की स्थापना एक बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप परिवहन विभाग द्वारा व्यवस्थाओं के आधुनिकीकरण के दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। परिवहन विभाग से जुड़ी विभिन्न सेवाओं को ऑनलाइन किया गया है। ड्राइविंग लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र को घर पहुंचा कर दिया जा रहा है। इस दिशा में एक कदम

और आगे बढ़ाते हुए ट्रांसपोर्ट गाड़ियों के फि टनेस निरीक्षण के कार्य को भी विभाग ऑटोमैटिक करने जा रहा है इस संबंध में सचिव परिवहन एस प्रकाश ने बताया कि अब फि टनेस निरीक्षण का कार्य मानवीय हस्तक्षेप के बिना स्वचालित मशीन के द्वारा किया जाएगा। आयुक्त परिवहन दीपांशु काबरा ने बताया कि ऑटोमेटेड फिटनेस सेंटर में मशीन के द्वारा रोलर ब्रेक टेस्ट, एक्सल भार टेस्ट, सस्पेंशन टेस्ट, साइड स्लिप टेस्ट, जॉइंट प्ले टेस्ट, स्टीयरिंग गियर प्ले टेस्ट, स्पीडो मीटर टेस्ट, स्पीड गवर्नर टेस्ट, एग्जॉस्ट गैस टेस्ट, हेड लाइट टेस्ट किए जाएंगे। ट्रांसपोर्ट वाहन को 08 वर्ष की आयु से पूर्व प्रत्येक 02 वर्ष में फि टनेस प्रमाण निरीक्षण कराना होता है। 08 वर्ष से अधिक आयु के ट्रांसपोर्ट वाहन को प्रत्येक वर्ष फिटनेस निरीक्षण कराना होता है। यह नियम यात्री और माल यान दोनों के लिए होता है, जोकि यात्री या माल ले जाने के लिये कमर्शियल वाहन के रूप में प्रयुक्त होते हैं।

25 प्रतिशत तक मिलेगी छूट

राज्य के द्वारा ऑटोमोबाइल सेक्टर को गति देने के लिए स्क्रेपिंग नीति भी लायी गई है, जिसके तहत पुरानी गाड़ी को स्क्रैपिंग कराने पर नई गाड़ी ख़रीदने के दौरान टैक्स में 25 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। इस छूट का लाभ लेने के लिए पहले गाड़ी को ऑटोमैटिक फ़िटनेस सेंटर से निरीक्षण कराने के पश्चात रजिस्टर्ड व्हीकल स्क्रैपिंग सेंटर में स्कैपिंग कराना होगा। स्क्रैपिंग कराने के बाद नयी गाड़ी खरीदने के लिए टैक्स में छूट हेतु सर्टिफिकेट ऑफ डिपाजिट दिया जायेगा जिससे की छूट का लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त यदि 15 वर्ष से अधिक आयु की ट्रांसपोर्ट गाड़ी ऑटोमेटेड फि टनेस सेंटर के फिटनेस परीक्षण में फेल हो जाती है तो ऐसी गाड़ी का पंजीयन निरस्त कर दिया जाएगा।

चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मंदिर हसौद पुलिस ने कोटराभाठा सेक्टर 17 बाजार चौक के पास चाकू लेकर आतंक फैलाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 नग चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी लक्ष्मण तिवारी 26 वर्ष को चाकू लहराते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 नग चाकू जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ सभी को मिले : कलेक्टर

■ आयुष विभाग के सभी संस्थानों में हर्बल वाटिका विकसित करने के दिए निर्देश

कोरबा/नवप्रदेश। वर्तमान में बीमारियों के उपचार के अनेक माध्यमों मे आयुर्वेद चिकित्सा को भी सर्वश्रेष्ठ माना गया है। यह कहा जा सकता है कि मानव के स्वस्थ जीवन का आधार आयुर्वेद है। अगर हम आयुर्वेद आधारित जीवन शैली, आचार व्यवहार, खान-पान, का अनुसरण करेंगें तो निश्चित रूप से एक स्वस्थ जीवन के अधिकारी होंगे। इसके लिए सभी आयुष चिकित्सकों को व्यक्तिगत रुचि लेकर और प्रभावी रणनीति बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। उक्त बातें कलेक्टर संजीव झा ने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित आयुष विभाग की समीक्षा बैठक में कही।

इस मौके पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विश्वदीप, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. प्रदीप जैन, सभी आयुष चिकित्सक सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में आयुष विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने आयुष चिकित्सकों से कहा कि वे आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को जन-जन में लोकप्रिय एवं विश्वसनीय बनाने के लिए रूचि लेकर कार्य करें। इसमें नवाचार करने की भी जरूरत है। आयुष चिकित्सक अपने ज्ञान और अनुभव से लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए प्राथमिकता से कार्य करें, साथ ही अपने दायित्वों का ईमानदारी, जिम्मेदारी एवं शिष्टाचार के साथ निर्वहन करें। जिससे आमजनों में निरोगी जीवन के लिए आयुर्वेद एक प्रमुख केन्द्र साबित हो।

झा ने विभाग में चिकित्सकों की उपलब्धता, आयुष केंद्रों के संचालन की स्थिति एवं अन्य विभागीय गतिविधियों की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर विभिन्न विभागीय चिकित्सा पद्धति एवं अन्य गतिविधियों का नियमित संचालन करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभागीय मजबूती एवं सुविधाओं में विस्तार हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने की बात कही। इस हेतु मरम्मत योग्य संस्थानों एवं रिक्त पदों पर कर्मचारियों की पूर्ति हेतु सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि सभी आयुष संस्थान नियमित रूप से संचालित हो सभी इसका विशेष ध्यान रखें। साथ ही संस्थानों की साफ-सफाई एवं केंद्रों में आयुष चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सभी चिकित्सक विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुँचाये। पंचकर्म जैसी प्रभावकारी महत्वपूर्ण चिकित्सा पद्धति का आमजनों में प्रचार-प्रसार कर उसकी उपयोगिता बढ़ाने के लिए प्रयास करें।

कलेक्टर ने ग्रामीण क्षेत्रो में शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक लोगों को लाभांवित करने और आयुष विभाग के सभी संस्थानों में हर्बल वाटिका विकसित करने के निर्देश दिए। जिससे जड़ी बूटी के माध्यम से सर्वोपयोगी औषधियो का निर्माण किया जा सके। साथ ही जनसामान्य को औषधियों के संरक्षण, उसके महत्व एवं उपयोगिता के विषय में जानकारी हो सके। बैठक में जिला आयुर्वेद अधिकारी जैन ने कलेक्टर को बताया कि जिले में आयुष विभाग की 69 संस्थाएं संचालित हैं। जिसके अंतर्गत आयुष पॉलीक्लीनिक, आयुष विंग, थेरेपी सेंटर, क्लीनिक, सहित सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी चिकित्सा संचालित हैं। विभाग द्वारा पंचकर्म, विरेचन, संशोधन, बस्ती जैसे विभिन्न आयुष चिकित्सा पद्धति एवं आयुर्वेदिक व होम्योपैथी औषधि सहित शिविर, स्वास्थ्य मेला के माध्यम से आमजनों का उपचार किया जा रहा है। बैठक में प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभागीय उपलब्धियों के बारे में बताया गया।

सेवानिवृत कर्मचारियों को पेंशन व ग्रेच्युटी भुगतान का आदेश

मनेन्द्रगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा द्वारा जिला कोषालय के माध्यम से शिक्षा विभाग के लेखापाल सेवानिवृत कर्मचारी अरुण कुमार भट्टाचार्य को पेंशन व ग्रेच्युटी भुगतान आदेश देकर सम्मानित किया और उनके सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी। भट्टाचार्य 39 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सेवा निवृत्त हुए हैं। जिला कोषालय अधिकारी सी.एस. सराफ ने पेंशन प्रकरण की जानकारी देते हुए बताया कि 30 जून 2023 को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत होने वाले अन्य चार कर्मचारी प्रधान पाठक पीटर खेस, शैलेष कुमार साह, रामबहोर लाल गुप्ता एवं उपवनक्षेत्रपाल सुरेन्द्र प्रताप सिंह, वन विभाग को भी पेंशन व ग्रेच्युटी भुगतान आदेश जारी किया गया है। इस दौरान सहायक कोषालय अधिकारी पुष्पेंद्र प्रजापति सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

शासकीय दिव्यांग कालेज में प्रवेश प्रारंभ

कोरबा/नवप्रदेश। शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय माना कैम्प, रायपुर में सत्र 2023-24 के लिए संगीत एवं चित्रकला में स्नातक की उपाधि हेतु प्रवेश प्रारंभ है। जिले में निवासरत समस्त 12वीं उत्तीर्ण दिव्यांगजन (श्रवणबाधित, दृष्टिबाधित एवं अस्थिबाधित) शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय माना कैम्प रायपुर में अपनी रूचि अनुसार विधा चयन कर स्नातक स्तर की शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही अपने रोजगार प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे।

उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय में कोर्स के अंतर्गत बी.पी.ए. (बैचलर ऑफ परफरॉमिंग आर्टस) के अंतर्गत मुख्य विषय में गायन-तबला उपलब्ध है। इसी प्रकार बी. एफ ए. (बैचलर ऑफ फाईन आर्टस के अंतर्गत मुख्य विषय चित्रकला शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश लेने हेतु जिले के इच्छुक दिव्यांग आवेदकों को 10वीं-12वीं की अंकसूची, निवास, जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति, स्थानांतरण, चरित्र एवं माईग्रेशन प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, गेप सर्टिफिकेट की मूल प्रति (यदि गैप हो तो) 10-20 नग रंगीन पासपोर्ट फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ आवेदन जमा करना होगा।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

कोरबा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का लाभ लेने के लिए जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत विनिर्माण उद्यम हेतु अधिकतम 25 लाख, सेवा क्षेत्र हेतु 10 लाख एवं व्यवसाय हेतु अधिकतम 2 लाख तक का ऋण बैंकों के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। ऋण हेतु जिले के इच्छुक युवक-युवतियां आगामी 14 जुलाई 2023 तक आवेदन पत्र निर्धारित फार्म में भरकर कार्यालयीन समय में कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कोरबा में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य ममता जिले की प्रवास पर

कोरिया/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली की सदस्य ममता कुमारी 04 से 05 जुलाई 2023 तक जिल के प्रवास पर रहेंगीं। 5 जुलाई को ममता कुमारी जिले में सखी वन सेन्टर तथा जिला जेल का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लेंगी। तत्पश्चात् 3 बजे बैकुण्ठपुर विश्राम गृह में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर अधिकारियों से चर्चा करेंगी।

बाप ने की बेटे के दोस्त की हत्या

पत्थलगांव/नवप्रदेश। युवक की टांगिया वारकर हत्या कर उसकी लाश उसके ही गांव में ले जाकर फेंकने का सनसनीखेज मामला सामने आया है । पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है । मृतक शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । पूरी घटना पत्थलगांव थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत करमीटिकरा के पाकेरटिकरा मोहल्ला का है। दरअसल सोमवार की सुबह पत्थलगांव पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम पंचायत करमीटिकरा के पाकेरटिकरा मोहल्ले में गांव के ही एक युवक की खून से लतपथ शव उसके बाइक समेत सड़क किनारे मिली है । जिसके सिर पर धारदार हथियार से वार का निशान है । सूचना पर पत्थलगांव पुलिस मौके पर पहुंची, जहां उन्होंने देखा कि सड़क के किनारे बाइक सवार एक युवक की खून से लतपथ शव पड़ा है । वही सड़क पर खून के धब्बे भी है. उन धब्बों की जांच करते हुए पुलिस ग्राम पंचायत दिवानपुर में एक घर पहुंची । जहां घर मे प्रवेश करने पर खून के निशान व मांस के चिथड़े मिले । पुलिस ने संदेही प्रेम साय सिदार व उसके पुत्र युवक थानेश्वर उर्फ गुड्डू हिरासत लेकर पूछताछ कर रही है । एसडीओपी हरीश पाटिल ने बताया कि मृतक मेनचन्द सिदार उर्फ अजय पिता चंदन सिदार उम्र 36 वर्ष पत्थलगांव शहर में एक टेंट हाउस में मजूदरी का काम करता है । उसी के साथ आरोपी के पुत्र थानेश्वर भी काम करता है । दोनों बीते दिन झारखंड में दीदी के यहां गए हुए थे । वापस लौटने के बाद बीती रात दिवानपुर में आरोपी प्रेम साय सिदार के घर रूके थे, रात में दोनों शराब पीने के बाद उसी के घर में सो गए थे , इसी दौरान मेनचन्द सिदार ने अपने मित्र थानेश्वर के माँ के साथ गलत नियत से विस्तर पर जाकर छेड़छाड़ करने लगा, वही आरोपी प्रेम साय ने युवक मेनचन्द के सिर पर टंगिया से हमला कर दिया । जिससे युवक के मौके पर मौत हो गई । हत्या का साक्ष्य छुपाने की नीयत से आरोपी के पिता ने मृतक मेनचन्द का शव को बाइक पर रखकर उसके गांव के समीप पाकेरटिकरा सड़क के किनारे फेंक दिया । वही दुर्घटना का रूप देने के उद्देश्य से शव को बाइक के नीचे डाल दिया, वही आरोपी ने सुबह मृतक के पास जाकर मोबाइल जेब रख दिया, इसके बाद आस पास के लोगों को दुर्घटना में एक युवक की लाश की बात कहकर अपना घर लौट आया । फिलहाल मृतक के परिजन ने घटनास्थल पर पहुँचकर खून के धब्बे को देखते हुए आरोपी के घर पहुंचकर थाने को सूचना दी । जहां मृतक के शरीर के कुछ चीथड़े मिले हैं । मामले में एसडीओपी हरीश पाटिल ने बताया कि संदेही आरोपी पिता पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है।

स्वयं के पक्के मकान का सपना हुआ पूरा

कोरिया/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना ऐसे कई जरूरतमंद परिवारों के खुशियों की वजह बनी हैं, जिनके लिए पक्का मकान केवल एक सपना ही था। इन्हीं में से एक हैं हीरालाल, जिले के ग्राम पंचायत कदरेवा में काफी वर्षों से अपने परिवार के साथ कच्चे मकान में रहते थे, जहां बारिश के दिनों में छत से पानी टपकता था जिससे उनके परिवार को काफी तकलीफ झेलनी पड़ती थी। आर्थिक रूप से सशक्त न होने की वजह से उनके लिए पक्का मकान बनवाना संभव नहीं था। बारिश के दिनों में सीलन आने की वजह से उनके परिवार को कई बीमारियां होती थी। परन्तु जैसे ही उन्हें योजना के बारे में पता चला उन्होंने आवेदन किया और उनका पक्का घर बन के तैयार हो चुका है, जिससे अब वे चिंता मुक्त और खुश हैं। हीरालाल बताते हैं कि वे अपने आस-पास के लोगों और रिश्तेदारों को भी इस योजना का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित करते हैं।

निधन

कुसुम बाई तिवारी

मुंगेली/नवप्रदेश। शिक्षक नगर निवासी स्व. भागवत प्रसाद तिवारी की धर्म पत्नी कुसुम बाई तिवारी का निधन शनिवार को शाम हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। वे डॉ. रामेश्वर प्रसाद तिवारी, डॉ. दामोदर प्रसाद तिवारी, डॉ. रघुबर प्रसाद तिवारी की माताश्री एवं पूर्व प्राचार्य शीला तिवारी की सास थी।

सांसद ने 3 युवकों की मौत पर शोक जताया

■ सड़क हादसों पर प्रभावी नियंत्रण की आवश्यकता

कोरबा/नवप्रदेश। दर्री मार्ग पर हसदेव नदी के ऊपर नया पुल के रास्ते में शनिवार- रविवार की मध्य रात्रि हुए दर्दनाक सड़क हादसे में कार सवार शहर के तीन दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई। कोरबा प्रवास पर चल रहीं कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत को सुबह जैसे ही इस हृदय विदारक घटना की जानकारी हुई, वह दुर्घटना स्थल पहुंचीं। उन्होंने अधिकारियों से दुर्घटना के संबंध में जानकारी लेते हुए हादसे में मृतकों के प्रति अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को सबल प्रदान करने भगवान से प्रार्थना की है, उन्होंने कहा कि सड़क हादसों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी और ठोस कार्य किए जाने की जरूरत है।बता दें कि इस हादसे में यश गोयल पिता मनोज अग्रवाल 28 वर्ष निवासी एसएस ग्रीन कोरबा, दीपक सिंह पिता सदानंद सिंह 22 वर्ष निवासी राताखार, रुपेश गोयल पिता श्याम गोयल 28 वर्ष निवासी डीडीएम रोड कोरबा की मौत हुई है साँसद ज्योत्सना महंत के साथ कॉग्रेस नेत्री उषा तिवारी, सपना चौहान, प्रशांति सिंह, रूपा मिश्रा, साँसद प्रतिनिधि किरण चौरसिया उपस्थित रहे।

नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी जेल में

मुंगेली/नवप्रदेश। नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी राजीव उर्फ राजू यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा। पुलिस आरोपी के विरूद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। प्रार्थी ने थाना लोरमी में 10 मार्च 2023 को उसकी नाबालिग पुत्री को अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट पर धारा 363 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान मुखबिरों की सूचना से नाबालिग अपहृता एवं आरोपी राजीव उर्फ राजू यादव का हैदराबाद में होने की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर नाबालिग अपहृता को आरोपी राजीव उर्फ राजू यादव के कब्जे से बरामद किया गया। आरोपी को अभिरक्षा में थाना लाया गया एवं नाबालिग अपहृता का महिला अधिकारी से कथन उपरांत प्रकरण में धारा 366, 376 भादवि 4,6 पॉक्सो एक्ट जोड़ी जाकर आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव पांडेय, सहायक उपनिरीक्षक निर्मल घोष, प्रधान आरक्षक गुलाब सिंह राजपूत, अरुण नेताम, आरक्षक रवि मिंज, महिला आरक्षक दुर्गा यादव की भूमिका रही।

गुरूपूर्णिमा पर नवागांव टेमरी में योग, यज्ञ-हवन

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ महिला पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी जया मिश्रा ने महिला पतंजलि योग समिति की बैठक में संगठन के विस्तार, यज्ञ-हवन, गुरू पूर्णिमा एवं वृक्षारोपण के संबंध में चर्चा की। गुरूपूर्णिमा का कार्यक्रम नवागांव टेमरी में योग यज्ञ हवन कार्यक्रम सुबह 6 बजे से 9 बजे तक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गुरु वंदना के साथ अतिथियों का स्वागत कर किया गया। राज्य प्रभारी जया मिश्रा ने कहा कि महिलाओं को पतंजलि समिति से जुड़ना चाहिए, क्योंकि बच्चों के लिए प्रथम गुरु मां के रूप में एक महिला होती है। बच्चे देश के भविष्य होते है, इसलिए हम महिलाएं अपने बच्चों में सेवा और संस्कार वर्धन कर देश का भविष्य गढ़ सकती हैं। महिला पतंजलि की विस्तार के लिए सेन भवन खर्रीपारा में कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जया मिश्रा ने संगठन के विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि संगठन के पदाधिकारियों को सक्रिय रूप से संगठन के प्रति समर्पित होकर कार्य करना होगा। उन्होंने नशा मुक्ति पर चर्चा करते हुए कहा कि इसके लिए महिलाओं को आगे आने की जरूरत है। समाज मे व्याप्त नशाखोरी व सामाजिक बुराईयों को दूर करने के लिए महिलाओं को सशक्त होकर इन बुराईयों के प्रति लड़ना होगा और ये हम महिलाओं की जिम्मेदारी भी है। महिला पतंजलि इस दिशा में काम कर रही है। इसलिए सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए अपने क्षेत्र में महिला पतंजलि को मजबूत करने की जरूरत है। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महिला पतंजलि के राज्य कार्यकरिणी सदस्य हेमलता साहू ने कहा कि प्रकृति संरक्षण और आयुर्वेद के महत्व को समझने की जरूरत है हम प्रकृति के अभिन्न हिस्सा हैं इसलिए प्रकृति का संरक्षण हमारा दायित्व बनता है। गुरुपूर्णिमा से स्वामी रामदेव के जन्मतिथि 4 अगस्त तक औषधिक महत्व के पौधे रोपित कर हम पर्यावरण का संरक्षण के साथ-साथ आयुर्वेदिक दवाईयों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने का कार्य कर सकते हैं। ताकि आने वाले भविष्य में इन पौधों से हमे औषधि प्राप्त हो सके। आयुर्वेदिक दवाईयों का कोई साइड इफेक्ट नही होता। घरेलू नुस्खे के रूप में इसके उपयोग छोटी-छोटी बीमारी जैसे सर्दी जुखाम आदि के लिए हमे इनकी उपयोग करनी चाहिए। अपने निजी स्वार्थ के लिए हमने प्रकृति के संतुलन को बिगाड़ा है। अपनी पारंपरिक उर्वरक गोबर खाद को छोड़कर रासायनिक खाद को अपनाना हमारे शरीर के लिए कितना नुकसान दायक है किसी से छुपा नही है। आज हर चैथा व्यक्ति बीपी, शुगर जैसे गंभीर बीमारी के मरीज हैं। इसका मुख्य कारण अपने मूल प्रकृति प्रदत्त वस्तुओं के उपयोग के बजाए रासायनिक व विदेशी तकनीक से बने हानिकारक वस्तुओं के उपयोग करने से हुआ है। महिला पतंजलि के नवनियुक्त जिला प्रभारी अल्का सिंह ठाकुर ने अपने पद ग्रहण करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से संगठन के विस्तार के साथ-साथ पतंजलि की मूल भावना पर चलने का प्रयास करूंगी।

आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित मामले में 2 गिरफ्तार

सूरजपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर के आदित्य होटल में हंसराज उर्फ हंसू अग्रवाल निवासी नेहरू पार्क रोड सूरजपुर के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना पर मर्ग कायमी उपरान्त शव पंचनामा व जांच कार्यवाही के दौरान मृतक के परिजनों एवं गवाहों के कथन लिए गए।

जिसमें आरोपियों से मृतक हंसराज उर्फ हंसू अग्रवाल के द्वारा अपना पैसा वापस मांगने पर उनके द्वारा मृतक हंसराज अग्रवाल को गाली गलौज कर जान से मारने धमकी देकर आत्महत्या करने के लिये उत्प्रेरित किया गया एवं मृतक हंसराज उर्फ हंसू अग्रवाल के द्वारा एक कापी में मृत्यु पूर्व सुसाईड नोट 5 पेज में लिखा हुआ मिला जिसमें आरोपीगण 1. दिलीप अंदानी पिता मोहन अंदानी निवासी तेलीबांधा रायपुर 2. नवीन बतरा निवासी रायपुर 70 लाख रूपये अलग अलग किस्तो में महादेव बुक का काम दिलाने के नाम पर ठगी करने 3. अरूण सिंह निवासी रायपुर 4. पूजा पाण्डेय निवासी झांसी सूरजपुर हालमुकाम रायपुर 5. रवि अग्रवाल निवासी अम्बिकापुर के द्वारा मृतक का नुकसान पैसा कवर करने के लिये 25 लाख रूपये लेने 6. लिल्ले निवासी सूरजपुर के द्वारा मृतक से 20 से 25 लाख रूपये लेकर धोखा देने और मृतक द्वारा उनसे पैसा वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देकर आत्महत्या करने को उत्प्रेरित करने से मृतक सूरजपुर के आदित्य होटल में फांसी लगाकर आत्महत्या करना पाये जाने पर आरोपियों के विरूद्ध थाना सूरजपुर में अपराध पंजीबद्ध किया गया।

न्यूज गैलरी

बहतराई स्कूल में बनाए दो क्लास रूम

बिलासपुर/नवप्रदेश। एमिगोस राउंड टेबल-300 बहतराई स्थित सरकारी स्कूल में दो क्लास रूम और एक लाइब्रेरी तैयार किया। इसका शुभारंभ एरिया मैनेजर कुणाल अग्रवाल, बिलासपुर एमिगोस राउंड टेबल के चेयरमैन आकाश गोविंदानी, एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर बजरंग अग्रवाल व सेक्रेटरी प्रिंस सचदेव ने किया। इस अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसमें सैकड़ों की तादाद में बच्चों के साथ मिलकर उपस्थित वरिष्ठजनों ने अलग-अलग किस्म के पौधे रोपे। कार्यक्रम में राउंड टेबल के सदस्य डॉ. सौरभ भंडारी, जसपाल सलूजा, अनिमेष श्रीवास्तव, रजत अग्रवाल, राहुल ओग्रानी, रमनदीप सिंह, इंद्रजीत सिंह दुआ आदि मौजूद रहे।

समिति ने जेल का किया निरीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। व्यवस्था देखने के लिए शनिवार को जेल संदर्शक समिति के सदस्य सेंट्रल जेल पहुंचे। यहां पर अव्यवस्था व खामियां भी नजर आई। अस्पताल में केवल एक डॉक्टर मिला। मरीजों के इलाज के लिए सुविधा बढ़ाने तथा बंदियों के परिजनों के लिए शेड व अधिवक्ताओं के बैठने की व्यवस्था के लिए तथा अन्य सुविधा बढ़ाने समिति के सदस्य मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को पत्र भेजेंगे। समिति के सदस्य संदीप बाजपेई, पुष्पेंद्र शर्मा शेख निजामुद्दीन, गणेश रजक ,चित्रलेखा कांस्यकार ने जेल प्रबंधन के अफसरों के साथ सेंट्रल जेल का निरीक्षण किया। बैरकों में पहुंचकर बंदियों से बातचीत की।

दिनदहाड़े चोरी, आरोपी पकड़ाया

बिलासपुर/नवप्रदेश। तोरवा पुलिस ने घर से दिनदहो चोरी करने वाले को पकड़ा। हेमूनगर निवासी निशा सिंह के सूने मकान से दो दिन पहले चोर रकम और जेवर ले गए थे। पुलिस जांच कर रही थी। इसी दौरान रेलवे स्टेशन के पार्किंग स्टैंड के पास संदेही शिवा चौधरी (26) पटना पांडवपारा कोरिया घूमने नजर आया। पुलिस, टीओपीबी टास्क टीम व आरपीएफ टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। कड़ाई से पूछताछ पर उसने चोरी की बात कबूल ली। उसके पास से चोरी की रकम व जेवर बरामद हुए।

संघ ने की सिटी बस चलाने की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। पचपेड़ी व्यापारी संघ ने शुक्रवार को परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर को पचपेड़ी तक सिटी बस चलाने के लिए ज्ञापन सौंपा। संघ ने मांग क्षेत्र में सिटी बस चलाने की मांग की। बता दें कि आसपास के 83 पंचायतों का मुख्य केंद्र पचपेड़ी है। पचपेड़ी से ही लोग अपने निजी कार्य के लिए बिलासपुर व अन्य शहर जाते हैं। यहां कई प्राइवेट बसें चलती हैं, जो समय पर नहीं मिलता है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। साथ ही विद्यार्थी भी परेशान है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान में बिलासपुर रेलवे स्टेशन से मल्हार तक सिटी बस चलती है। मल्हार से पचपेड़ी की दूरी 7 किलोमीटर है। यहां के लोगों की परेशानी को देखते हुए संघ ने क्षेत्र में सिटी बस चलाने की मांग की है।

बीएमओ को किया सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। तखतपुर नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को डॉक्टर-डे मनाया गया। इस दौरान चिकित्सकों के सेवाभाव, स्नेह व त्याग की चर्चा की गई। तखतपुर सीएचसी में पदस्थ बीएमओ डॉ. सुनील हंसराज का क्षेत्र की मितानिनों ने पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मान किया। मितानिनों ने कहा कि डॉ. सुनील हंसराज के बीएमओ बनने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ ही क्षेत्र के प्राथमिक और उप स्वास्थ्य केंद्रों में सुविधाओं में विस्तार हुआ है। मेडिकल स्टाफ और कर्मचारियों के साथ सही सामंजस्य स्थापित कर मरीजों के प्रति सेवाभाव, समर्पण व त्याग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले सभी मरीजों का स्वास्थ्य कर्मचारी व मितानिन बेहतर इलाज कर रहे है। उन्होंने आगे कहा कि बीएमओ के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सुविधाओं का विस्तार हुआ है। डॉ. सुनील ने कहा कि यह सम्मान सेवा का है। एक डॉक्टर के रूप में मैं हमेशा मरीजों के लिए उपलब्ध हूं। वहीं एक अधिकारी के रूप में अपने साथ काम कर रहे मेडिकल स्टाफ के सभी लोगो के सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहता हूं। इस अवसर पर केसर सिंह, लालदास बंजारे, राम मसीह, शशि साहू, रघ्घु दुबे आदि उपस्थित रहे।

एआईयू अध्यक्ष बने प्रो. जीडी शर्मा

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. जीडी शर्मा को बनाया गया है। प्रो. शर्मा एयू के संस्थापक कुलपति रहे हैं। प्रो. शर्मा ने एयू में 5 विभाग खोले और 17 शिक्षकों की नियुक्ति की है। कोनी में नई बिल्डिंग भी इन्हीं के कार्यकाल में बननी शुरू हुई थी। भारतीय विश्वविद्यालय संघ भारत के सभी केंद्रीय, डीम्ड, राज्यकीय, प्राइवेट, ओपन विश्वविद्यालय सदस्य हैं। साथ ही बांग्लादेश, मलेशिया, कज़ाखस्तान, मारीशस, यूनाइटेड अरब अमीरात जैसे अन्य तेरा देश के भी विश्वविद्यालय सदस्य हैं। इस संस्था के अध्यक्ष का दायित्व भारत के सबसे वरिष्ठतम कुलपति को दिया जाता है।

मनप्रीत रिसर्च सेंटर में वैज्ञानिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। एनआईआरएफ, आईआईसी फोर स्टार, एनबीए तथा नैक की अव्वल सूची में शामिल श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (एसएसआईपीएमटी) रायपुर के छात्र ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कॉलेज के फाइनल ईयर के छात्र मनप्रीत सिंह सलूजा का देश की अग्रणी संस्था भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में वैज्ञानिक के पद पर चयन हुआ है। गेट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 315 लाने वाले मनप्रीत ने इस उपलब्धि को हासिल कर संस्था एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया है। इनके पिता इंद्रजीत सिंह सलूजा एक प्राइवेट कंपनी में कार्यरत हैं। इनकी माता रजनी सलूजा गृहिणी हैं। मनप्रीत ने संस्था में उपलब्ध सुविधाओं मसलन आइडिया लैब, लाइब्रेरी, निरंतर चलने वाले विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम, एमओयू, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट एक्टिविटीज एवं रिसर्च ओरिएंटेड प्रोग्राम्स का समुचित लाभ उठाते हुए अपनी तैयारी की। इस उपलब्धि पर संस्था के चेयरमैन निशांत त्रिपाठी ने मनप्रीत को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्था के शिक्षक न सिर्फ सेमेस्टर परीक्षाओं की बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की भी समुचित तैयारी कराते हैं। प्राचार्य डॉ. आलोक जैन, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. जेपी पात्रा व अन्य शिक्षकों ने मनप्रीत को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

चिटफंड डॉयरेक्टर दिल्ली में गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। चिटफंड कंपनी रोज वैली का फरार डॉयरेक्टर लंदन भागने के फिराक में दिल्ली एयरपोर्ट में पका गया। तोरवा थाने में उसके खिलाफ धोखाधी का केस दर्ज था। एसपी ने विदेश भागने की आशंका को देखते हुए उसके खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी कर ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन नई दिल्ली को पत्र भेजा था। चिटफंड कंपनी रोज वैली के डायरेक्टर प्रसाद बनर्जी (68) हाईलेण्ड पार्क कोलकाता पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। वह देश छोड़कर लंदन भागने की तैयारी में था। वह दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से यूके की फ्लाइट का इंतजार कर रहा है। इसी दौरान इमिग्रेशन डिपार्टमेंट दिल्ली ने उसे डिटेन एसपी बिलासपुर संतोष कुमार सिंह को सूचना भेजी।

मरीमाई मुस्लिम कब्रिस्तान का होगा उन्नयन सामुदायिक भवन में कक्ष का होगा निर्माण

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के सभी जोन में विकास कार्य की गति तेजी से चल रही है। रविवार को जोन क्रमांक 4 के विभिन्न क्षेत्र में सीसी रो, अतिरिक्त कक्ष सहित 18 लाख 30 हजार रूपए की लागत से अन्य कार्य का महापौर रामशरण यादव ने और सभापति शेख नजीरूद्दीन ने भूमिपूजन किया। इसके तहत वार्ड नंबर 23 मदर टेरेसा नगर में 5 लाख रूपए की लागत से सीसी सक नवीनीकरण और आरसीसी नाली का निर्माण कराया जाएगा। वार्ड नंबर 25 क्रांति कुमार भारतीय नगर में 5 लाख रूपए की लागत से विभिन्न कार्य होगा। वार्ड क्रमांक 26 शहीद अराफाक उल्ला नगर में 6 लाख रूपए की लागत से मरीमाई मुस्लिम कब्रिस्तान का उन्नयन कार्य कराया जाएगा।इसके अलावा वैशाली नगर फेस- 1 के सामुदायिक भवन के प्रथम तल में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य 2 लाख 30 हजार रूपए की लागत से कराया जाएगा। भूमिपूजन के दौरान महापौर रामशरण यादव ने कहा कि वार्डवासियों की मांग को देखते हुए यहां काम कराया जा रहा है।सक और नाली बनने से बारिश में जलभराव की समस्या दूर होगी। इस दौरान एमआईसी सदस्य अजय यादव, जोन कमिश्नर विभा सिंह सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी के साथ वार्डवासी मौजूद रहें।

सट्टे में लेनदेन के लिए छात्रों के नाम पर खुलवाया खाता, चार गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। छात्रों को झांसे में लेकर बैंक खाता खुलवाकर सट्टे का लेनदेन करने वाले चार आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में जांच के दौरान निजी बैंक के कर्मचारियों की भूमिका भी सामने आई है। पुलिस बैंक कर्मियों की जानकारी जुटा रही है। मामले में अलग-अलग बैंक खातों में 12 करोड़ रुपये होल्ड कराए गए हैं। वहीं, 10 लाख रुपये नकद, 30 मोबाइल, 10 लैपटाप और 10 एटीएम जब्त किए गए हैं। तारबाहर क्षेत्र के विद्यानगर में रहने वाले अभय सिंह ने धोखाधड़ी की शिकायत की है। उसने पुलिस को बताया कि उसकी पहचान सार्थक बैसवाड़े और गौरव चौधरी से थी। दोनों ने आनलाइन ट्रेडिंग में मुनाफे का लालच देकर बैंक में खाता खुलवाया। इसमें बैंककर्मी ने उनकी मदद की। साथ ही उसके दोस्तों के नाम पर भी बैंक खाते खुलवाए गए। बाद में उन्हें पता चला कि उनके खातों का उपयोग सट्टे की रकम के लेनदेन में किया गया है। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही थी। सिम लेने आए अनजान लोगों के फिंगर प्रिंट और फोटो दो बार लेकर उन्हें एक सिम दिया जाता। वहीं, दूसरी सिम सटोरियों को उपलब्ध कराया जाता। मामले में पुलिस ने बैंगलोर में रहने वाले रजत जैन(27), क्षितिज भारद्वाज(20) निवासी सरकंडा, बॉबी जाघव(28) निवासी सिविल लाइन, कार्तिक विश्वकर्मा(19) निवासी सरकंडा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

व्यवसायी से मांगी रंगदारी, मना करने पर फरसे से किया वार

बिलासपुर/नवप्रदेश। अमेरी के सतनाम नगर में युवकों ने टेंट व्यवसायी से रंगदारी मांगी। मना करने पर बदमाशों ने टेंट व्यवसायी से मारपीट की। साथ ही उसके सिर में फरसे के डंडे से मार दिया। मारपीट से घायल युवक ने घटना की शिकायत सकरी थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। सकरी क्षेत्र के अमेरी में रहने वाले शुभम कुर्रे टेंट व्यवसायी है। शुक्रवार की शाम पांच बजे के करीब वे आकांक्षा पैलेस से टेंट का किराया लेकर अपने घर जा रहे थे। उनके साथ उनका चचेरा भाई अरविंद दिवाकर भी था। दोनों भाई छह बजे के करीब सतनाम नगर के पहले जैत खाम के पास पहुंचे थे। इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाला युवक चाई ने उन्हें आवाज देकर रोका। उसने टेंट में ज्यादा पैसा कमाने की बात कहते हुए शुभम से रुपये मांगे। इस पर शुभम ने अपनी मेहनत से कमाने की बात कहते हुए उन्हें भी मेहनत करने कहा। इस पर चाई और उसके साथियों ने जान से मारने की धमकी देकर गाली-गलौज की। इसका विरोध करने पर युवकों ने फरसे के डंडे से शुभम के सिर में मार दिया। बीच-बचाव करने पर युवकों ने अरविंद को भी मारने के लिए दौड़ाया। इस पर अरविंद वहां से भाग निकला। पहले थाने से भगाया, फिर लिखी शिकायत मारपीट से घायल घटना की शिकायत लेकर सकरी थाने पहुंचा। इस दौरान थाने में मौजूद पुलिस कर्मियों ने घायल को थाने से भगा दिया। इसके बाद युवक ने घटना की जानकारी पुलिस के अधिकारियों को दी। इसके बाद वह फिर से अपनी शिकायत लेकर थाने पहुंचा। अधिकारियों के कहने पर सकरी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

नव ब्याहता को पीटा, हास्टल वार्डन समेत चार पर जुर्म दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासा गर्ल्स कालेज हास्टल परिसर में रहने वाले युवक ने अपनी मां और बहन के साथ मिलकर बहू को सड़क पर घसीटकर पीटा। इस दौरान हास्टल के वार्डन ने बहू की पिटाई की। मारपीट से घायल महिला ने घटना की जानकारी अपने मायके वालों को देकर सिविल लाइन थाने में शिकायत की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।इंदु चौक के पास स्थित बिलासा गर्ल्स कालेज परिसर में रहने वाली हिना साहू गृहणी है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि शनिवार की शाम सात बजे के करीब पारिवारिक बातों को लेकर पति दीपक साहू, हास्टल वार्डन ससुर रस्थुराम साहू, ननद ज्योति, सास शकुंतला ने मारपीट की।

पीड़ित ने बताया कि पति और उसके परिवार वालों ने पहले भी मारपीट की है। इसकी जानकारी उन्होंने अपने मायके वालों को दी। इस पर वे शनिवार की शाम घरघोड़ा से बिलासपुर आए। यहां पर उन्होंने स्वयंसेवी संगठन की निकिता पमनानी, ललिता लहरे और अन्नू विश्वकर्मा से संपर्क कर अपनी बेटी की मदद करने कहा। इस पर स्वयंसेवी संगठन की युवतियां भी वहां पहुंच गई थी। उनकी मदद से घायल महिला को उपचार के लिए ले जाया गया। महिला ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में की है। इस पर पुलिस मारपीट का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। मारपीट की जानकारी लगने पर हिना का भाई अपने मां और पिता को साथ लेकर घरघोड़ा से शहर पहुंचा। नारी शक्ति की टीम को लेकर वह अपनी बहन के घर गया। वहां पर हिना दर्द से कराहते हुए जमीन पर पड़ी थी।

पुलिस की टीम ने 7 जुआरियों को पकड़ा

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोतवाली क्षेत्र के टिकरापारा में शनिवार की रात जुआरियों की भीड़ जमा थी। जुआरी ताश के पत्तों पर दांव लगा रहे थे। इसी दौरान पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। जवानों को देखते ही जुआरी इधर-उधर भागने लगे। जवानों ने मौके से सात जुआरियों को पकड़ लिया। उनके कब्जे से 21 हजार जब्त कर कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि टिकरापारा में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर कोतवाली थाना प्रभारी प्रदीप आर्य ने जवानों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस पर पेट्रोलिंग टीम व थाने के जवानों ने मौके पर दबिश दी। पुलिस के पहुंचते ही जुआरियों में भगदड़ मच गई। जवानों ने भाग रहे राकेश उर्फ शेरू जायसवाल, अक्षय आनंद उर्फ बड्डू, गोलू भोई, अंकित उर्फ आशु जायसवाल, मोहित यादव, रोमेश नामदेव, विरेन्द्र निषाद को पकड़ लिया।

ब्लड डोनेड व पौधरोपण कर मनाया सीए डे

बिलासपुर/नवप्रदेश। आईसीएआई अपनी स्थापना का 75वां वर्ष मना रहा है, इसलिए इसकी थीम वित्तीय उत्कृष्टता को सशक्त बनाना है। आईसीएआई ने अपने 75 वर्ष पूरे होने पर एक स्पेशल लोगो का अनावरण किया। इसी की में बिलासपुर सीए शाखा द्वारा सीए सप्ताह मनाया गया। इसकी शुरुआत 24 जून को बॉक्स क्रिकेट लीग से हुई थी। कार्यक्रम के समन्वयक सीए अंशुमन जाजोदिया थे।

25 जून को बिलासपुर सिकासा द्वारा इंडोर स्पोर्ट्स का आयोजन किया। इसमें सीए छात्रों ने भाग लिया। समन्वयक बिलासपुर सिकासा चेयरमैन सीए उदित सोनी थे। 26 जून को वॉकथॉन कराया गया। इसमें सीए सदस्य व उनके परिवार ने हिस्सा लिया। समन्वयक सीए आभास अग्रवाल थे। 27 जून को सेंदरी गांव स्थित सरकारी स्कूल के छात्रों के बीच शैक्षिक किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के समन्वयक सीए रजत अग्रवाल थे। 28 जून को एलाइट हॉस्पिटल में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। कॉर्डिनेटर सीए सचेन्द्र जैन रहे। 29 जून को क्विज प्रतियोगिता हुई। 30 जून को अज्ञेय नगर स्थित गार्डन में प्लांटेशन किया गया। समन्वयक सीए कमल बजाज थे। शनिवार को सीए डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह ध्वजारोहण हुआ।

इसके बाद सीए सदस्यों के लिए रक्त जांच शिविर लगाया गया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इन्हें सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में सीए पेशे में 25 वर्ष पूरे करने वाले मेंबर्स सीए केसी शर्मा, सीए मनोज कुमार शुक्ला, सीए राजेश मिनल अग्रवाल, सीए समीर सिंह, सीए विभूति शुक्ला का सम्मान किया गया। इसके साथ ही नए बने सीए सदस्यों एवं नवविवाहित जोड़ो का स्वागत भी किया गया।

मेडी सहित चार हिस्ट्रीशीटर दूसरे जिले की जेल में शिफ्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। सेंट्रल जेल के भीतर आए दिन हो रहे गैंगवार को देखते हुए प्रबंधन ने हिस्ट्रीशीटर सहित चार बदमाशों को दूसरे जिले की जेलों में शिफ्ट किया है। इन बंदियों पर दूसरे कैदियों पर हमले की आशंका थी। सेंट्रल जेल में लगातार हो रहे गैंगवार को देखते हुए जेल प्रबंधन ने सुरक्षा के मद्देनजर कोर्ट से बंदियों के जेल ट्रांसफर करने की अनुमति मांगी थी। अनुमति मिलने के बाद चार बंदियों को जेल दूसरे जेलों में शिफ्ट किया गया। इनमें संजू त्रिपाठी हत्याकांड के मुख्य आरोपी कपिल त्रिपाठी को कटघोरा उपजेल, तालापारा में नवीन महादेवा हत्याकांड के आरोपी राजा खान को मुंगेली जेल, गैंगवार के आरोपी हिस्ट्रीशीटर रितेश निखारे उर्फ मेडी और उसके साथी सिद्धार्थ शर्मा उर्फ छोटू को जांजगीर-चांपा के खोखरा जिला जेल में शिफ्ट किया गया है। जेल में वसीम गैंग के राजा खान, हिस्ट्रीशीटर रितेश निखारे उर्फ मैडी, संजू हत्याकांड के प्रमुख आरोपी कपिल त्रिपाठी सहित तोरवा चुचुहियापारा गैंग के अपराधियों के बीच वर्चस्व की ल?ाई चल रही है। आए दिन इनके बीच मारपीट हो रही थी। हाल में ही मेडी और वसीम गैंग के बीच भि?ंत हुई थी। इसी तरह सिद्धार्थ शर्मा उर्फ छोटू पर वसीम ग्रुप के राजा ने हमला कर दिया था। कुछ दिनों बाद सिद्धार्थ शर्मा उर्फ छोटू के साथियों ने राजा की जमकर पिटाई कर दी। इसी तरह चुचुहियापारा हत्याकांड में बंद दीपक पिछे और रितेश उर्फ उड्डू व उनके साथियों ने मेडी पर नुकीली वस्तु से हमला कर दिया था। इसके बाद सिद्धार्थ उर्फ छोटू ने हमलावरों को घायल कर दिया था। जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी के अनुसार हाल में ही डीआईजी एसएस तिग्गा जेल का निरीक्षण करने आए थे। उन्होंने ही चिन्हित कर इन चारों को अलग-अलग जेलों में शिफ्ट करने के आदेश दिए थे।

10 सिटी बसें जल्द शुरू होंगी, मिलेगी राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। विभिन्न रूटों पर 10 सिटी बसें जल्द शुरू हो सकती है। फिलहाल बिलासपुर में संचालन कर रही सन मेगा वेंचर्स निगम से इन 10 बसों के मिलने का इंतजार कर रही है। वर्तमान में 35 सिटी बसों का विभिन्न रूटों पर संचालन हो रहा है। इन 10 बसों के संचालन शुरू होने से कम समय में सिटी बस यात्रियों को मिल सकेगी। वर्तमान में 35 सिटी बसें विभिन्न रूटों पर दौड़ रही है। इनमें सुबह से दोपहर 1 बजे तक औसतन प्रत्येक आधे घंटे में यात्रियों को सिटी बस की सेवा मिल रही है लेकिन दोपहर 1 बजे के बाद दोपहर 3 बजे तक कई रूटों में सिटी बस के समय में डेढ़ से दो घंटे का लंबा गैप आ जाता है। सार्वजनिक जगहों पर सिटी बस का टाइम टेबल चस्पा नहीं होने से यात्री सिटी बस कब तक आएगी इस अनिश्चितता में खड़े रहते हैं। आगे इन 10 बसों के शुरू होने से यात्रियों की यह अनिश्चितता कम हो जाएगी और दोपहर में बसों के चलने में जो लंबा समय है उसे व्यवस्थित किया जा सकेगा।

स्थाई केंद्र बनाएगी, छात्रों को देंगे पढ़ाई की सामग्री

बिलासपुर/नवप्रदेश। रोटरी क्लब ऑफ बिलासपुर के नव निर्वाचित अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने वर्ष 2023-24 की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। साथ ही उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि गत वर्ष रोटरी क्लब बिलासपुर ने सेवा के क्षेत्र में कई अभिनव कार्य किए हैं। इसमें हैप्पी स्कूल प्रोजेक्ट के तहत बायो टॉयलेट कर 4 स्कूलों में निर्माण क्लब के द्वारा करवाया गया। पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से बायो टॉयलेट का निर्माण एवं उपयोग जरूरी है। इसी कड़ी में वर्तमान वर्ष में भी अन्य स्कूलों में रोटरी क्लब के द्वारा बायो टॉयलेट का निर्माण कराया जाएगा। बायो टॉयलेट के निर्माण में विधायक शैलेश पाण्डेय ने वित्तीय सहयोग का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष दिव्यांग सेवा के अंतर्गत गुजरात में निर्मित प्रभा फुट कृत्रिम अंग का स्थाई केंद्र बिलासपुर में खोलने का उनका प्रयास होगा। उन्होंने बताया कि रोटरी के टीच योजना के तहत स्कूल में पढ़ने वाले 25 छात्रों को 80 हजार मूल्य का मोबाइल एप मात्रा एक हजार में क्लब के सहयोग से दिया जाएगा। इससे आर्थिक रूप से कमजोर छात्र भी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो पाएंगे। आशीष ने बताया कि बिलासपुर में रोटरी क्लब की स्थापना 1972 में हुई थी। पिछले 51 वर्षों से रोटरी बिलासपुर में सतत सेवा कार्य कर रहा है। बिलासपुर नगर की जल निकासी की समस्या के समाधान में ज्वाली नाला रोटरी क्लब बिलासपुर की ही देन है।

सचिव बनाए गए पवन और कोषाध्यक्ष दीपक नई कार्यकारिणी में सचिव पवन नालोटिया, कोषाध्यक्ष दीपक खंडेलवाल नियुक्त किए गए है। वहीं उपाध्यक्ष राकेश सक्सेना, अनिल अग्रवाल, अमित चक्रवर्ती, शीला तिवारी को बनाया गया। कार्यकारी सचिव विवेक श्रीवास्तव बने। रोटरी के सेवा कार्यों को सुचारु रूप से चलाने के लिए चंचल सलूजा, शैलजा शुक्ला, नवनीत अग्रवाल, सतीश शाह, अमित चक्रवर्ती को डायरेक्टर नियुक्त किया है। आईपीपी हमीदा सिद्दीकी, सलाहकार समिति में डॉ. आरए शर्मा, एसपी चतुर्वेदी, आरएस मरहास, देबाशीष घटक को रखा गया है। नई कार्यकारिणी ने शनिवार से अपना कार्यभार ग्रहण किया। विधिवत प्रतिष्ठापन 22 जुलाई को जनसभा में होगी। अंतरराष्ट्रीय रोटरी के अध्यक्ष गॉर्डन मैकनली ने इस वर्ष की रोटरी थीम ÷क्रिएट होप इन द वर्ल्ड दी है। उन्होंने रोटरी सदस्यों से अशांत देशों में शांति को बढ़ावा देने, संघर्ष से प्रभावित लोगों की मदद करने और पिछले अध्यक्षों द्वारा शुरू की गई पहल की गति को बनाए रखने कहा। वर्ष 2023-24 के रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मंजीत सिंह अरोरा (राउरकेला) से हैं। उन्होंने अपने संदेश में कोविड-19 से प्रभावित लोगों के मानसिक स्वास्थ के सुधार की दिशा में कार्य करने पर विशेष ध्यान आकर्षित किया है।

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक: 16 पारंपरिक खेलों का होगा आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आगाज हरेली त्योहार के दिन 17 जुलाई से होगा। तीन माह 10 दिन तक चलने वाले यह खेल प्रतियोगिता छह चरणों में आयोजित होगी। इस खेल प्रतियोगिता में बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता में दलीय एवं एकल श्रेणी में 16 तरह के पारम्परिक खेलों को शामिल किया गया है। इस बार के ओलंपिक में एकल श्रेणी में रस्सीकूद एवं कुश्ती को भी जोा गया है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के आयोजन का दायित्व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और नगरीय क्षेत्रों के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को सौंपा गया है। प्रतियोगिता का समापन 27 सितंबर 2023 को होगा। छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित होगी। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठुल, संखली, लंगी दौ, कबड्डी, खो-खो, रस्साकस्सी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगी, गैंदे दौ, भंवरा, 100 मीटर दौ, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।राजीव युवा मितान क्लब से शुरू होगी प्रतियोगिता छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सबसे पहले राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर प्रतियोगिता 17 जुलाई से 22 जुलाई तक नॉकआउट पद्धति से होगा। वहीं दूसरा स्तर जोन है, जिसमें आठ राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर एक क्लब होगा। इसका आयोजन 26 जुलाई से 31 जुलाई तक होगा। विखं एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर आयोजन सात अगस्त से 21 अगस्त तक होगा। जिला स्तर पर आयोजन 25 अगस्त से चार सितंबर तक होगा। संभाग स्तर पर आयोजन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक होगा और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसका की आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक होगा।

खिलाड़ियों के लिए आयु बंधन नहीं

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में आयु वर्ग को तीन वर्गों में बांटा गया है। इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा वर्ग 18-40 वर्ष आयु सीमा तक और तीसरा वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग में प्रतिभागी भाग ले सकेंगे।

विजेता खिलाड़ी को मिलेगा पुरस्कार

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में विखं व नगरीय क्लस्टर स्तर पर विजेता प्रतिभागियों से लेकर राज्य स्तर के विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। विखं व नगरीय क्लस्टर स्तर प्रथम आने वाल विजेता खिलाड़ियों को 1000 रुपये, द्वितीय स्थान आने पर 750 रुपये एवं तीसरा आने पर 500` की पुरस्कार राशि व प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह जिला स्तर पर प्रथम आने वाल विजेता प्रतिभागियों को 2000 रुपये की राशि, द्वितीय आने पर 1500 रुपये और तीसरे स्थान आने पर 1000 रुपए की राशि सहित प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। संभाग स्तर पर विजेता प्रतियोगियों को प्रथम आने पर 3000 रुपये, द्वितीय आने पर 2500 रुपये एवं तीसरे स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को 2000 रुपये एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। राज्य स्तर पर ओलंपिक के अंतिम आयोजन में प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को 5000 रुपये, द्वितीय आने पर 4500 रुपये एवं तीसरे स्थान आने वाले खिलाड़ियों को 4000 रुपए की राशि और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

76 बालिकाओं को मिला नि:शुल्क साइकिल

- संसदीय सचिव ने दी नवप्रवेशित बच्चों को बधाई
- नरहरदेव में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

कांकेर/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरदेव कांकेर में आज जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया, जिसमें कक्षा पहली, छठवीं एवं 9वीं में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें निवेश एवं पाठ्य पुस्तक प्रदाय किये गये। सरस्वती साइकिल योजना के तहत 76 स्कूली छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं विधायक शिशुपाल शोरी थे।

संसदीय सचिव शोरी ने नव प्रवेषित बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज से उनका स्कूली जीवन शुरू हो रहा है, अच्छी षिक्षा प्राप्त कर नई ऊंचाईयों को प्राप्त करें। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के विद्यालय खोले जा रहे हैं, जिसमें गरीब बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम की नि:षुल्क षिक्षा प्राप्त हो रही है। अब गरीब परिवार का बच्चा भी अंग्रेजी माध्यम में षिक्षा प्राप्त कर रहा है। स्वामी आत्मानंद स्कूल अमीरी-गरीबी नहीं देखता, सबको षिक्षा का समान अवसर प्रदान कर रहा है। श्री शोरी ने बताया कि जिला मुख्यालय कांकेर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम का कॉलेज भी इसी सत्र में खोला जा रहा है, जो कांकेर जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने नव प्रवेशित बच्चों के पालकों से भी चर्चा की तथा बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए नियमित रूप से स्कूल भेजने हेतु उन्हें समझाइश दिया।

जिला पंचायत के उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालय प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उन्होंने इस शिक्षा योजना के माध्यम से गरीब परिवारों के लिए भी अंग्रेजी माध्यम में उत्कृष्ट शिक्षा की व्यवस्था किया है, जो प्रशंसनीय है। इस विद्यालय की चर्चा पूरे हिंदुस्तान में हो रही है।

जनपद पंचायत कांकेर के अध्यक्ष रामचरण कोर्राम ने भी शाला प्रवेशोत्सव को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 'नींव मजबूत होगा तो भवन भी मजबूत होगा'। बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी तभी वे अपने लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में सभी बच्चों को उत्कृष्ट षिक्षा हासिल हो रही है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष श्री रोमनाथ जैन ने भी शाला प्रवेषोत्सव को संबोधित किया। इस अवसर पर बच्चों ने अंग्रेजी में पोयम भी सुनाया तथा उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने वाले 76 बालिकाओं को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत निशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस अवसर पर कांकेर एसडीएम मनीष साहू, जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम नरहरदेव के प्राचार्य रचना श्रीवास्तव, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण एवं बच्चे मौजूद थे।

गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ

- योग प्रेरकों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर सेवा भाव से कार्य करने की दी समझाइश कार्ययोजना पर आधारित कैलेण्डर का हुआ विमोचन

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभा कक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्य राजेश राना, कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा एवं सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू ने गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष योगाभ्यास कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए चयनित योग प्रेरकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। वहीं कार्य योजना पर आधारित कैलेण्डर का विमोचन किया गया। छत्तीसगढ़ योग आयोग एवं यूनिसेफ के साझा प्रयास से यह कार्यक्रम संचालित होगा जिसमें जिले के सभी 24 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में योग प्रेरकों गर्भवती महिलाओं का योगाभ्यास कराएंगी। योग प्रेरकों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण के बाद अंतिम रूप से चयनित योग प्रेरकों को नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम ने कहा कि बीजापुर जिला आदिवासी बाहुल्य जिला होने के साथ-साथ सुदूर क्षेत्र और संवेदनशील है। यहां की ग्रामीण महिलाओं में जागरूकता लाकर गर्भावस्था के दौरान खान-पान और दिनचर्या के बारे में बताना एवं स्वास्थ्य देखभाल की नियमित सलाह देना आवश्यक है। ताकि स्वस्थ्य माता स्वस्थ्य संतान को जन्म दे सके।

वहीं कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने सभी योग प्रेरकों को सेवा भाव से कार्य करने ग्रामीण महिलाओं की समस्याओं को समझते हुए उनको योगाभ्यास का लाभ देने एवं समय-समय पर कार्यों का निरीक्षण एवं समीक्षा करने की बात कही। गर्भवती महिलाओं में जागरूकता लाना और उनको गर्भावस्था के दौरान उत्पन्न शारिरिक मानसिक कठिनाईयों में कमी लाने, स्वास्थ्य सलाह देने सहित योगाभ्यास के लाभ को बताने और नियमित योग करने के लिए प्रेरित करने गर्भवती माता एवं उनके परिवार के अन्य सदस्यों को भी प्रेरित करने के निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ योग आयोग सदस्य ने विभिन्न जिलों मे इस कार्यक्रम के सफलता के बारे में विस्तृत जानकारी दी और गर्भावस्था के दौरान योग की आवश्यकता, मृत्यु दर में वृद्धि के कारण, कार्यक्रम के लक्ष्य, उद्देश्य, भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी एवं कार्यशाला के दौरान सभी योग प्रेरकों को विस्तृत जानकारी हेतु पुस्तक, पाम्पलेट, ब्राउजर, कार्ययोजना आधारित चार्ट, कैलेण्डर वितरित किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष बोधी ताती, सीएमएचओ डॉ अजय रामटेके, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास केएस मशराम, उप संचालक समाज कल्याण विभाग विकास सर्वे, नोडल अधिकारी योग सहित अधिकारी-कर्मचारी योग प्रेरक एवं एएनएम उपस्थित थे।

सुकमा में युवाओं को दिया जा रहा उद्यमिता विकास प्रशिक्षण

- जन शिक्षण संस्थान के प्रशिक्षार्थी उद्यमिता विकास कार्यक्रम में ले रहे प्रशिक्षण

सुकमा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय उद्यमिता, लघु व्यवसाय विकास संस्थान और जन शिक्षण संस्थान, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत विवेकानंद परिसर सुकमा में 5 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान सुकमा के 500 युवाओं को अपने व्यवसाय, व्यापार, उद्योग को सफलतापूर्वक संचालन करने का हुनर सिखाकर प्रभावी संचार कौशल, विपणन प्रबंधन, मार्केट सर्वे, समय प्रबंधन इत्यादि के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 30 जून से 4 जुलाई तक आयोजित है। राष्ट्रीय उद्यमशीलता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान की कंसलटेंट दीपिका शर्मा के द्वारा युवाओं को उद्यम स्थापित करने हेतु जरूरी मार्गदर्शन दिए जा रहे हैं। जन शिक्षण संस्थान सुकमा के निदेशक सुनील शर्मा ने बताया कि आवश्यक औद्योगिक गतिविधियों के विभिन्न पहलुओं पर युवाओं को प्रशिक्षित करके उनकी प्रतिभाओं को निखारने के लिए नियमित रूप से उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उद्यमिता विकास कार्यक्रम का उद्देश्य क्रियान्वयन एजेंसियों को वित्त, उत्पादन, विपणन, कराधान, उद्यम प्रबंधन, बैंकिंग औपचारिकताएं, बहीखाता पद्धति आदि जैसे विभिन्न प्रबंधकीय और परिचालन कार्यों से संबंधित अभिविन्यास और जागरूकता प्रदान करना है। उल्लेखनीय है कि जेएसएस सबसे गरीब लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए वंचित क्षेत्रों तक पहुंच रहे हैं। वे न्यूनतम बुनियादी ढांचे और संसाधनों के साथ लाभार्थियों के लिए कार्य कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से जेएसएस के डायरेक्टर सुनील शर्मा, सहायक कार्यक्रम अधिकारी विकास वस्त्रकार, पुष्पेन्द्र बसोर,शेख़ आशिफ़,सुमन यादव, प्रशांत नाग एवं करीना नाग एवं समस्त हितग्राही उपस्थित थे।

पिता की डांट बेटे को नहीं हुआ सहन, आत्महत्या

जगदलपुर/नवप्रदेश। परपा थाना क्षेत्र के अंतर्गत तोकापाल में रहने वाले एक युवक को पिता का समझाना इतना बुरा लगा कि बेटे ने अज्ञात किसी चीज का सेवन कर लिया, जिसे उपचार के लिए मेकाज लाया गया, जहां उपचार के दौरान बेटे ने दम तोड दिया, शव का पीएम के बाद परिजनों को सौप दिया गया।

मामले के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया की तोकापाल में रहने वाले बंको कश्यप के द्वारा अपने बेटे सोनू राम को करीब 3 दिन से घर के कामों में साथ ना देने के साथ ही खेत में काम पर किसी तरह से सहयोग न देने की बात पर डांट दिया, जिसके बाद 2 जुलाई को बेटे ने घर में जब कोई नही था तो अज्ञात वस्तु का सेवन कर लिया, शाम को जब परिजन घर पहुंचे तो युवक को जमीन में औधे मुंह देख उसके पास पहुंचे, जहां युवक बोलने की स्थिति में नहीं था, वही परिजनों ने उसे तोकापाल के स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेकाज रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, इस घटना से पिता के साथ ही पूरे परिवार में मातम छा गया, वही बताया जा रहा है की मृतक सोनूराम शादीशुदा होने के साथ ही उसके भी बच्चे है, फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए शव का पीएम करवाते हुए परिजनों को सौप दिया है।

आंगनबाड़ी केंद्र में कोबरा के 18 बच्चे मिले

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम धरमपुरा के आंगनबाड़ी केंद्र में कोबरा के साथ उसके 18 बच्चे मिले। साथ ही बीस अंडे भी रेस्क्यू टीम ने बरामद किया। आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर होने के कारण शुक्रवार को कोबरा सांप निकला। इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई उन्होंने आनन फानन में इसकी सूचना रेस्क्यू टीम को दी। टीम पहुंची तो 19 नग कोबरा सांप मिले इसमें 18 बच्चे थे। साथ ही 20 नग अंडे भी मिले। गांव कार्यकर्ताओं की सर्तकता से एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

गायत्री महायज्ञ के साथ गुरुपूर्णिमा का समापन

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। प्रज्ञापीठ पवनी में गुरुपूर्णिमा पर्व पर 24 घण्टे गायत्री महामंत्र के अखंड जप पश्चात गुरु पण्डित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा और माता गयत्री के पञ्चोपचार पूजा पश्चात एक कुंडीय यज्ञ हवन एवं भंडारे के साथ गुरु पूर्णिमा पर्व का समापन किया गया।पुजारी लोकेश साहू एवं आचार्य उमाशंकर श्रीवास द्वारा हवन यज्ञ द्वारा समापन कार्य कराया गया जिसमे 122 बहनों एवं गुरुभक्त लोगों ने भाग लिया।कार्यक्रम के समापन पर वरिष्ठ परिजनों द्वारा अपने उदबोधन में गुरु की महिमा बताई गई।

गुरू उपासना, गुरू भक्ति, गुरू चरणों में समर्पण एवं गुरू चरणों में शरणागति की अबिलाईगढ़क्षय पुण्यदायी पूर्णिमा का यह पर्व जीवन में सद्गुरु की कृपा को प्रकट करता है। आषाढ़ मास में जहाँ पूरा आकाश काले घने बादलों से ढका रहता है, ऐसी घनघोर रात्रि में आकाश की कालिमा को चीरते हुए वासना रूपी बादलों को हटाकर अपने शिष्यों के साथ साथ सम्पूर्ण मानवता को मार्ग दिखाने के लिए आकाश में पूर्ण चन्द्र की तरह सद्गुरु प्रकट होते हैं। हिन्दू सनातनी परम्परा में दो पूर्णिमाओं का विशेष स्थान है।

इस आध्यात्मिक प्रयोजन को समझने के लिए आषाढ़ी प्रकृति को समझना पड़ेगा। आषाढ़ मास में आकाश गहरे रंग के बादलों से अविच्छिन्न हो जाता है। सारा आकाश बादलों से घिर कर उस असीम नील-वर्ण महाविराट को ढंक देता है। गुरू पूर्णिमा के शुभ पुण्यदायी मुहूर्त में गुरू चरणों का वंदन करते हैं। जिनके चरण कमल के समान हैं, जो कृपा के सागर हैं और नर रूप में साक्षात हरि ही विराजमान हैं, जिनके चरणों में बैठने मात्र से मोह रूपी अज्ञान अंधकार मिट जाता है और जिनके वचन सूर्य की किरणों के समान मन का अंधकार मिटा देते हैं।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मनोहर लाल साहू,राम बालक प्रसाद, राम साहू, रामाधार साहू, अरुण कुमार, कृष्ण कुमार नागेश, पवन साहू, बहारता राम साहू,राम लाल साहू, लोकनाथ साहू, सविता साहू, कुमारी पुष्पा साहू, यशोदा साहू, पीताम्बर साहू, नरेन्द्र साहू, हरीश साहू एवम समस्त गायत्री परिवार के परिजन शामिल रहे।

संविदा कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

सुकमा/नवप्रदेश। 03 जुलाई से सुकमा जिला मुख्यालय के शबरी ऑडिटोरियम सुकमा में संविदाकर्मियों द्वारा नियमितिकरण करने की एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। संविदा कर्मचारियों का कहना हैं कि आज से 5 वर्ष पूर्व 3 जुलाई 2018 को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टी एस सिहदेव ने हड़ताल स्थल पर जाकर घोषणा किया था की यदि काग्रेस की सरकार बनती हैं, तो 10 दिनों के भीतर मांगे पूरी की जाएंगी। उसके बाद कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल किया गया था। लेकिन आजपर्यंत तक सरकार द्वारा अपना वादा पूरा नहीं किया गया। जिसके चलते एक बार फिर संविदा कर्मचारियों को सरकार के वादाखिलाफी को लेकर सड़क पर उतरने को मजबूर होना पड़ा है। जिससे नाराज प्रदेश के 54 विभागों के कार्यरत संविदा कर्मचारी 33 जिलों में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। वही संविदा कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारे बाजी किया।

हाथों में मेहंदी लगाकर किया प्रदर्शन

हड़ताल के पहले दिन से ही संविदा कर्मचारी संघ ने सरकार के वादाखिलाफी पर रोष जाहिर करते हुए अपने हाथो में मेंहदी संविदा नियमितिकरण रचकर अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया, जो देखते ही देखे पल भर में सोसल मीडिया में तेजी से वायरल होने लगा।

"वही सुकमा संविदा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष नवीन पाठक ने कहा कि इन साढ़े चार साल में सरकार की तरफसे संवादहीनता की स्थिति है। रथयात्रा में 33 जिला कलेक्टर को और कई कांग्रेस मंत्रीगण , विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देने के बाद भी आजपर्यंत तक संवाद कायम नहीं किया गया। सरकार के खिलाफ कर्मचारियों में बेहद आक्रोश व्याप्त है। 2023 में छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव हैं। ऐसे में भूपेश बघेल को इस बात का पूरा ध्यान रखना चाहिए की संविदा कर्मचारी संघ का बड़ा टपका बहुत हद तक यह सुनिश्चित करेगा की आगामी विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में किसकी सरकार बनेगी। वही 5 जुलाई से पूरे प्रदेशभर में स्वास्थ्य, पंचायत, शिक्षा, महिला बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, कलेक्टर कार्यालिन समेत समस्त संविदा कर्मचारी आडिटोरियम कुम्हाररास में बढ़ी संख्या में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर शामिल पर होंगे,जिससे पूरे जिले भर में प्रशासनिक कार्यवाही में काफी प्रभावित रहेगा।

नवीन पाठक, संविदा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष

एएसपी मधुलिका को दी विदाई

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिले में बेहतर पुलिसिंग कर अपनी एक खास पहचान बनाने तथा सदैव अपने कार्यो के प्रति जवाबदेह रहे एएसपी सूरजपुर मधुलिका सिंह को स्थानान्तरण पर पुलिस परिवार



सूरजपुर के द्वारा सोमवार को विदाई देते हुए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विदित हो कि बीते दिन उनका इस जिले से स्थानान्तरण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला धमतरी के पद पर हुआ है।

अपराधियों में पुलिस का खौफ बनाए : एसपी

सूरजपुर/नवप्रदेश। 3 जुलाई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री आई कल्याण ऐलिसेला द्वारा जिले के पुलिस अधिकारियों का क्राईम मीटिंग लिया, जिसमें थाना-चौकी के कार्यो के परफारमेंश को जाना और लंबित अपराधों एवं शिकायत के निराकरण का ब्यौरा लेते हेतु निराकरण में और तेजी लाने, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में पुलिस का खौफ बनाए रखने सख्ती के साथ तत्परतापूर्वक कार्यवाही करने, थाना क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु सूचना तंत्र मजबूत और पुख्ता करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने प्रभारियों को कहा कि सामाजिक बुराईयों, नशे व अवैध कारोबार पर सख्ती से पूर्णतः अंकुश लगाई जाए, एफआईआर दर्ज करने में किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए, थाना प्रभारी खुद नागरिकों की समस्या शिकायत को सुने और निराकरण करें। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर जानकारी अपडेट रखने, जमीन संबंधी मामले की शिकायत पर फौरन कार्यवाही के साथ ही बाउन्ड ओव्हर की कार्यवाही कराने, स्थाई वारंट की तामीली में विशेष रूचि लेने के निर्देश दिए। उन्होंने आदतन अपराधियों का निगरानी व गुण्डा बदमाश हिस्ट्रीशीट खोलने, अपराधों की रोकथाम के लिए सतत पेट्रोलिंग व प्रभावी रात्रि गश्त करने एवं अधिक से अधिक लघु व प्रतिबंधात्मक अधिनियम के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

न्यायालय तहसीलदार कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202305140100037
अ-21/2022-23
ग्राम माटवाड़ा मोदी तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अंकिता सोनी पति अजय कुमार, जाति सोनार निवासी माटवाड़ा मोदी, तहसील कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि ग्राम माटवाड़ा मोदी पटवारी ह.नं. 24 तहसील कांकेर खसरा नंबर 43/2 रकबा 0.04 हेक्टेयर में से रकबा 0.028 हे. या 0.07 एकड़ परिवर्तित लगान 198.10 रुपए है को रुपयों की आवश्यकता होने के कारण 30,00,000.00 (तीस लाख) रुपए में श्रीमती यज्ञेश्वरी साहू पति बृजलाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम चंवाड़ तहसील नरहरपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पास विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी कांकेर के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आममुख्तियारनामे से दिनांक 15.6.2023 के पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 1.6.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार
कांकेर

न्यायालय तहसीलदार कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202305140100037
अ-21/2022-23
ग्राम माटवाड़ा मोदी तह. कांकेर

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अंकिता सोनी पति अजय कुमार, जाति सोनार निवासी माटवाड़ा मोदी, तहसील कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि ग्राम माटवाड़ा मोदी पटवारी ह.नं. 24 तहसील कांकेर खसरा नंबर 43/2 रकबा 0.04 हेक्टेयर में से रकबा 0.02 एकड़ परिवर्तित लगान 56.6 रुपए है को रुपयों की अत्यंत आवश्यकता होने के कारण 1,50,000.00 (एक लाख पचार हजार) रुपए में श्रीमती शारदा ठाकुर पति तेज सिंह ठाकुर जाति क्षत्रिय निवासी ग्राम माटवाड़ा मोदी जिला उत्तर बस्तर कांकेर के पास विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी कांकेर के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति पेश करना है तो स्वयं या आममुख्तियारनामे से दिनांक 15.6.2023 के पूर्व पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 1.6.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी।

सील

तहसीलदार
कांकेर

प्रथम पृष्ठ का शेष...

दिल्ली सरकार को...

डिटेल होनी चाहिए। बेंच ने कहा, 'आप चाहते हैं कि हम यह देखें कि आपने किस फंड का इस्तेमाल कहां किया है। विज्ञापन के लिए रखा गया हर फंड इस प्रोजेक्ट में लगाया जाना चाहिए। क्या आप इस तरह का आदेश चाहते हैं? आप ही ऐसा करने को कह रहे हैं। यह राष्ट्रीय महत्व वाला प्रोजेक्ट है। आप डिटेल्स फाइल कीजिए।' आरआरटीएस प्रोजेक्ट के जरिए दिल्ली को राजस्थान और हरियाणा से जोड़ा जाना है। इसके तहत हाईस्पीड कम्प्यूटर बेस्ड रेलवे सर्विस दी जाएगी। रैपिड रीजनल ट्रांजिट सिस्टम के जरिए नॉन-पीक टाइम में माल ढुलाई की योजना है। रैपिड रेल 180 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलेगी। जब आरपीडीएक्स में भीड़ कम रहेगी, तब उसे कार्गो पहुंचाने में यूज किया जाएगा। यह सर्विस मेट्रो सर्विस से अलग होगी। मेट्रो में स्पीड कम और स्टॉपेज ज्यादा होते हैं। आरआरटीएस में स्पीड ज्यादा और स्टॉपेज कम होंगे। इससे एनसीआर में ट्रैफिक और पॉल्यूशन में भी कमी आएगी।

राजनीतिक दलों के...

तरह की जानकारी दायर करने के लिए एक मानक और निर्धारित प्रारूप भी उपलब्ध होगा। साथ ही इससे चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता भी बढेगी। पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत राजनीतिक दलों के मोबाइल नम्बर तथा ई मेल पर संदेश भेजकर उन्हें निर्धारित समय से वित्तीय ब्योरा जमा कराने की जानकारी दी जायेगी। आयोग इस पोर्टल पर ब्योरा दर्ज करने के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के लिए एक प्रशिक्षण सत्र का भी आयोजन करेगा।

आयोग ने कहा है कि यदि कोई राजनीति दल वित्तीय ब्योरा ऑनलाइन जमा नहीं कराना चाहता है तो उसे इसका लिखित कारण बताते हुए मैनुअल तरीके से ब्योरा जमा कराना होगा और साथ में यह जानकारी सीडी या पेन ड्राइव में भी देनी होगी। आयोग ऑनलाइन दायर किये गये सभी ब्योरों को पोर्टल पर सार्वजनिक करेगा और ऑनलाइन ब्योरा न जमा कराने के कारणों को भी पोर्टल पर डालेगा।

महाराष्ट्र में ...

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल को उन विधायकों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने का अधिकार है, जिन्होंने कल महाराष्ट्र कैबिनेट में शपथ ली। मेरे पास पहले विधायकों के जाने के 2-3 पुराने अनुभव हैं। आगे नतीजे अच्छे होंगे। वहीं एनसीपी के नेता जितेंद्र आव्हाड ने कहा कि शरद पवार के दौरे में जिस तरह से लोग जुट रहे हैं, विधायकों को पता होना चाहिए कि जब शरद पवार उनके इलाके में उनके खिलाफ दौरा करेंगे तो उनका क्या हाल होगा। उन्होंने पार्टी बनाई है, चुनाव चिन्ह उनका है। ना कि प्रफुल पटेल, नरेंद्र मोदी का।

भाजपा में गए सब...

जितने नेताओं के नाम गिन लीजिए वे सारे नेता पहले भाजपा के टारगेट में थे। रोज उसके खिलाफ बयान होता था लेकिन जैसे ही भाजपा में गए सब वाशिंग मशीन में धुलकर चकाचक हो गए। कोई कार्रवाई नहीं हुई और अब कोई मुख्यमंत्री बना है, कोई राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बना है और कोई मंत्री बना है। इस तरह से सेंट्रल एजेंसी के माध्यम से लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है।

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
वि./यां. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट संभाग बिलासपुर (छ.ग.)
पत्र क्रमांक 1988 / व.ले.लि. / 2023-24 / बिलासपुर, दिनांक 30.06.2023

निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना क्र. 03/व.ले.लि./2023-24 आमंत्रण दिनांक 22.05.2023, जिला रायगढ़ अंतर्गत खम्हार पाकुट मध्यम जलाशय के जलद्वारों का सुधार/मरम्मत कार्य को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। जी -01546/1

जी-02919/2

कार्यपालन अभियंता
वि/यां. लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट संभाग सकरी बिलासपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

कलेक्टर ने कोदोमाली, मैनपुर, बम्हनीझोला व अमलीपदर का किया दौरा

- **जल जीवन मिशन, आश्रम छात्रावास, हाट-बाजार क्लीनिक, अस्पताल एवं रीपा का निरीक्षण**
- **कोदोमाली के पानी की समस्या को एक सप्ताह के भीतर दूर करें**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज विकासखण्ड मैनपुर के वनांचल क्षेत्र के गांवों का सघन दौरा कर जल जीवन मिशन, आश्रम -छात्रावास, हाट-बाजार क्लीनिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रूरल इंडस्ट्रियल पार्क, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं निर्माणाधीन पुल के कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी जगहों पर जाकर योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निर्माणाधीन कार्यो का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही जनसुविधाओं के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश भी दिये। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत तौरेंगा के आश्रित ग्राम कोदोमाली में सोलर आधारित जल आपूर्ति तंत्र, मैनपुर में प्री मैट्रिक बालक एवं कन्या आश्रम-छात्रावास, बम्हनीझोला में हाट-बाजार क्लीनिक, अमलीपदर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का जायजा लिया। साथ ही उरमाल में तेल नदी पर निर्माणाधीन पुल का भी निरीक्षण कर अंतिम कार्यो को पूर्ण कर आवागमन के लिए पुल को शुरू करने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर अविनाश भोई, एसडीएम मैनपुर हितेश पिस्दा, सीईओ जनपद अंजली खलखो एवं अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर छिकारा कोदोमाली में पगडंडी रास्तों पर चलकर फूलबाई के घर तक पहुंचे - कलेक्टर छिकारा ने दौरा कार्यक्रम के शुरुआत में कोदोमाली में पहुंचकर सोलर आधारित जल जीवन मिशन के कार्यो का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने गांव के अंतिम छोर में बसे फूलबाई के घर तक जाकर पानी की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से बात कर पानी की सप्लाई की जानकारी ली। कुछ ग्रामीणों ने पानी की समस्या बताई, जिस पर कलेक्टर छिकारा ने एक सप्ताह के भीतर गांव के सभी घरों में पानी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश पीएचई और क्रेडा के अधिकारियों को दिये।

आश्रम-छात्रावासों में बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ सभी जरूरी सुविधाओं को करें सुनिश्चित - कलेक्टर श्री छिकारा ने मैनपुर में प्री मैट्रिक बालक आश्रम एवं कन्या छात्रावास का भी निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों जगह विद्यार्थियों के पढ़ाई और रहने-खाने के लिए की गई जरूरी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही स्टोर रूम और अन्य कमरों में जाकर साफ-सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालयीन पंजियों एवं स्टॉक पंजियों का अवलोकन कर सामग्रियों का भौतिक सत्यापन भी किया। कलेक्टर ने साफ-सफाई में अव्यवस्था एवं पंजियों को अद्यतन नहीं करने पर दोनों अधीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों की पढ़ाई में कोताही नहीं बरतने तथा पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के लिए रहने और खाने के समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

हाट-बाजार क्लीनिक और स्कूल भवन का निरीक्षण

कलेक्टर छिकारा ने मैनपुर के ग्राम बम्हनीझोला में साप्ताहिक हाट-बाजार में पहुंचकर वहां संचालित हाट-बाजार क्लीनिक का भी अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद मेडिकल स्टॉफ से क्लीनिक में किये जाने वाले इलाज, उपलब्ध दवाईयों, लैब टेस्ट एवं अन्य दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने हाट-बाजार क्लीनिक में अधिक से अधिक मरीजों का इलाज करने के निर्देश स्वास्थ्य टीम को दिये। साथ ही उन्होंने शासन द्वारा लोगों के निःशुल्क इलाज के लिए संचालित हाट-बाजार क्लीनिक योजना का लाभ उठाने की अपील बाजार में आये लोगों से की। इसके पश्चात कलेक्टर ने धुरवागुड़ी में निर्माणाधीन स्वामी आत्मानंद स्कूल भवन का भी जायजा लिया। उन्होंने बचे हुए निर्माण कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिये। अमलीपदर में अस्पताल, रीपा, पीएमजीएसवाय एवं उरमाल में पुल का किया निरीक्षण। क्षेत्र भ्रमण के दौरान कलेक्टर छिकारा ने जिले के दूरस्थ वनांचल गांव अमलीपदर पहुंचकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में ओपीडी, आईपीडी, दवाईयों की उपलब्धता, मेडिकल स्टॉफ एवं साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती ग्राम भैसमुड़ी की श्रीमती संगीता से अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने मरीजों के ईलाज के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने एवं साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश अस्पताल इंचार्ज को दिये। इसके पश्चात कलेक्टर ने अमलीपदर में निर्मित रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में जाकर आजीविका गतिविधियों में संलग्न महिलाओं से बातचीत की।

खौना में प्रवेशोत्सव मनाया गया

खरोरा/नवप्रदेश। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खौना,में हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया, शासन के निर्देशानुसार छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराकर गणवेश व पाठ्यपुस्तक प्रदान किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर के लोकप्रिय महामंत्री एवं शाला विकास प्रबंध समिति के अध्यक्ष कमलेश ठाकुर जी थे तथा अध्यक्षता प्राचार्य महोदय द्वारा किया गया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में किरण ठाकुर मंडी उपाध्यक्ष तिल्दा थे, सभी अतिथियों द्वारा माता सरस्वती की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया लोकप्रिय नेता कमलेश ठाकुर जी ने अपने उद्बोधन में सारगर्भित संदेश देते हुए कहा कि सभी छात्र छात्राएं समय पर स्कूल पहुंचे और पूरी मन लगाकर विद्याधन करें सभी पालक गण एक उम्मीद और आशा के साथ आप सबको प्राथमिक स्कूल उसके बाद मिडिल स्कूल फिर हाई स्कूल में प्रवेश दिलाए हैं उम्मीदों पर खरा उतरते हुए एवं विद्यालय के नियमों एवं अनुशासन पर चलते हुए अपने घर परिवार गांव का नाम रोशन करें यही शुभकामना है पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लें, श्री ठाकुर जी ने आगे कहा कि हमारी प्रदेश की भूपेश सरकार बजट में सबसे अधिक राशि शिक्षा के लिए दिए हैं शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी और हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय योजना में माता-पिता एवं पालकों को अपने बच्चों के लिए अंग्रेजी शिक्षा के खर्च के बोझ से मुक्त करा दिया है।

एसडीओपी ने लोगों को किया जागरूक

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति के खिलाफ अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा हैं। इस अभियान के तहत 1 जुलाई को एसडीओपी बेमेतरा व थाना दाढी प्रभारी एवं स्टाफ द्वारा दाढी पुलिस ने ग्राम कठौतिया में जन चौपाल लगाकर आमजन को साइबर क्राइम से बचने तथा नशा मुक्ति अभियान चलाकर आमजन को नशे का परित्याग कर अपने परिवार समाज और देश की उन्नति में सहयोग प्रदान करने तथा समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 देकर अपनी समस्या एवं शिकायत की जानकारी तुरंत पुलिस को देने हेतु सलाह दी गई। साथ ही नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा करने से व्यक्तिगत, शारीरिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से होने वाले नुकसान, साथ ही युवा वर्ग के भविष्य में पड़ने वाली प्रभाव से अवगत कराया गया। नशा से सड़क दुर्घटना, मारपीट, घरेलू विवाद में वृद्धि किस प्रकार होना संभाव्य है आदि समस्त बातों की विस्तृत जानकारी दी गई एवं नशा नहीं करने संकल्प दिलाया गया। साथ ही बीडी, सिगरेट, शराब, गांजा जैसे नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता हैं। लोगों को नशा नहीं करने का संकल्प दिलाये और इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। गुडाखु, तंबाकु, गुटका के लगातार सेवन से मुह धीरे-धीरे कम खुलने लगता हैं, जो कि कैंसर का कारण बनता हैं, किसी भी प्रकार का नशा को छोडने के लिए व्यक्ति को दृढ संकल्पित होने की आवश्यकता हैं। इसके लिए युवाओं को आगे आकर समाज में जागरूकता लाने की आवश्यकता हैं, ताकि समाज में सामाजिक मधुरता बना रहें। इस दौरान एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, थाना दाढी प्रभारी निरीक्षक संतोषी ग्रेस, ग्रामीणजन, सरपंच, किसान, ग्राम के मुखिया उपस्थित रहें।

रोड मरम्मत के चलते नेशनल हाईवे 53 गड़बेड़ा के पास वन वे

पिथौरा/नवप्रदेश। नगर से लगे नेशनल हाईवे 53 के गड़बेड़ा के पास यातायात एक तरफा किया गया है जिसके लिए प्रशासन और आमजन को अवगत कराया गया है बीएससीपीएल आरंग टोलवे लिमिटेड के द्वारा नेशनल हाईवे रोड़ -53 पर ओवरलेन का कार्य नियत किया जाना है ग्राम गड़बेड़ा के पास 176.550 से 183.450 तक जो कि मौसम ख़राब (लगातार बारिश) की वजह से हमारा काम सही टाइम हो नहीं पाया है प्रशासन से आवेदन किया गया है कि 01/07/2023 से लेकर 15/07/2023 तक जो बचा काम करने के लिए तैयारी कर रहा है जिसके चलते हमें एक तरफ का पूरा यातायात बंद करके, दूसरी तरफ डाइवर्ट करके काम करना है बिना पुलिस प्रशासन मदद के असुविधा उत्पन्न हो सकती है इसलिए प्रशासन से मदद का आवेदन किया गया है और साथ ही अपने पूरी टीम और एम्बुलेंस के साथ उपस्थित रहेंगे की बात बताई गई है।

नगर पालिकाओं में भी 25 सेवाओं की सुविधा मिलेगी

- **मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया शुभारंभ**

बेमेतरा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का विस्तार किया। इस अवसर पर श्री बघेल ने मुख्यमंत्री मितान योजना का सभी नगर पालिकाओं में शुभारंभ किए, जिसके बाद अब मितान योजना में श्रमिक कार्ड सहित 25 सेवाओं की सुविधा घर बैठे हितग्राहियों को मिलेगी। अब तक मुख्यमंत्री मितान योजना की सुविधा नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों को मिल रही थीं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क का भी शुभारंभ किया, ताकि शहरी क्षेत्रों में भी स्टार्टअप उद्यमियोंए स्व. सहायता समूहों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें। मुख्यमंत्री के वीडियो कॉन्फ्रेसिंग कार्यक्रम में विधायक बेमेतरा आशीष छाबड़ा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा शकुंतला साहू, पार्षद, जनप्रतिनिधि, जिला पंचयात सीईओ लीना मंडावी, अपर कलेक्टर छन्नू लाल मारकंडे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र उपाध्याय सहित गणमान्य नागरिक कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में वर्चुअल शामिल हुए। कार्यक्रम में वर्चुअल शामिल होने की व्यवस्था की गयी थी।

चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस पर पौधरोपण

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में पर्यावरण संरक्षण संवर्धन का पर्याय बन चुके हरीतिमा टीम द्वारा अपने मुहिम में सामुदायिक जुड़ाव अभियान के तहत नगर के सभी सम्मानित चार्टर्ड अकाउंटेंट की उपस्थिति में उनके दिवस को यादगार बनाने रानी दुर्गावती चौक स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल के सामने कदंब का 15 नग पौधा लगाकर स्कूल परिसर को हरियाली से आच्छादित करने का संकल्प लेते हुए शालेय वातावरण को पर्यावरण अनुकूल बनाने में अपना योगदान किया।

आज के इस पौधरोपण कार्यक्रम के साथ हरीतिमा टीम ने अपने वृहद अभियान की शुरुआत करते हुए इस वर्ष का लक्ष्य लगभग 2000 नए पौधे लगाने का रखते हुए कार्य आरंभ किया। इस कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट पंकज जैन, गोपाल अग्रवाल, सुशांत बांठिया ,विनीत अग्रवाल के साथ हरीतिमा टीम के सभी सदस्य तथा स्कूल के प्राचार्य आर एल बारले एवं स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

प्रवेशोत्सव में मिठाई खिलाकर स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। विकासखंड भाटापारा स्थित ग्राम बिजराडीह में शासकीय हाई स्कूल, पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला में संयुक्त रूप से शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया।

इस कार्यक्रम में उपस्थित शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवंसदस्यों द्वारा नवप्रवेशी छात्र- छात्राओं को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया,साथ ही उन्हें शासन की योजना अनुसार निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश, स्लेट पेंसिल का वितरण किया गया। इस वर्ष प्रत्येक विद्यार्थी को निःशुल्क कापियां भी वितरित की जा रही है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य दर्शन सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री की पाती संदेश पढ़कर सुनाया। इस दौरान सरपंच विद्या ध्रुव, परस राम यदु, अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शाला घनश्याम यदु, अध्यक्ष प्राथमिक शाला, कंचन डहरिया, सुनीता ध्रुव, सदस्य, व्याख्याता तुलकुमार वर्मा, धीरेन्द्र सिसोदिया, दुर्गेश कुमार विज्ञान सहायक, रामेश्वरी साहू शिक्षक, राजेश कुमार साहू प्रभारी प्रधानपाठक, रामदास डहरिया, मोहितदास मानिकपुरी, बीरेंद्र वर्मा, अमृत सेन शिक्षक, जीतराम वर्मा, प्रधानपाठक, राजकुमारी साहू, कविता साहू, मीना बंजारे स.शिक्षक सहित विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

शराब बिक्री पर पुलिस की कार्रवाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा पुलिस के द्वारा जारी हेल्प लाइन नंबर 9479257558 पर एक व्यक्तिय से शिकायत प्राप्त हुआ कि पुलिस चौकी खण्डसरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सेमरिया में अवैध रूप से शराब बिक्री करता हैं।समाधान में उक्त शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा समाधान सेल प्रभारी कौशिल्या साहू एवं पुलिस चौकी प्रभारी खण्डसरा उप निरीक्षक डीएन सिंह को आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किये। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल व एसडीओपी एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 30 जून को पुलिस चौकी खण्डसरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सेमरिया में खण्डसरा पुलिस स्टाफ पहुंच कर शिकायत के अधार पर चेकिंग किया गया, चेकिंग के दौरान लोगों को अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने पर आरोपी मनीराम साहू पिता धनसिंह साहू उम्र 38 साल साकिन सेमरिया पुलिस चौकी खण्डसरा थाना व जिला बेमेतरा के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया हैं। उपरोक्त कार्यवाही में समाधान सेल एवं पुलिस चौकी खण्डसरा स्टाफ का सराहनीय भूमिका रही।

गुरूकुल में गुरूपूर्णिमा मनाई गई

कवर्धा/नवप्रदेश। शिक्षा एवं संस्कार प्रदान करने में अग्रगण्य जिले की अंग्रेजी माध्यम शाला गुरूकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा में गुरूओं के प्रति अपनी श्रद्धा एवं कृतज्ञता को प्रकट करने के लिए गरिमामय वातावरण में गुरूपूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई। प्रभारी प्राचार्य ज्ञानेन्द्र सिंह ने गुरूपूर्णिमा के महत्व को रेखांकित करते हुए गुरू-महिमा का वर्णन किया। मीडिया सह-प्रभारी डॉ. विजय कुमार शाही ने बताया कि इस पावन अवसर प्रातः कालीन सभा में छात्र-छात्राओं द्वारा भक्ति पूर्ण गुरू - वंदना का सरस गायन किया गया। जिसने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा सातवीं के छात्र अनुभव जैन तथा शिक्षक रामदेव वैष्णव ने अपने उद्बोधन में भारतीय संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में गुरू के महत्व को स्पष्ट किया कक्षा नौवी के छात्र सुजय कुमार शाही ने सभा की कमांडिग की। विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यालय के सभी गुरूजन को लेखनी तथा श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस समारोह के सफल आयोजन में शिक्षिका विद्या बंजारे, मधुमिता साहू, तथा शिक्षक लक्ष्मीकांत शुक्ला, आर.पी. मिश्रा, जी.पी. गोस्वामी, बाबूलाल शर्मा, डॉ. वी.एस.त्रिवेदी, रवि चंद्राकर, योगेश बल्हारे की प्रमुख भूमिका रही। विद्यालय प्रबंधन के सभी पदाधिकारीगण ने गुरूकुल को इस पावन अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

छत्तीसगढ़ जूनियर बालिका हॉकी टीम क्वाटर फाइनल में

- **वर्षों बाद छत्तीसगढ़ की टीम फाइनल में**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। हॉकी इंडिया द्वारा दिनांक 27 जून से 07 जुलाई 2023 तक राउरकेला में आयोजित कि जा रही 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर बालिका राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में आज छत्तीसगढ़ ने अपना तीसरा महत्वपूर्ण व क्वालीफाई मैच खिताब की प्रबल दावेदार उत्तरप्रदेश हॉकी के साथ खेला जिसमे उसने उत्तरप्रदेश हॉकी को 5-2 से हरा कर क्वाटर फाइनल में अपनी जगह बनाई । सुरुवात में उत्तरप्रदेश हॉकी की टीम ने अपना दबाव बनाते हुए मैच के 7वे मिनट में साक्षी शुक्ला ने 1 गोल बढ़त बनाई थी। किन्तु छत्तीसगढ हॉकी के खिलाडियों ने पूर्व में खेले गए मैचों के भांति अपने तीसरे मैच में भी आक्रामक पारी खेलते हुए अपने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए मैच के दसवे ही मिनट में टीम की मिडफील्डर अनिशा साहू के गोल की बदौलत 1-1 की बराबरी पर ला दी। उसके तुरंत बाद ही मैच के 12वे मिनट में फारवर्ड आँचल साहू ने 1और गोल कर 1 के मुकाबले 2 गोल की बढ़त बनाई। छत्तीसगढ़ की टीम ने पूरे समय मैच में अपना दबदबा बनाये रखा। दोनों ही टीमो के बीच बड़ा ही रोमांचक मैच देखने को मिला। मैच के मध्यांतर तक छत्तीसगढ़ टीम 2 के मुकाबले 3 गोलो से बढ़त बनाई हुई थी, मध्यांतर के बाद खेले गए मैच में छत्तीसगढ़ की जूनियर बालिका टीम ने अपने खेल में बदलाव करते हुए लगातार गोल करने के लक्ष्य से खेलती रही और मैच के अंत तक छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने 2 के मुकाबले 5 गोल से जीत दर्ज कर क्वाटर फाइनल में प्रवेश किया।

छत्तीसगढ़ टीम की ओर से आंचल साहू ने 1, अनिशा साहू ने 2, मोनिका तिर्की ने 1, सुनीता कुमारी ने 1,गोल किए। छत्तीसगढ़ टीम की डिफेंडर खिलाड़ी कु. मंतेस्वरी लहरे को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। छत्तीसगढ़ हॉकी का अगला क्वाटर फाइनल मैच 04 जुलाई को ओडिशा के साथ खेला जायेगा। इसके पूर्व छत्तीसगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बिहार को 19-0 तथा दादर नागर हवेली को22- 01 से पराजित किया था। छत्तीसगढ़ हॉकी टीम में अमिताभ मानिकपुरी कोच,व गायत्री सारथी मैनेजर के रूप में शामिल है।

टीम की इस जीत पर छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, महासचिव मनीष श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डी. रविशंकर, हरिंदर सिंह भाटिया, एम.वाय. कुरेशी, विनीता नवघरे, मंजुला बिश्वास,कोषाध्यक्ष आशा थामस सह- सचिव, गोपेस्वर कहरा, राजेश मंडावी, वर्षा शर्मा, रीना बोरकर,गजेंद्र शर्मा, अंसार अहमद, नवीन मसीह, जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायाण धकेता, नीलमचंद जैन, कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, नरेश डाकलिया (पूर्व महापौर), भुषण सॉव, गणेश प्रसाद शर्मा, दौलत सिंह चंदेल, आशोक नागवंशी,छोटेलाल रामटेके, अनिल यादव, जिला कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, हॉकी कोच अनुराज श्रीवास्तव, कुमार स्वामी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, महेन्द्र सिंग ठाकुर, विरेन्द्र सिंग भाटिया, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी मृणाल चौबे, गुणवंत पटेल, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी,मनीष गौतम (स्पोर्ट्स सेल),अमित माथुर श्रीमति ममता गुप्ता,श्रीमति बबिता लिल्हारे, किशोर धीवर, शकील अहमद तरूण यादव,अभिनव मिश्रा, रवि पारीख, जावेद अली,धनीराम यादव, खेमराज सिन्हा, सचिन खोब्रगडे, कृष्णा यादव सहित छत्तीसगढ़ हॉकी के सदस्यों ने बधाई व शुभकामनांए दी।

आशीष को मिला 'एक्सीलेंस सर्विस अवार्ड'

- **उल्लेखनीय कार्यों के लिए आशीष सम्मानित**

बेमेतरा/नवप्रदेश। नगर थानखम्हरिया व प्रदेश के लोकप्रिय लेखक व संस्कृतिकर्मी आशीष राज सिंघानिया को कला, संस्कृति, संगीत व साहित्य के क्षेत्र में किए जा रहें उनके निरन्तर उल्लेखनीय कार्यो हेतु रामूजी एंड कंपनी द्वारा बिलासपुर के एक पाँच सितारा होटल में भव्य कार्यक्रम में 'एक्सीलेंस सर्विस अवार्ड' बिलासपुर पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल व उद्योगपति सुनील रामदास के हाथों प्रदान किया गया। प्रदेशभर के विशिष्ट लोगों की उपस्थिति व गरिमामय समारोह में आशीष के सम्मान से नगर सहित क्षेत्र के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। गौरतलब हैं कि विगत एक दशक से श्री साईनाथ फाउंडेशन व आशीष प्रदेश व देश में कला, संस्कृति, संगीत, साहित्य, नाट्य व नृत्य जैसे विधाओं से जुड़े उत्कृष्ट आयोजनों हेतु जाने जाते हैं, वर्षभर तमाम शासकीय व निजी संस्थाओं के सहयोग से आयोजनों की निरंतरता बनी रहती हैं। चर्चा में आशीष ने बताया कि प्रदेश-देश की नई प्रतिभाओं को मंच मुहैया करवाने व वरिष्ठ व लब्धप्रतिष्ठित कलाकारों की प्रस्तुतियों से आम जनता को रूबरू करवाने के उद्देश्य से शुरू किए गए जुरमिल, कलमकार की खोज, रंग संगीत, रायपुर रंग महोत्सव, रंग ओ अदब, कवितावली, जश्न ए ज़बाँ जैसे तमाम आयोजनों ने आज पूरे देश में अपनी एक अलग पहचान स्थापित की हैं। हजारों की संख्या में देश भर के नवोदित व स्थापित साहित्यकारों व कलाकारों को समय-समय पर विभिन्न आयोजनों में शिरकत करने का अवसर प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध लेखक व शायर आशीष ने कला व संस्कृति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए अब तक के सफर हेतु तमाम स्वजनों, मित्रों, सहयोगियों व शुभचिंतकों के प्रति आभार ज्ञापित किया हैं। उल्लेखनीय हैं कि आशीष को इस प्रतिष्ठित सम्मान 'एक्सीलेंस सर्विस अवार्ड' की प्राप्ति पर देश भर से उनके चाहने वालों ने अपनी बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

जिले में डर-भय का माहौल पैदा करना चाहते हैं महेश गागड़ा : मण्डावी

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि 02 अगस्त 2023 दिन रविवार, समय लगभग रात्रि 09.15 बजे ग्राम कुटरू में घटना घटी जिसमें दीपक ईस्ता अपने भतीजे के उपचार के लिये भाजपा नेता कमलेश मण्डावी जो वैद्य का काम करता है उसके घर गया था, जहाँ दोनो के बीच उपचार को लेकर विवाद हुआ था। इस घटना को लेकर जिस तरह से भाजपा और महेश गागड़ा ने नक्सली घटना बताकर कांग्रेस पार्टी एवं कांग्रेस सरकार, कांग्रेस नेताओं को अपने राजनैतिक लाभ के लिये बदनाम करने की कोशिश की है भाजपा के इस कृत्य को विक्रम मंडावी ने कड़े शब्दों में निंदा की है और कहा है कि कांग्रेस पार्टी अहिंसा के रास्ते पर चलने वाली पार्टी है, भाजपा, आर.एस.एस. की तरह नाथूराम गोडसे को मानने वाली पार्टी नही है। जो केवल हिंसा को समर्थन देते है।

विक्रम मंडावी ने प्रेस वार्ता में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के 15 वर्षो के शासन काल में, भाजपा नेता

स्व. जगदीश कोंड्रा, स्व. रामसाय मंज्जी, स्व. महेश पुजारी नक्सली घटनाओं में मारे गये। इनके अलावा हमारे कांग्रेस के भी कई बड़े नेता मारे गये, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने कभी भी इन घटनाओं को लेकर राजनीति नहीं की। विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से जिलेभर में बड़े पैमाने पर विकास कार्य हुए है, जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हुआ है इन साढ़े 4 वर्षों में हमारी सरकार ने जनता का विश्वास जीता है।

इससे भाजपा, महेश गागड़ा घबराकर जिले में नक्सली घटनाओं के नाम पर लोगों के बीच कांग्रेस पार्टी एवं कांग्रेस सरकार को षडयंत्र कर बदनाम करने का काम कर रही है जिसमें भाजपा और महेश गागड़ा कभी सफल नहीं होंगे भाजपा का षडयंत्र कुटरू की घटना से उजागर हो गई है। भाजपा और पूर्व मंत्री महेश गागड़ा सहित कुछ तथाकथित लोग लगातार जिले के कांग्रेस नेताओं के खिलाफ षडयंत्र रच रहे है। इस पूरे घटना के पीछे मूल कारण यह है कि महेश गागड़ा जी अपनी ही पार्टी के अंदर भय और डर का माहौल बनाकर टिकट पाना चाहते है। विक्रम मंडावी आगे कहा कि जिले में महेश गागड़ा ने अपना जनाधार खो दिया है जनता पूर्ण रूप से कांग्रेस एवं भूपेश सरकार के साथ है आने वाले समय में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी बीजापुर सहित पूरे प्रदेश में जीत का परचम लहरायेगी।

प्रेस वार्ता के दौरान ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुड़ियम, ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, ज़िला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, ज़िला पंचायत सदस्य एवं छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण बोर्ड के सदस्य बसंत राव ताटी, युवा आयोग के सदस्य प्रवीण डोंगरे, ज़िला पंचायत सदस्य सोमारु राम कश्यप, ज़िला पंचायत सदस्य सरिता चापा, नगर पालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, पीसीसी सदस्य जय कुमार नायर, ज़िला मंडी अध्यक्ष कामेश्वर गौतम, पीसीसी सदस्य एवं सांसद प्रतिनिधि आर वेणुगोपाल राव, पीसीसी सदस्य व ज़िला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ज्योति कुमार, जनपद अध्यक्ष बोधि ताती, उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि जगबंधु माँझी, प्रवक्ता सालिक नागवंशी, ज़िला महामंत्री जितेंद्र हेमला, युवा कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष कामेश मोरला, विजय कुड़ियम और सदाशिव राना सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ई-जनचौपाल में 74 आवेदन मिले निराकरण के अधिकारियों को निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में प्रति सोमवार को ई-जनचौपाल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा नरहरपुर, चारामा, भानुप्रतापपुर, दुर्गुकोंदल, अंतागढ़ एवं पखांजूर जनपद कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीणों की समस्या व शिकायत सुनी जा रही है तथा कांकेर विकासखण्ड के ग्रामीण कलेक्टर से प्रत्यक्ष मुलाकात कर अपनी समस्या व शिकायत से अवगत करा रहे हैं।जिसका त्वरित निराकरण भी किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने सोमवार को ई-जनचौपाल में 74 लोगों की समस्या सुनी तथा उसके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। सोमवार को आयोजित ई-जनचौपाल में अंतागढ़ विकासखण्ड से 03, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड से 08, चारामा विकासखण्ड से 07, दुर्गुकोंदल से 04 और नरहरपुर विकासखण्ड से 02 लोगों ने अपने जनपद कार्यालय में उपस्थित होकर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा 50 व्यक्तियों द्वारा जिला कार्यालय में उपस्थित होकर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला को अपनी समस्या से अवगत कराया, जिनका निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, सहायक कलेक्टर प्रखर चंद्राकर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर जी.एस. नाग, एसडीएम मनीष साहू, डिप्टी कलेक्टर अशोक मारबल, सीएसईबी के कार्यपालन अभियंता सतीश कुमार किण्डो, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.पी.मंडावी समाज कल्याण विभाग के उप संचालक सिनीवाली गोयल एवं खाद्य अधिकारी जे.नायक भी मौजूद थे।

पीएम आवास योजना से पक्के मकान की आस पूरी

■ **रामलाल को मिला योजना का सहारा**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना ने कई लोगों के सपने को सच कर दिखाया है। इसी तरह रामलाल को भी कच्चे मकान से मिला छुटकारा योजना का मिला सहारा। विकासखंड गीदम अंतर्गत ग्राम पंचायत हिरानार के गागरूपारा के निवासी श्री रामलाल एक निम्नवर्गीय परिवार से है। अपने परिवार के जीवन यापन के लिए कृषि एवं मजदूरी पर निर्भर रहता है। घर के एकमात्र कमाऊ पुरुष सदस्य होने के कारण घर की सारी जिम्मेदारी रामलाल के कंधे पर थी। मजदूरी एवं खेती की आय से जीवन यापन पर्याप्त नहीं होने के कारण रामलाल के परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय थी, जिससे उसकी अपने परिवार के लिये सर्व सुविधा युक्त पक्के आवास

का सपना पूर्ण करना असंभव सा प्रतीत हो रहा था तथा वह जर्जर, कच्चा एवं घास फूस से बने घर में निवास करना अपनी नियति मान बैठा था। मिट्टी के घर में रहने वाले रामलाल का भी सपना रहा है कि पक्के मकान की छत हो कहीं न कहीं आर्थिक परिस्थिति उसका बाधा बनी हुई थीं लेकिन कहते है वक्त सबका बदलता है और देर से ही सही, बुरे वक्त के बाद अच्छे दिन की शुरुआत जरूर होती है ऐसा ही रामलाल के साथ हुआ उसे पता चला कि भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 2019-20 में रामलाल को आवास की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त रामलाल को पक्के मकान का सपना साकार होने का मार्ग मिल गया। आवास के सपने को पूर्ण करने में रामलाल के बुजुर्ग पिता एवं पति ने भी हर संभव सहायता प्रदान की। योजना के तहत रामलाल को मकान निर्माण के लिए रू.1 लाख 30 हजार, शौचालय के लिए रू. 12 हजार तथा मनरेगा के तहत 95 दिवस की मजदूरी की राशि रू. 16 हजार 720 भी शासन द्वारा रामलाल के बैंक खाते में स्थानांतरित की गयी साथ ही उज्ज्वला योजना अंतर्गत रसोई गैस भी प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आवास के बन जाने के बाद अब रामलाल अपने परिवार की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति आश्वस्त है। अब रामलाल बहुत खुश है तथा इसके लिए रामलाल ने शासन के प्रति अपनी कृतज्ञता जाहिर की।

लापरवाह 33 वाहन चालकों के ड्रायविंग लाइसेंस निलंबित

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में हो रही लगातार सड़क दुर्घटना को देखते हुए परिवहन व पुलिस विभाग द्वारा लापरवाह वाहन चालकों पर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में विभिन्न सड़क दुर्घटनाओ में जैसे तेजगति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना, मालवाहनों में सवारी बैठना, ओवरलोड वाहन चलाना शामिल है। ऐसे लापरवाह वाहन चालकों का मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 19 एवं मोटरयान नियम 1989 के नियम 21 के तहत माह जून में 33 वाहन चालकों का ड्रायविंग लाइसेंस निलंबित किया गया।जिला परिवहन अधिकारी अतुल असैय्या ने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा लाइसेंस निलंबित करने हेतु परिवहन विभाग को प्रस्ताव प्रेषित किया जाता है, जिसके उपरांत संबंधित लाइसेंस धारक को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की जाती है।

संपन्नता की कहानी गढ़ रहा मोतीराम

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कुआकोंडा के निवासी मोतीराम के पास कुछ जमीन थी जिसमें वो सब्जी उत्पादन का कार्य करना चाहते थे किंतु उनके पास पर्याप्त पूंजी का अभाव होने के कारण वे खेत में मेढ़ बंधान कार्य नहीं कर पा रहे थे। इस प्रकार मन में कुछ करने की चाह होने के बावजूद वे खुद को असहाय महसूस कर रहे थे। फिर उन्हें ग्राम पंचायत की ग्राम सभा में पता चला की एफआर.ए. (वनाधिकार पट्टाधारी) हितग्राहियों को प्रशासन की ओर से खेती बाड़ी से जुड़े कार्यों में लाभान्वित किया जा रहा है। इसकी जानकारी मिलते ही उन्होंने अपने आवश्यक दस्तावेज पंचायत के माध्यम से जनपद कार्यालय को उपलब्ध कराया एवं कुछ ही दिनों में उनका कार्य स्वीकृत हो गया एवं मनरेगा योजना से इस कार्य को पूर्ण कर लिया गया। खेती में मेढ़ बंधान

कार्य होने से खेत में पानी एवं खाद बीज के बह जाने की चिंता मुक्त होकर अपनी भूमि में साग-सब्जी उत्पादन का कार्य शुरू किया और उनकी मेहनत रंग लायी। आज उनके खेत में विविध प्रकार की सब्जियों को देखा जा सकता है जिसमें बरबट्टी, सेमी, पालक भाजी, लाल भाजी, सरसों आदि है। इन सब्जियों को वे स्थानीय हाट-बाजार में बेचकर मोतीराम महीने के लगभग 4500 से 6000 तक की भी आमदनी कर पा रहे है। निश्चित तौर पर योजना का लाभ पाकर वे खुश है तथा इसी प्रकार अन्य लोगों को भी योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित कर रहे हैं। महात्मा गांधी नरेगा ग्रामीण लोगों के लिए आजीविका तथा रोजगार का एक प्रमुख साधन तो है ही इसके साथ-साथ हितग्राही मूलक कार्यो जैसे डबरी निर्माण, भूमि समतलीकरण, मेढ़ बंधान, मुर्गी शेड, बकरी शेड, गाय शेड निर्माण तथा अन्य खेती-बाड़ी से जुड़े कार्य भी पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से किए जाते हैं इससे लाभ लेकर ग्रामीण भी विकास की ओर अग्रसर हो रहे है।

सोशल मीडिया में अश्लील वीडियो किया अपलोड

■ **पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल**

कांकेर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में थाना कांकेर पुलिस ने महिला का अश्लील वीडियो बना कर सोशल नेटवर्किंग साइट पर वायरल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मामले का विवरण इस प्रकार है कि थाना कांकेर क्षेत्र के रहने वाले प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी बिरेंद्र कुलदीप निवासी बारदेवरी द्वारा प्रार्थी की पत्नि का अश्लील एवं अपत्तिजनक वीडियो बना कर सोशल नेटवर्किंग साइट पर वायरल कर दिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कांकेर में अंतर्गत धारा 66 (ई),67, 67(ए) आईटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान आरोपी बिरेंद्र कुलदीप पिता मुनेश कुलदीप उम्र 24 वर्ष निवासी बारदेवरी थाना कांकेर को 01 जुलाई 23 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड स्वीकृत करा कर जेल दाखिल किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल भी जप्त किया गया है।

वन अमले ने सागौन के अंतरराज्यीय तस्कर को पकड़ा

■ **कारोबार में एक शिक्षक की भी भूमिका संदेहास्पद**

भोपालपटनम/नवप्रदेश। बीती रात वन विभाग के अमले द्वारा अवैध रूप से सागौन का कारोबार कर रहे अंतरराज्यीय माफिया को पकड़ा। इस कारोबार में एक शिक्षक की भूमिका संदेहास्पद है? गत रात में वन अमले को मुखबिर से सूचना मिली कि सागौन की लट्ठों का अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर वन परिक्षेत्र अधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह ने दल बल के साथ लिंगापुर से आ रहे टाटा एसी वाहन क्रमांक - 04 1- 7816 को रोका, जिसमें पुष्पा भाग- 2 की स्टाइल में सागौन के स्लीपर, बिस्किट व कड़ी को रखा गया था। अवैध रूप से सागौन का कारोबार कर रहे अंतरराज्यीय माफिया जक्कुला विजय और बोटला कुमारस्वामी निवासी-

नरसिंम्हपेठ जिला - महबूबाबाद (तेलंगाना) को माल सहित पकड़ा। ये माफिया दिन में कबाड़ी का धंधा करते और कबाड़ी के एवज में ग्राहक को आलू प्याज देते थे और रात में सागौन के लट्ठों का अवैध कारोबार भी करते थे। पुछने पर इन्होंने कहा कि इस कार्य में हमारे साथ स्थानीय शिक्षक तालापल्ली सदानंदम भी संलिप्त हैं। उनके पास संबंधित शिक्षक का मोबाइल नंबर भी मिला। आज ही शिक्षक तालापल्ली सदानंदम के गृह ग्राम में ही उसके घर के पीछे खंडहर शासकीय भवन में 114 चिरान जब्त किया।

वन परिक्षेत्र अधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि जब्त किया गया सागौन 0.663 घनमीटर है और कीमत लगभग 49 हजार रूपए है और वो 114 चिरान जब्त किया वह लगभग 2 घनमीटर जिसकी कीमत 2 रुपए के आसपास है।रविवार की छुट्टी होने के कारण आज इनको वैधानिक कार्यवाही के लिए कोर्ट में पेश किया गया है। जिस शिक्षक का नाम बताया गया है उसके घर दो बार गए किन्तु नहीं मिला। अगर वह नही मिलता है तो कोर्ट को सूचित किया जाएगा और उसे फरार घोषित किया जाएगा। शिक्षा विभाग को शिक्षक तालापल्ली सदानंदम/ स्व. रामैया गैरकानूनी गतिविधि कार्य के लिखित शिकायत किया जाएगा। कथित तौर पर सूत्रों से जानकारी मिली है कि यह शिक्षक अन्य गैरकानूनी अवैध कारोबार में भी संलिप्त रहता है। कथित तौर पर सूत्रों से पता चला है कि अब तक वह इस सागौन के अवैध तस्करी कारोबार में करोड़ों रुपए का माल खफा चुका है।सूत्रों से जानकारी मिली है इस शिक्षक को बचाने के लिए एक जनप्रतिनिधि सक्रिय है। यह पूर्ण मामला इन्द्रावती बफर जोन का है। इस विभाग के वन परिक्षेत्र अधिकारी,उप वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं कर्मचारी कुंभकर्णी निद्रा में है। सामान्य वन विभाग कर्मचारी और अधिकारी द्वारा सागौन के चिरान फरा आदि जब्त किया जा रहा है लेकिन बफर जोन के कर्मचारी और अधिकारी मुख्यालय से नदारद रहते हैं। इस विभाग कर्मचारी और अधिकारी को इस मामले में कोई रुचि नहीं है।

रेडक्रास सदस्यों ने जरूरतमंद परिवार को बांटे खाद्य सामग्री

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। नेशनल इंडियन रेड क्रास सोसायटी एवं युवा शक्ति समाज सेवी संस्था चारामा के संयुक्त तत्वाधान में नगर के जरूरत मंद परिवारों को दैनिक उपयोगी समान वितरण किया गया।जिसमे दैनिक उपयोगी समान,साबुन,ब्रश,पेस्ट, पेड, सेविंग कीट, तेल,खाना बनाने के लिए सभी उपयोगी बर्तन के अलावा विभिन्न जरूरत की सामग्री डिब्बे में बंद कर प्रदान किया गया।लाभार्थी परिवार एवं सदस्यों के चेहरे पर खुशी व संतुष्टि भरा जवाब मिल रहा था।इस मौके पर प्रमुख रूप से नेशनल इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य एवं युवाशक्ति संस्था के संरक्षक विजय राय,धर्मेन्द्र कुमार साहू, अध्यक्ष उत्तम साहू, सचिव देवेंद्र सिन्हा ,सरिता निर्मलकर सहित संस्था सदस्य उपस्थित रहे।

बच्चों को जाति प्रमाण पत्र वितरण

■ **जिला कलेक्टर के निर्देश पर शत प्रतिशत बच्चों का प्रमाण पत्र बना**

जगदलपुर/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर बस्तर के निर्देश पर प्रत्येक छात्र छात्राओं को जाति आय निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए तहसील कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े, इसको लेकर शिक्षा विभाग के कर्मचारी लगातार पालकों से संपर्क कर प्रमाण पत्रों को बनवाने के लिए न केवल पहल कर रहे हैं। बल्कि दस्तावेजों को संकलित कर तहसील कार्यालय में स्वयं शिक्षक जाकर जमा कर रहे हैं, यही कारण है कि अब पालकों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं होना पड़ रहा है।

बस्तर ब्लॉक मुख्यालय से 16 किलोमीटर दूर मा. शा. बागबाहर रोतमा में मध्यान भोजन नोडल अधिकारी शाला अवलोकन में पहुंचे तो प्रमाण पत्र वितरण की जानकारी प्राप्त की जिस पर संकुल समन्वयक योगेश बघेल ने बताया कि संस्था में दर्ज लगभग 90प्रतिशत बच्चों

का आय जाति निवास प्रमाण पत्र बन चुका है जिस पर मौके पर ही प्रमाण पत्र लेने आए अभिभावकों को एवं बच्चों को मध्यान्ह भोजन नोडल अधिकारी शैलेंद्र तिवारी एवं शाला प्रबंध समिति के सदस्यों के हाथों प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक योगेश कुमार बघेल, प्रधानाध्यापक लक्ष्मीनाथ कश्यप, शिक्षक टीकमचंद साहू, लेखो राम नाग, कुमारी शांति नाग, पालक, सोमारू राम, मनू राम, राजमन, बोदली बाई, लच्छनी बाई सहित बच्चे उपस्थित थे।

बाइक से गिरे बुजुर्ग की मौत, 2 घायल

जगदलपुर/नवप्रदेश। कोड़ेनार थाना क्षेत्र के पुजारीपारा के पास एक तेज रफ्तार बाइक से सवार गिर पड़े, इस हादसे में बाइक में सवार एक बुजुर्ग की जहां मौत हो गई, वही अन्य दो लोग घायल हो गए, घायलों को बेहतर उपचार के लिए मेकाज में भर्ती किया गया है। मामले के बारे में जानकारी देते हुए रामसिंह ने बताया की बोगी, बामन और पांडू माटापारा कोड़ेनार से हड़मापारा कोड़ेनार बाइक में सवार होकर रविवार की शाम को देव काम के लिए जा रहे थे, शाम करीब 5 बजे के लगभग बाइक सवार जैसे ही पुजारीपारा किलेपाल पहुंचे की अचानक से बाइक चला रहे युवक का नियंत्रण बिगड़ गया और बाइक सवार गिर पड़े, इस हादसे में बोगी पोयाम को सिर व शरीर में गंभीर चोट आई, जिसे पहले किलेपाल स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से बेहतर उपचार के लिए मेकाज रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, घटना की जानकारी लगते ही परिजन अस्पताल आ पहुंचे, जहां सोमवार को शव का पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 17 से ग्राम पंचायत स्तर पर

■ **सफलता के लिए समिति का गठन, सीईओ नोडल अधिकारी**

जगदलपुर/नवप्रदेश। शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत स्तर से राज्य स्तर तक छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2023-24 का आयोजन किया जाना है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक आयोजन का दायित्व ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं नगरीय क्षेत्र में नगरीय प्रशासन विभाग को सौंपा गया है। आयोजन हेतु विकासखण्डों, नगरीय क्षेत्र के प्रत्येक राजीव युवा मितान क्लब (ग्राम पंचायत / वार्ड) में जोन व विकासखण्ड स्तर, नगरीय एवं जिला स्तर पर निर्धारित तिथियों में छत्तीसगढ़िया ऑलम्पिक 2023-24 का आयोजन किया जाएगा। जिसमें ग्राम पंचायत स्तर पर 17 से 22 जुलाई तक, जोन स्तर पर 26 जुलाई से 31 जुलाई तक, विकासखंड व नगरीय क्लस्टर स्तर पर 7 अगस्त से 21 अगस्त, जिला स्तर पर 25 अगस्त से 04 सितंबर और संभाग स्तर पर 10 सितंबर से 20 सितंबर 2023 तक आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विजय दयाराम के. द्वारा जिला स्तरीय ओलम्पिक आयोजन हेतु जिला स्तरीय समिति बनाई गई जिसके अध्यक्ष कलेक्टर है, समिति के सदस्यों में पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, नगर निगम आयुक्त, जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय और खेल एवं युवा कल्याण के सहायक संचालक है। इसी प्रकार सभी विकासखंडों के लिए विकासखंड स्तरीय आयोजन समिति अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में गठित की गई है। साथ ही छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2023-24 के ग्राम पंचायत स्तर (राजीव युवा मितान क्लब), जोन स्तर विकासखण्ड स्तर, जिला स्तरीय एवं संभाग स्तरीय सफल आयोजन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक आयोजन में महिला व पुरुष के लिए 3 वर्गों (18 वर्ष से कम, 18 से 40 वर्ष एवं 40 वर्ष से अधिक) में आयोजित किया जाना है। आयोजन सम्पादन के लिए स्थानीय व्यायाम शिक्षक, वरिष्ठ खिलाड़ियों का सहयोग लिया जाएगा, प्रत्येक स्तर पर चयनित खिलाड़ियों की चयन सूची विकासखण्ड स्तर एवं विकासखण्ड स्तर के आयोजन पश्चात जिला स्तर पर संकलित की जाएगी।

सुष्मिता की 'ताली' का पोस्टर रिलीज

फॉर्मर मिस यूनिवर्स और बॉलीवुड एक्टेस सुष्मिता सेन की अपकमिंग बायोपिक 'ताली' है। मेकर्स ने हाल ही में इसका मोशन पोस्टर रिलीज किया है। यह वेब सीरीज ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट गौरी सावंत की रियल लाइफ स्टोरी पर बेस्ड है। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक इसकी रिलीज डेट अनाउंस नहीं की है पर चर्चा है कि इसे इसी साल ओटीटी पर स्ट्रीम किया जाएगा।

तू लाख गिरा दे बिजली मुझपे, मैं तो सतरंग बनूं

रिलीज हुए इस मोशन पोस्टर के बैकग्राउंड में सुष्मिता सेन की आवाज सुनाई दे रही है। वो कह रही हैं 'तू मुश्किल दे दे भगवान, मैं आसान करूं... तू दे दे तकदीरें, मैं गुलिस्तां करूं... तू लाख गिरा दे बिजली मुझपे, मैं तो सतरंग बनूं... मैं ताली बजाती नहीं, बजवाती हूं।' मेकर्स ने जो मोशन पोस्टर रिलीज किया है उस पर लिखा है- गौरी सावंत जिन्होंने इंडिया के थर्ड जेंडर के लिए फाइट किया।

रणवीर ने शेयर किया वीडियो, राम चरण तृषा कृष्णन नजर आए

रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, राम चरण और तृषा कृष्णन पहली बार किसी प्रोजेक्ट में साथ नजर आ रहे हैं। हालांकि, अभी तक यह कन्फर्म नहीं है कि यह एक ऐड है या फिर फिल्म। रविवार को रणवीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया जो किसी ब्रांड के सिनेमैटिक एड जैसा लग रहा है। इस वीडियो में जहां दीपिका अपने मिसिंग हसबैंड को ढूंढ रही हैं, वहीं रणवीर एक डिटेक्टिव एजेंट के रोल में नजर आ रहे हैं। दोनों के अलावा इस वीडियो में राम चरण और तृषा कृष्णन भी नजर आ रहे हैं।

वीडियो की शुरुआत दीपिका पादुकोण से होती है जो पुलिस स्टेशन में अपने पति की मिसिंग कंप्लेंट लिखवा रही हैं। वहीं दूसरी तरफ रणवीर सिंह किसी गुमशुदा की तलाश करते हुए नजर आ रहे हैं। इसी बीच वेब सीरीज 'द फैमिली मैन' के चेल्लम सर भी नजर आते हैं। राम चरण भी एक आदमी का पीछा करते हुए नजर आते हैं। वीडियो के अंत में तृषा पुलिस स्टेशन के बाहर ख?ी किसी का इंतजार करती नजर आती हैं। इसी वीडियो को देखने के बाद फैंस उममीद जता रहे हैं कि यह एक फिल्म होगी। एक यूजर ने कमेंट किया, 'प्लीज कोई कह दो कि यह एक ऐड नहीं है।' वहीं एक यूजर ने लिखा, 'आप लोगों का साथ में एक भी सीन नहीं है पर फिर भी आपकी केमिस्ट्री रणवीर-आलिया से बेहतर है।

श्रीजिता ने बॉयफ्रेंड से जर्मनी के चर्च में की शादी

बिग बॉस 16 कंटेस्टेंट और टेलीविजन एक्ट्रेस श्रीजिता डे ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड माइकल ब्लोम पेप से शादी कर ली है। श्रीजिता ने सोशल मीडिया पर अपनी क्रिश्चियन वेडिंग की तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए श्रीजिता ने बताया कि उन्होंने जर्मनी के ब्रोस्टेल के चर्च में क्रिश्चियन रीति-रिवाज में शादी की।

शादी की फोटोज में श्रीजिता गॉर्जियस व्हाइट गाउन पहनी दिखीं जबकि माइकल ने ब्लैक कलर का सूट पहना हुआ है। फोटोज शेयर करते हुए उन्होंने लिखा- आज हम एक-दूसरे का हाथ पक?कर जन्मों-जन्मों के साथ की शुरुआत कर रहे हैं। इस फोटो पर सोशल मीडिया पर यूजर्स लगातार कमेंट कर रहे हैं। बिग बॉस 15 कंटेस्टेंट शिव ठाकरे ने एक्ट्रेस की फोटो पर लिखा- बधाई हो! एक्ट्रेस मोनालिसा, शालीन मल्होत्रा और नारायणी शास्त्री ने भी फोटो पर कमेंट कर कपल को बधाई दी।

शादी से पहले ईटाइम्स को दिए इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया था कि वो शादी में क्रिश्चियन वेडिंग में व्हाइट गाउन पहनने वाली हैं। उन्होंने कहा था- मैं शादी के लिए अपना खास ख्याल रख रही हूं। मैंने पिछले कुछ दिनों से अपने बाल कलर नहीं किए हैं। हम वेस्टर्न रीति-रिवाज में शादी करने वाले हैं। मैंने अपना गाउन भी फाइनल कर लिया है।

जर्मनी में शादी के बाद श्रीजिता और माइकल मुंबई में 17 जुलाई को जॉइंट रिसेप्शन पार्टी देंगे। इसके बाद कपल गोवा में बंगाली रीति-रिवाज में भी शादी कर सकता है। श्रीजिता और माइकल 2019 से डेट कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों मुंबई के एक रेस्तरां में पहली बार मिले थे। माइकल किसी फर्म में बिजनेस डेवलपमेंट का काम करते हैं। 2021 में माइकल ने श्रीजिता को प्रपोज किया था।

शाहरुख खान की जवान ने रिलीज से पहले बनाया रिकॉर्ड



शाहरुख खान इन दिनों अपनी फिल्म जवान को लेकर चर्चा में हैं। पठान को बॉक्स ऑफिस मिली शानदार सफलता के बाद से ही प्रशंसक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब हाल ही में फिल्म के म्यूजिक राइट्स को लेकर खबर सामने आई है, जिसे देखकर लग रहा है कि रिलीज से पहले ही फिल्म ने एक रिकॉर्ड बना लिया है। दरअसल, टी-सीरीज ने 36 करोड़ रुपये में जवान के म्यूजिक राइट्स खरीद लिए हैं।

जवान के म्यूजिक राइट्स को लेकर काफी समय से खबरें आ रही थीं और कई कंपनी इस खरीदना चाहती थी, लेकिन अब टी-सीरीज ने डील पक्की कर ली है। 36 करोड़ रुपये में टी-सीरीज के साथ हुई जवान की इस डील ने इंडस्ट्री के पिछले सभी रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। सामने आ रही रिपोर्ट्स के अनुसार, कहा जा रहा है कि इससे पहले इतने करोड़ की डील किसी भी फिल्म के लिए नहीं हुई है।

जवान का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है। टीजर की घोषणा होने के बाद से प्रशंसक बेहतरीन एल्बम आने की उम्मीद कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के निर्माता 7 जुलाई को टीजर रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। एटली के निर्देशन में बनी इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में शाहरुख बाप-बेटे के डबल रोल में दिखेंगे। उनके साथ फिल्म में नयनतारा और विजय सेतुपति भी शामिल हैं, वहीं दीपिका पादुकोण और संजय दत्त कैमियो करेंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म के वीएफएक्स के काम के चलते इसकी रिलीज डेट को आगे बढ़ाया गया था। फिल्म के निर्माता और निर्देशक इसमें कोई भी कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं इसलिए उन्होंने यह फैसला लिया था। पहले फिल्म 2 जून को रिलीज होने वाली थी तो अब यह फिल्म 7 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह शाहरुख की पहली पैन इंडिया फिल्म है, जो हिंदी समेत तमिल और तेलुगू भाषा में भी रिलीज हो रही है। शाहरुख ने पठान के साथ 4 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी की थी, जो ब्लॉकबस्टर साबित हुई। अब वह जवान के बाद डंकी में नजर आने वाले हैं, जिसका निर्देशन राजकुमार हिरानी कर रहे हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी तापसी पन्नू के साथ बनी है, जिसे पहली बार पर्दे पर देखने के प्रशंसक भी उत्सुक हैं। इसके अलावा वह टाइगर वर्सेज पठान का भी हिस्सा हैं, जिसमें अभिनेता का आमना-सामना सलमान खान से होगा।

सूर्या कर्ण से करेंगे बॉलीवुड में डेब्यू

तमिल सिनेमा के मशहूर अभिनेताओं में से एक सूर्या अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। अभिनेता को 2020 में आई फिल्म सोरारई पोटरु के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। इन दिनों सूर्या अपनी फिल्म कंगुवा की शूटिंग में व्यस्त चल रहे हैं तो अब खबर आ रही है कि अभिनेता बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं। अभिनेता की निर्देशक राकेश ओमप्रकाश मेहरा से कर्ण के लिए बातचीत चल रही है।

सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक, सूर्या और मेहरा बीते कुछ समय से कर्ण के लिए बातचीत कर रहे हैं। दोनों की बातचीत सही दिशा में भी आगे बढ़ रही है। ऐसे में सूर्या मेहरा के इस दो भाग वाले महाकाव्य का हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हैं। सूत्र के अनुसार, यह फिल्म महाभारत की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी, जिसमें सूर्या अपने करियर के सबसे जटिल किरदारों में से एक कर्ण की भूमिका निभाएंगे। सूत्र ने कहा, यह मेहरा का ड्रीम प्रोजेक्ट है और वह काफी समय से इस पर काम कर रहे हैं। निर्देशक और निर्माताओं का मानना है कि फिल्म भारत में बदलाव लाने की क्षमता रखती है क्योंकि आज तक किसी ने इतने जटिल नायक पर फिल्म नहीं बनाई है। सूत्र ने कहा, कर्ण के किरदार के लिए ऐसे अभिनेता की तलाश थी, जो एक से दूसरे क्षेत्र में आसानी से ढल जाए और सूर्या से बेहतर कौन हो सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कर्ण पैन इंडिया फिल्म होगी, जिसे कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा और इसके 2024 में फ्लोर पर जाने की उम्मीद है। सूत्र के अनुसार, मेहरा ने फिल्म के लिए खाका पहले ही तैयार कर रखा है और अब इसे सही से अमल में लाने की देरी है। सूत्र ने कहा, मेहरा के साथ सूर्या कई बैठक कर चुके हैं और उनका मानना है कि कर्ण उनके लिए बॉलीवुड में शुरुआत करने के लिए सही साबित होगी। सूर्या के अलावा साउथ के कई सितारे बॉलीवुड में डेब्यू के लिए तैयार हैं तो कुछ ने बीते साल ही हिंदी सिनेमा में कदम रखा था।

मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड ने सेबी के पास फाइल किया ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस

नई दिल्ली। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए महिला ग्राहकों को माइक्रो लोन प्रदान करने वाली माइक्रोफाइनेंस कंपनी मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है।

मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड 31 दिसंबर, 2022 तक सकल ऋण पोर्टफोलियो के मामले में भारत में चौथा सबसे बड़ा एनबीएफसी-एमएफआई है और सकल ऋण पोर्टफोलियो के मामले में दक्षिण भारत में एनबीएफसी-एमएफआई के बीच तीसरा सबसे बड़ा है। एमएफआई बाजार हिस्सेदारी के मामले में केरल में सबसे बड़ा और 31 दिसंबर, 2022 तक लगभग 16 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ तमिलनाडु में एक प्रमुख खिलाड़ी है।

कंपनी कुल मिलाकर रु. 1350 करोड़ रुपए तक का फंड जुटाने की योजना बना रही है। इसके लिए प्रत्येक 10 रुपए अंकित मूल्य के इक्विटी शेयर जारी करके आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से फंड जुटाया जाएगा। इसमें 950 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू शामिल है। साथ ही, कंपनी द्वारा कुल मिलाकर 400 करोड़ रुपए तक के सेलिंग शेयरहोल्डर्स की बिक्री का प्रस्ताव भी शामिल है।

इक्विटी शेयरों के ऑफर फॉर सेल में कुल मिलाकर ये शेयर शामिल हैं- थॉमस जॉन मुथूट द्वारा 70 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयर, थॉमस मुथूट द्वारा 70 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयर, थॉमस जॉर्ज मुथूट द्वारा 70 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयर, प्रीति जॉन मुथूट द्वारा 30 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयर, रेमी थॉमस द्वारा 30 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयर, नीना जॉर्ज द्वारा 30 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयर और ग्रेटर पैसिफिक कैपिटल डब्ल्यूआईवी लिमिटेड द्वारा 100 करोड़ रुपए तक के इक्विटी शेयर और सेलिंग शेयरधारकों द्वारा पेश किए गए ऐसे इक्विटी शेयर।

आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

11 भाषाओं में रिलीज होगी हनुमान, सामने आई रिलीज की तारीख

तेलुगु फिल्म हनुमान का टीजर करीब 6 महीने पहले आया था। हनुमान से प्रेरित इस फिल्म की रिलीज तारीख का दर्शक इंतजार कर रहे थे। शनिवार को फिल्म की रिलीज तारीख की घोषणा कर दी है। घोषणा होते ही इसकी चर्चा सोशल मीडिया पर छा गई। खासकर, बीते दिनों फिल्म आदिपुरुष में हनुमान के चित्रण की आलोचना होने के बाद, इस खबर ने सबका ध्यान खींचा। निर्माताओं ने मुख्य कलाकार तेजा सज्जा के एक पोस्टर के साथ रिलीज डेट बताई।

हनुमान अगले साल मकर सक्रांति के मौके पर दर्शकों के बीच आएगी। यह 12 जनवरी, 2024 को रिलीज होगी। हनुमान के किरदार और पौराणिक कहानियों से प्रेरित यह एक सुपरहीरो फिल्म है। फिल्म हनुमान नाम के एक काल्पनिक किरदार की कहानी है। इसकी पृष्ठभूमि अंजनाद्री नाम के गांव पर आधारित है। फिल्म 11 भाषाओं में रिलीज होगी। इस फिल्म के साथ निर्देशक प्रशांत वर्मा अपने सिनेमैटिक यूनिवर्स की शुरुआत कर रहे हैं। फिल्म में तेजा सज्जा मुख्य भूमिका में हैं। उनके साथ अमृता अय्यर सक्रीन साझा करती नजर आएंगी। इनके अलावा वारा लक्ष्मी शरत कुमार, राज दीपक शेट्टी, विनय राय भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म वीएफएक्स से भरपूर होगी। इसका नमूना 6 महीने पहले आए फिल्म के टीजर में देखने को मिला था। पहले यह फिल्म इस साल के मध्य में रिलीज होने वाली थी, लेकिन वीएफएक्स के काम को और समय देने के लिए इसे आगे बढ़ाया गया था। बता दें पहले प्रभास की फिल्म प्रोजेक्ट के भी अगले साल जनवरी में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, इसकी रिलीज को आगे बढ़ा दिया गया है। प्रोजेक्ट के भी पौराणिक कहानी से प्रेरित साइंस फिक्शन फिल्म है। इसमें प्रभास के साथ दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन जैसे कलाकार नजर आएंगे। वीएफएक्स से भरपूर इस फिल्म को भारत की अब तक की सबसे महंगी फिल्म बताया जा रहा है।

बीते दिनों आई फिल्म आदिपुरुष के चर्चा में होने के बाद से पौराणिक कहानियों पर आधारित फिल्में दर्शकों का खास ध्यान खींच रही हैं। आदिपुरुष रामायण पर बनी थी, जिसकी किरदारों के चित्रण के लिए उसकी खूब आलोचना हुई। इन दिनों नितेश तिवारी की रामायण चर्चा में है।

पीसीबी ने मांगी वर्ल्ड कप के लिए भारत जाने की अनुमति

इस साल के आखिरी में भारत में होने वाले क्रिकेट विश्व कप में पाकिस्तान की टीम हिस्सा लेगी या नहीं, यह जल्द स्पष्ट हो जाएगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सरकार को चिट्ठी लिखकर टीम को भारत भेजे की अनुमति मांगी है। क्रिकेट विश्व कप के लिए आईसीसी ने शेड्यूल जारी कर दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 15 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाना है।पाकिस्तान ने ड्राफ्ट शेड्यूल पर आपत्ति दर्ज करवाई थी। टीम अहमदाबाद में नहीं खेलना चाहती थी, लेकिन आईसीसी और बीसीसीआई ने सभी आपत्तियां खारिज कर दी। वहीं पाकिस्तान इसलिए भी बौखलाया हुआ है कि भारत ने एशिया कप खेलने के लिए पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया था।इसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट के जानकार कह रहे थे कि यदि भारत क्रिकेट खेलने यहां नहीं आता है तो पाकिस्तान की टीम को भी भारत नहीं जाना चाहिए। तब से यह पक्का नहीं है कि पाकिस्तान टीम वर्ल्ड कप खेलने भारत आएगी या नहीं।पीसीबी के मुताबिक, विश्व कप कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद हमने प्रधानमंत्री मुहम्मद शहबाज शरीफ के साथ ही विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय चिट्ठी लिखकर टीम को भारत भेजने की अनुमति मांगी है।सरकार से अनुमति मिलने के बाद पाकिस्तान एक सुरक्षा दल भारत भेज सकता है। पाकिस्तान चाहता है कि टीम की सुरक्षा में कोई कोताही न बरती जाए। यही कारण है कि पहले एक एक्सपर्ट टीम भेजी जाएगी।

बिंद्रा ने लॉज़ेन डायमंड लीग जीत की नीरज को दी बधाई

नई दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को डायमंड लीग के लुसाने चरण में सीजन की लगातार दूसरी जीत दर्ज करने पर बधाई दी है। अनुराग ठाकुर ने ट्वीट किया, नीरज धमाकेदार वापसी कर रहे हैं। अपने 5वें प्रयास में 87.66 मीटर के विशाल थ्रो के साथ, नीरज ने एक और डायमंड लीग इवेंट में अपना दबदबा बनाया और लॉज़ेन डायमंड लीग में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। मांसपेशियों की चोट के बाद ब्लॉकबस्टर वापसी करने और भारत को फिर से गौरवान्वित करने के लिए हमारे टॉप स्कीम एथलीट को अभूतपूर्व प्रयास के लिए बधाई। बधाई हो, चैंपियन!इस बीच, अभिनव बिंद्रा ने लिखा, लॉज़ेन डायमंड लीग में अविश्वसनीय जीत पर नीरज चोपड़ा को बहुत-बहुत बधाई! आपकी जीत आपके अटूट लचीलेपन और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है, खासकर चोट से वापसी के बाद। पिछले महीने प्रशिक्षण के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव के कारण, 25 वर्षीय भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी ने पहले तीन शीर्ष स्पर्धाओं को छोड़ दिया था।

वेस्टइंडीज ने माइल्स को नया निदेशक नियुक्त किया

तीन साल के अनुबंध पर पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर माइल्स बासकोम्बे को क्रिकेट के नए निदेशक के रूप में नियुक्त किया है। एंटीगुआ के कूलिज क्रिकेट ग्राउंड में निदेशक मंडल की बैठक में लिए गए निर्णय में, बासकोम्बे जिमी एडम्स से क्रिकेट निदेशक का पद संभालेंगे, जो पिछले छह वर्षों से इस भूमिका में थे। बासकोम्बे 1 अगस्त से अंतरिम क्रिकेट निदेशक के रूप में अपनी नई भूमिका ग्रहण करेंगे।क्रिकेट निदेशक की भूमिका में बदलाव ऐसे समय में आया है जब वेस्टइंडीज की टीम जिम्बाब्वे में चल रहे क्वालीफायर टूर्नामेंट में संघर्ष कर रही है, जिससे उनका भारत में होने वाले पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना भी मुश्किल लग रहा है।

बासकोम्बे ने एक बयान में कहा, वेस्टइंडीज क्रिकेट एक महत्वपूर्ण चरण में है और प्रदर्शन में सुधार की तत्काल आवश्यकता है। हमने एक केंद्रीय उच्च-प्रदर्शन प्रणाली स्थापित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है जिसे अब हमारे सभी क्षेत्रों में लागू करने की आवश्यकता है। मैं सीडब्ल्यूआई की वरिष्ठ नेतृत्व टीम के सदस्य के रूप में और प्रादेशिक बोर्डों के साथ मिलकर आवश्यक सुधार लाने के लिए काम करने के लिए उत्सुक हूं, मुझे विश्वास है कि विश्व स्तरीय मानकों को प्राप्त करने के आधार पर एक मजबूत प्रणाली को लागू करने से और अधिक सफलता मिलेगी। 37 वर्षीय बासकोम्बे ने 2011 में वेस्टइंडीज के लिए एक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला है और 2007 और 2017 के बीच विंडवर्ड द्वीप समूह और संयुक्त परिसरों और कॉलेजों दोनों के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला है। वह बैचलर और मास्टर दोनों डिग्री के साथ वेस्ट इंडीज विश्वविद्यालय से स्नातक हैं और एक प्रमाणित कोच हैं। बासकोम्बे, जो 2019 और 2021 के बीच सीडब्ल्यूआई पुरुष चयनकर्ता थे, पिछले दो वर्षों में विंडवर्ड आइलैंड्स क्रिकेट बोर्ड में तकनीकी निदेशक रहे हैं।

न्यूज गैलरी

डबरी में मिली युवती की लाश, हत्या की आशंका

बलौदा बाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में रविवार की सुबह युवती की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। पलारी थाना क्षेत्र के तहत ग्राम कोडिया के मुक्तिधाम 26 वर्षीय युवती का शव मिला। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में बताया जा रहा है कि युवती की हत्या की गई है। शव दो से तीन दिन पुराना होने की बात भी कही जा रही है। वहीं पुलिस मृतका की शिनाख्ती का प्रयास कर रही है। पलारी पुलिस मिली जानकारी के मुताबिक युवती का शव गांव के मुक्तिधाम के पास छोटे से गड्ढे के पास पड़ा मिला है। शव दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। युवती ने काले रंग का जींस ओर काला टी शर्ट पहनी थी। पुलिस को शव के पास एक कपड़े का बैग भी मिला। यही नहीं मृतका के हाथ का आधा हिस्सा कुत्तों ने खा लिया। यहीं नहीं मौके से पुलिस को युवती को घसीटे जाने के निशान मिले हैं। रविवार सुबह खेतों में जा रहे लोगों में से एक डबरी की ओर गया। यहां बदबू आने पर वह पास जाकर देखा तो युवती का शव पड़ा हुआ था।

शरीर पर चोट के निशान : शव मिलने की सूचना के बाद मौके पर पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम भी पहुंची। लड़की का शव औंधे मुंह जमीन पर पड़ा था। पुलिस के मुताबिक मृतक युवती की उम्र 25 से 28 के बीच की हो सकती है। मृतका के शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले। सिर पर किसी भारी चीज से मारने के निशान भी हैं। पुलिस मानना है कि युवती की पत्थर से सिर कुचलकर हत्या की गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद तस्वीर और भी साफ हो जाएगी।

कार की टक्कर से अधेड़ की मौत

जाजगीर/नवप्रदेश। जांगजीर-चांपा में शनिवार देर रात कार की टक्कर से एक अधेड़ की मौत हो गई। अधेड़ सड़क पार कर रहा था, इसी दौरान कार ने टक्कर मार दी। इसके चलते वह उछलकर सड़क किनारे गिरा और सिर पर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।हादसा होते देख गुस्साए लोगों ने शव रखकर जाम लगा दिया। इसके चलते नेशनल हाईवे-49 करीब दो घंटे तक बंद रहा। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई और किसी तरह से ग्रामीणों को समझाया गया। हादसा अकलतरा थाना क्षेत्र में हुआ है।

टक्कर मारकर भागे : अमरताल गांव निवासी राज कुमार यादव (45) का रायपुर-रायगढ़ को जोड़ने वाले हा। 49 के किनारे घर है। राजकुमार एबीके कंपनी में काम करता था। वह शनिवार रात करीब 9 बजे पैदल ही घर जा रहा था। घर के पास पहुंचते ही वह हाईवे पार करने लगा। तभी जांजगीर की ओर से जा रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही राजकुमार यादव सड़क किनारे जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। इसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने रायपुर-रायगढ़ रोड पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। उन्होंने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे मुआवजे के साथ आश्रित को प्लांट में नौकरी दिलाए जाने की मांग करते रहे। जाम के चलते कई वाहन वहां फंस गए। इस बीच अकलतरा के प्रशासनिक अधिकारी, एसडीएम और तहसीलदार भी पहुंच गए। उन्होंने परिजनों को 25 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की। वहीं एबीके प्लांट ने नौकरी देने की बात कही, जिसके बाद जाम खत्म हुआ।

हाइवा ने स्कूटी सवार को कुचला

रायपुर/नवप्रदेश। राखी थाना क्षेत्र के तेंदुआ मशरूम बाड़ा के निकट एक तेज रफ्तार हाइवा ने स्कूटी सवार युवक को कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। सूत्रों ने बताया कि तेंदुआ मशरूम बाड़ी चौक नाला के पास एक तेज रफ्तार हाइवा ने स्कूटी सवार युवक को कुचल दिया, जिससे स्कूटी सवार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। स्कूटी सवार युवक की पहचान मृतक हितेश कुमार कतलम के रूप में की गई है। मृतक अपनी सकूटी से नवा रायपुर लौट रहा था कि तभी यह हादसा हो गया। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला। पुसिल ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है।

मामूली बात पर युवक से मारपीट

रायपुर/नवप्रदेश। समय पर सामान वापस नहीं करने पर किराया भंडार के संचालक ने युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राहुल गुप्ता 28 वर्ष झंडा चौक संजयनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी पिंटू सोनू किराया भंडार का संचालक है। प्रार्थी ने आरोपी के पास से कुछ सामान किराया में लेकर गया था, जिसे समय पर वापस नहीं करने पर आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। भनपुरी स्थित जूटमिल के पास चार युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते अधेड़ से गाली-गलौज कर मारपीट किया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी वीरसिंह वर्मा 52 वर्ष रामेश्वर नगर भनपुरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी कल शाम जूटमिल के तरफ गया था, तभी आरोपी विरेन्द्र रात्रे, आकाश, शुभम वर्मा व संजय ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

फ्रीजर में मिला गौमांस, मां-बेटे की पिटाई

कोरबा/नवप्रदेश। एक व्यक्ति के घर गौमांस की बिक्री किए जाने की खबर मिलने से नाराज कुछ हिंदुवादी लोग घर का घेराव कर दिए। घर के अंदर डीप फ्रीजर में मटन की तरह काट कर रखे गए गौमांस मिलने पर लोगों का गुस्सा भड़क गये। घर का मुखिया मौके पर मौजूद नहीं था, उसकी पत्नी व बेटे पर ही नाराज लोगों ने गुस्सा निकालना शुरू कर दिया। कुछ समझदार लोगों ने किसी तरह बीच बचाव किया, तब तक पुलिस की टीम पहुंच गई। शहर के मोतीसागर पारा में रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा गौमांस बेचे जाने की सूचना क्षेत्र के लोगों को मिली। इसके बाद जुटी भीड़ उसके घर जा पहुंची और अंदर प्रवेश करने का प्रयास किए लेकिन घर के मुखिया की पत्नी व बच्चे दरवाजे पर ही लोगों को रोकने लगे। इसकी वजह से विवाद की स्थिति निर्मित हुआ। नाराज लोगों ने महिला को खींच कर पिटाई शुरू कर दी। बीच बचाव करने उसका पुत्र आया, तो उसके साथ भी मारपीट की गई। इस बीच यहां पुलिस पहुंच गई और घर की तलाशी लीए तो डीप फीजर में काट कर रखा गया गौमांस मिला। लोगों ने पुलिस को बताया कि इमलीडुग्गू में भी गोदाम है, जहां गाय के अवशेष भंडारित करके रखा गया है। पुलिस वहां भी पहुंची, तो देखा को काफी मात्रा में गाय की चमड़ी और हड्डियां रखी हुई थी। लोगों का आरोप था कि यहां भी महानगर की तर्ज पर होटलों में गौमांस की आपूर्ति की जा रही। कोतवाली टीआइ निरीक्षक रूपक शर्मा का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही, इसके बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। मांस और खाल के परीक्षण के लिए पशु चिकित्सा विभाग का सहयोग लिया जाएगा। पुलिस को जांच में पता चला है कि सड़क दुर्घटना में एक गाय की मौत हो गई थी। उसे दफनाने की जिम्मेदारी मोतीसागर पारा में रहने वाले उस व्यक्ति को दी गई थी, जिसके घर यह बवाल हुआ। आशंका जाहिर की जा रही है कि गाय को दफनाने की जगह वह घर ले गया और मांस काट कर फ्रीजर में रख दिया। इस पूरे घटनाक्रम की पुष्टि करने के लिए पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं लोगों का कहना है कि यह व्यक्ति हसदेव नदी के किनारे गाय का मांस काटने का काम पिछले कई माह से कर रहा था। वर्षा होने की वजह से वह घर ले गया और उसकी पोल खुल गई।

रेत का अवैध खनन, कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति

खरोर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन ने 15 जून से नदियों से रेत खनन और परिवहन पर प्रतिबंध लगाया है। इसके बाद भी रेत माफिया आरंग के घाट से अवैध रेत खनन और परिवहन कर है। वही मामले में संज्ञान लेने की जगह जिम्मेदार चुपचाप बैठे के हुए है। इन दिनों आरंग विधानसभा के समोदा, चपरीद में धड़ल्ले से अवैध रेत खनन और परिवहन किया जा रहा है। बता दें कि माफिया प्रतिदिन 50 ट्रैक्टर रेत का खनन करते हैं। इसके लिए वे 12 से 15 ट्रैक्टर का उपयोग कर रहे है। अवैध रेत रेत को माफिया 2000 या उससे अधिक रुपए में बेच रहे हैं। साथ ही रेत का भंडारण भी किया जा रहा रहा है, ज़ ताकि बारिश दिनों में इसे ऊंचे दामों में इसे बेक इसे बेचा जा सके। बता दें कि मामले की जानकारी ग्रामीणों ने संबंधित इसके बाद भी वे चुप्पी साधे साधे बैठे हैं और रेत माफियाओं पर पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है। बारिश के पहले अवैध रेत खनन और परिवहन की गतिविधियां बढ़ जाती है, क्योंकि बारिश के दिनो में रेत की उपलब्धता में कमी आती है।

अफसर व माफिया मिलकर ले रहे लाभ : ग्रामीण

ग्राम पंचायत हरदी गोवरी और कि खनिज विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और रेत माफिया की मिलीभगत से क्षेत्र में अवैध रेत खनन और परिवहन हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र में रात 9 बजे से लेकर सुबह 5 बजे तक रेत का अवैध खनन किया जाता है।

कई जगहों पर रेत का भंडारण

रेत माफिया मस्तूरी क्षेत्र के ग्राम विभाग के अधिकारियों को दी थी। फरहदा, चपरीद, स्मोदा, गोढ़ी, मढ़ी, बुडगहन मे ट्रैक्टर के सहायता से 50 ट्रैक्टर रेत रोजाना परिवहन कर माफिया इसका भंडारण भी कर रहे है, ताकि जब रेत की कमी हो तो इसे ऊंचे दामों में बेंच सके। बारिश के पहले रेत के दाम 7-8 हजार रूपये एक हाइवा रेत के दाम थे वहीं दो दिनों की बारिश और वैध रेत घाट बंद होने के कारण रेत के दाम अभी 11-13 हजार रूपये प्रति हाइवा हो गया हैं.

मामले की शिकायत

आरंग क्षेत्र में अवैध रेत खनन और परिवहन से परेशान होकर ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से मामले की शिकायत कलेक्टर से की थी। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया था कि मामले की शिकायत करते के भी खनिज विभाग के अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे है।

मनोबल बढ़ा

आरंग, खरोरा और तिल्दा के आस पास गावों मे रेत खेत मे डंप की जा रही है और किसीको अधिकारियो का डर भी नहीं है । 45 ट्रैक्टर जप्त की गए कार्यवाही ही रही है।

खनिज इस्पेक्टर राहुल गुलाटी ने कहा रेत का परिवहन करते हुए 45 ट्रैक्टर जप्त किए गए हैं। 5 जून के बाद से नदियों से रेत खनन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जो लोग इसका पालन नहीं करा रहे हैं ,उनके खिलाफकार्रवाई की जाएगी।

सूरज की बादलों में लुकाछुपी से बढ़ी उमस

- तापमान बढ़ते ही खेती की जमीन सूखने लगी

मुंगेली/नवप्रदेश। बारिश के थमते ही तापमान बढ़ गई है। सूरज की बदलों में लुकाछुपी शुरू हो चुकी। जिससे हल्की उमस का एहसास हो रहा है। कूलर और एसी की पुनः जरूरत पड़ने लगी है। दूसरी ओर खेतों में भरा पानी तेजी से घट रहा है। जिससे खेत की जमीन लगातार सूखी हो रही है। मौसम साफ रहा तो आने वाले दो-तीन दिनों में बोनी का काम जोर पकड़ लेगी। जिले में मानसून का आगमन 23 जून को हुआ। जिले में 1 जून से अब तक 237.3 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। मुंगेली तहसील में 1 जून से अब तक 171.5 मिली मीटर, पथरिया तहसील में 304.3 मिली मीटर, लोरमी तहसील में 248.5 मिली मीटर तथा लालपुर थाना तहसील में 225 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। दस साल के बारिश का रिकार्ड देखें तो इस साल जून के आखिर हफ्ते में पिछले दस सालों में सबसे अधिक बारिश हुई है। 23 से 30 जून के बीच जिले में 237.3 मिमी बारिश दर्ज की गई। तीन दिन तक मूसलाधार और फिर रुक-रुककर हुई बारिश के बावजूद जिले के प्रमुख जलाशयों में जलभराव की स्थिति नहीं बदली। जलसंसाधन विभाग के अफसरों के मुताबिक भीषण गर्मी के बाद तीन-चार दिन की बारिश बांध के लिए कुछ खास नहीं है। तीन दिन तक लगातार बारिश होने के बाद चैथे दिन धूप खिली। शुक्रवार को अधिकतम तापमान में चार डिग्री की वृद्धि हुई। न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उमस बढ़ने से लोगों को परेशानी हुई। जिस तरह से बारिश के दौरान पूरा वातावरण ठंडा हो गया। दिन का अधिकतम तापमान गिरकर 25 डिग्री तक आ गया था। बारिश के थमते ही तापमान 9 डिग्री बढ़ गई। वहीं, न्यूनतम तापमान में भी 3 डिग्री की बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। इससे हल्की उमस का एहसास हो रहा है। दूसरी ओर खेतों में भरा पानी तेजी से घट रहा है। जिससे खेत की जमीन लगातार सुखी हो रही है और मौसम साफ रहा तो आने वाले दो-तीन दिनों में किसानी की रफ्तार जोर पकड़ लेगी। जिले में तीन दिन पहले जमकर बारिश होती रही है। इस दौरान 237.3 मिमी तक बारिश हो चुकी। अब बारिश थम चुकी है और इसी के साथ ही धूप और बदली का लुकाछुपी भी शुरू हो चुकी। आने वाले कुछ दिनों तक लगातार वर्षा पर ब्रेक रहेगा। अब अगले सप्ताह से ही बारिश होने की संभावना है। जिससे अधिकतम तापमान में 9 डिग्री तक वृद्धि हो गई है। तापमान में यह वृद्धि 37 डिग्री तक जा सकती है। फिलहाल जिले का तापमान 34 डिग्री तक स्थिर है। इससे हल्की गर्मी के साथ उमस का एहसास जरूर हो रहा है। लेकिन, तापमान में ज्यादा उतार-चढ़ाव नहीं होने से राहत भी मिल रही है। वही खेती के लिये यह सबसे उपयुक्त समय है। जो किसान पहले खुर्रा बोनी कर चुके है। जमीन में नमी और वातावरण में गर्मी के कारण धान के बीज में जल्दी से अंकुरण हो जाएगा। वही जोता, रोपाई एवं लईया-चोपी तीनों प्रकार पद्धति से बोवनी करने के लिए यह उपयुक्त समय है।

ज्वेलर्स दुकान से जेवर चोरी, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। सदर बाजार कोतवाली स्थित कंगन ज्वेलर्स दुकान से सोने की चैन एवं लॉकेट चोरी करने वाले आरोपी कृष्ण आनंद पाण्डेय को गिरफ्तार किया गया है. जानकारी के मुताबिक राजेश सोनी ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह सदर बाजार कोतवाली रायपुर में स्वयं के मकान में सपरिवार निवास करता है तथा मकान के भू-तल में प्रार्थी का कंगन ज्वेलर्स नाम से सोने-चांदी का दुकान है। दिनांक 29.06.23 की रात्रि करीबन 09:45 बजे प्रार्थी की दुकान में एक लड़का आकर मुझे सोने का चैन खरीदना है कहकर चैन दिखाने बोला जिस पर प्रार्थी लड़का को 04 नग सोने का चैन दिखाया। कुछ देर बाद लड़का ने बोला कि मुझे सोने का लॉकेट भी चाहिये, कि प्रार्थी उसे सोने का लॉकेट दिखाया, फिर लड़का सोने की एक चैन में लॉकेट को लगाकर पहनकर देखने लगा एवं लड़का प्रार्थी को और चैन दिखाने कहा तो प्रार्थी काउंटर में झुककर चैन निकालने लगा, इसी दौरान लड़का सोने की चारों चैन एवं सोने का 01 नग लॉकेट को चोरी कर दुकान से फरार हो गया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। एनएच-30 भटगांव ओव्हरब्रीज के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से पिकअप सवार महिला की मौत हो गई। वहीं 39 लोगों को चोट आई है। मामले में माना पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका कल्याणी निषाद पति संतू निषाद 45 वर्ष ग्राम बुड़ेनी मगरलोड की रहने वाली थी। बताया जाता है कि मृतिका सहित अन्य 39 लोग पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 10 बीएच 5139 से जा रही थी। तभी एनएच-30 भटगांव ओव्हरब्रीज के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे कल्याणी की मौत हो गई। वहीं 39 लोग घायल हो गए जिसे उपचार के लिए भर्ती किया गया है। वहीं पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

प्रेमी के लिए पति को छोड़ा फिर बेटे की चढ़ा दी बलि

रायपुर/सूरत/नवप्रदेश। मूलतः छत्तीसगढ़ के बस्तर की रहने वाली महिला ने अपने प्रेमी के साथ रहने के लिए जो काम किया वह जानकर आप अंदर से हिल जाएंगे. महिला ने अपने ढाई साल के बच्चे की गला दबाकर हत्या करने के बाद लिफ्ट के बेसमेंट में बने गड्ढे में फेंक दिया. हत्या का रहस्य उजागर होने के बाद भी महिला में शर्मिंदगी नजर नहीं आई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ की रहने वाली 22 वर्षीय नैना सुखनंदन मंडावी सूरत में निर्माणस्थल पर काम करती है. पिछले दो साल से वह अपनी मां सुमन और ढाई साल के बेटे वीर उर्फ भोंदू के साथ निर्माणस्थल पर रह रही थी. 28 जून को डिंडोली पुलिस स्टेशन में सूचना दी कि उसका बेटा 27 जून की दोपहर को खेलते समय लापता हो गया है. डिंडोली पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी. हालांकि, पुलिस को नैना पर संदेह था, जो बीते दो साल से अपने पति से अलग रह रही थी।

अन्य श्रमिकों से नैना के प्रेमी का पता चलने पर पुलिस ने अलग-अलग तरीकों से उससे पूछताछ की तो आखिरकार उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया. उसकी निशानदेही पर पुलिस ने बच्चे का शव भी बरामद कर महिला को गिरफ्तार किया. बच्चे के शव को सामने देखने के बाद भी महिला की आंखों से एक आंसू नहीं था. इसके साथ ही जब कड़ी पूछताछ पुलिस कर रही थी. तब भी वह यही बोल रही थी कि मुझे मार से डर नहीं लगता मुझे पीटने की आदत है। जानकारी के अनुसार, मां ने अपने ढाई साल के बेटे को इसलिए मौत के घाट उतार दिया, क्योंकि उसे अपने प्रेमी के साथ रहना था. पांच साल पहले महिला की शादी हुई थी. शादी से पहले ही महिला का प्रेम प्रसंग चल रहा था. दो साल पहले पति से मन मुटाव होने के बाद उसे छोड़कर अपनी मां और बेटे के साथ सूरत आ गई थी. इसके साथ ही पूर्व प्रेमी के साथ उसने घर बसाने के लिए बात कही, लेकिन बच्चे की वजह से उसके प्रेमी व उसके परिजनों ने मना कर दिया था. प्रेमी को पाने के लिए उसने बेटे की गला घोंटकर हत्या कर दी।

नशे के काले कारोबार पर पुलिस का शिकंजा

- गांजा और नशीली टेबलेट के साथ 4 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर। पुलिस ने नशे के काले कारोबार पर ताबड़तोड़ कार्यवाही कर गांजा और नशीली टेबलेट के साथ 4 आरोपी को गिरफ्तार किया है. जानकारी के मुताबिक थाना माना के अपराध क्रमांक 198/23 धारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट के प्रकरण में थाना माना क्षेत्रांतर्गत माना मोड़ डुमरतराई पास दोपहिया वाहन में गांजा बिक्री करते आरोपी सन्नी उर्फ शोभा लाल जलछत्री पिता शंकर लाल जलछत्री उम्र 36 साल निवासी नयापारा महासमुंद वार्ड नं. 06 थाना सिटि कोतवाली जिला महासमुंद हाल पता बनरसी नहर पुल के पास थाना माना रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 02 किलो ग्राम गांजा तथा घटना में प्रयुक्त 01 नग दोपहिया वाहन जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। थाना पण्डरी के अपराध नारकोटिक्स एक्ट के प्रकरण में थाना पण्डरी क्षेत्रांतर्गत मोवा ओव्हर ब्रीज के नीचे गांजा बिक्री करते आरोपी मनोज पाल पिता कृपाराम पाल उम्र 38 साल निवासी साहू कॉम्पलेक्स के पीदे प्रेमनगर मोवा पण्डरी रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलो 500 ग्राम गांजा जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। थाना गोलबाजार में नारकोटिक्स एक्ट के प्रकरण में थाना गोलबाजार क्षेत्रांतर्गत यूनियन क्लब के पास लोहार गली में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट बिक्री करते आरोपी शेख साजिद पिता शेख अनवर उम्र 25 साल निवासी संजय नगर टिकरापारा रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 105 नग नाईट्रोसन प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। थाना मंदिर हसौद के अपराध नारकोटिक्स एक्ट के प्रकरण में थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत छेरीखेड़ी स्थित हनुमान मंदिर के पास गांजा बिक्री करते आरोपी कामेश यादव पिता प्रहलाद यादव उम्र 25 साल निवासी छेरीखेड़ी हनुमान मंदिर के पास थाना मंदिर हसौद रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 02 किलो ग्राम गांजा जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। गिरफ्तार आरोपी- 01. सन्नी उर्फशोभा लाल जलछत्री पिता शंकर लाल जलछत्री उम्र 36 साल निवासी नयापारा महासमुंद वार्ड नं. 06 थाना सिटि कोतवाली जिला महासमुंद हाल पता बनरसी नहर पुल के पास थाना माना रायपुर 02. मनोज पाल पिता कृपाराम पाल उम्र 38 साल निवासी साहू कॉम्पलेक्स के पीदे प्रेमनगर मोवा पण्डरी रायपुर 03. शेख साजिद पिता शेख अनवर उम्र 25 साल निवासी संजय नगर टिकरापारा रायपुर। 04. कामेश यादव पिता प्रहलाद यादव उम्र 25 साल निवासी छेरीखेड़ी हनुमान मंदिर के पास थाना मंदिर हसौद रायपुर।

अचानकमार में बाघों की संख्या हुई 8, 2 मादा शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। अचानकमार टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने दावा किया है कि यहां बाघों की कुल संख्या 8 हैं, जिनमें 2 मादा हैं। एक अन्य बाघ कान्हा टाइगर रिजर्व से अक्सर आता है। अचानकमार में बाघों की संख्या को लेकर वन विभाग संदेह के घेरे में रहा है। यहां भ्रमण करने वाले पर्यटकों को प्रायः बाघ दिखते ही नहीं हैं। पर इस बार वन विभाग ने ट्रैप कैमरों में कैद तस्वीरों के जरिये बाघों की उपस्थिति को लेकर दावा किया है। इसके मुताबिक एकेटी 2 नाम की मादा बाघिन की तस्वीर 16 फरवरी, 3 मार्च, 26 मार्च, 10 मई और 27 मई को कैमरे में कैद की गई है। एक अन्य मादा एकेटी 8 5 फरवरी, 26 फरवरी, 5 मार्च, 12 मई व 19 फरवरी को देखी गई। नर बाघ एकेटी 9 को 26 फरवरी, 17 फरवरी, 20 फरवरी, 1 अप्रैल व 25 मई को कैमरे में देखा गया है। मादा एकेटी 13 को 25 फरवरी को कैमरे में देखा गया। मादा एकेटी 114 को 3 मार्च, 11 मई, 14 मई और 16 फरवरी को कैमरे में कैद किया गया। नर एकेटी 5 को 6 दिसंबर को तथा मादा एकेटी 16 को 29 मई को कैमरे में कैद किया गया। एकेटी मादा 17 को 6 जून तथा 11 जून को कैमरे में ट्रैप किया गया है। इनके अलावा कान्हा अभयारण्य का एक टाइगर टी 100 भी यहां लगातार विचरण करने आता है, जो कई बार कैमरे में कैद हुआ है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। पंजाब तड़का ढाबा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। मामले में तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक उपेन्द्र कुमार वर्मा 38 वर्ष ग्राम कनकी खरोरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि मृतक पंजाब तड़का ढाबा के पास जा रहा था, तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उपेन्द्र को ठोकर मार दिया। जिससे घायल उपेन्द्र का अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।